CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 10°C

मुरादाबाद, मंगलवार 25 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 101 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 3 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




यूपी के 75 जिलों में थाना स्तर पर घुसपैठियों की पहचान के निर्देश पेज 2




प्रांजलि धूमल ने डेफलंपिक्स में 25 मी. पिस्टल में जीता गोल्ड खेल टाइम्स



पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच एसआईआर सम्पादकीय



परमाणु हथियारों की तस्करी कर रहे थे अब्दुल कादिर पेज 12



# बॉलीवुड के ही-मैन धर्मेंद्र का निधन

## विले पार्ले श्मशान घाट में हुआ अंतिम संस्कार, पत्नी हेमा और बेटी ईशा थीं मौजूद

**मुंबई।** बॉलीवुड के 'ही-मैन' धर्मेंद्र का सोमवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। धर्मेंद्र ने सोमवार दोपहर अपने घर पर अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

उन्होंने 12 नवम्बर को ही ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से परिवार के कहने पर डिस्चार्ज किया गया था। इसके बाद से घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार विले पार्ले श्मशान भूमि में हुआ, जिसमें सलमान खान, संजय दत्त, अमिताभ बच्चन, आमिर खान समेत कई



**■ अमिताभ, सलमान, शाहरुख खान व संजय दत्त भी पहुंचे**

**धर्मेंद्र का निधन एक युग का अंत: पीएम मोदी**

सेलेब्स पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन को एक युग के अंत का संकेत कहा है। दोपहर में उनके घर के बाहर एम्बुलेंस पहुंची थी और विले पार्ले श्मशान भूमि में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई थी। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से श्मशान घाट पहुंचाया गया। दोपहर करीब एक बजे धर्मेंद्र के घर के बाहर एम्बुलेंस पहुंची। घर के बाहर बैरिकेडिंग, सिक्योरिटी बढ़ाई गई। विले पार्ले श्मशान घाट की सिक्योरिटी बढ़ाई गई। धर्मेंद्र कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। 10 नवम्बर को उन्हें सांस लेने में दिक्कत आई थी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती किया गया। इस दौरान उन्हें वैंटिलेटर पर रखा गया। मीडिया में उनके निधन की खबर भी आई, जिसे परिवार ने नकार दिया। 12 नवम्बर को धर्मेंद्र को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था और डाक्टरों ने घर पर ही उनके आगे के इलाज की बात कही थी। दिवंगत धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने के लिए अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनकी बहन शमिता शेट्टी उनके घर पर पहुंचीं। संजय दत्त, धर्मेंद्र के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे। अब उन्होंने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट -**शेष पृष्ठ दो पर**

# 53वें CJI बने जस्टिस सूर्यकांत

## शपथ के बाद भाई-बहन के पैर छुए, पूर्व सीजेआई गवई से गले मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद बहन और बड़े भाई के पैर छुए। इस कार्यक्रम में उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए।

शपथ के बाद सीजेआई सूर्यकांत ने पीएम मोदी समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। वे पूर्व सीजेआई बीआर गवई से गले मिले। इस समारोह में ब्राजील समेत सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार किसी सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्य भी पहुंचे। इस दौरान पूर्व सीजेआई गवई ने एक नई मिसाल कायम की। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उन्होंने अपनी आधिकारिक गाड़ी राष्ट्रपति भवन में ही अपने उत्तराधिकारी जस्टिस सूर्यकांत के लिए छोड़ दी। शपथ के बाद





**मोदी-शाह से मिलने पहुंचे, पहली बार सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही**

सीजेआई सूर्यकांत राष्ट्रपति मुर्मू के पास पहुंचे और उनका अभिवादन किया। सीजेआई सूर्यकांत ने भाई ऋषिकांत और बहन राजबाला के भी पैर छुए। सीजेआई सूर्यकांत पीएम मोदी, राजनाथ और अमित शाह से मिलने भी पहुंचे। पूर्व वाइस प्रेसिडेंट जगदीप धनखड़ और पूर्व सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में नजर आए। वर्तमान सीजेआई बीआर गवई का कार्यकाल रविवार 23 नवम्बर को खत्म हो गया। उनके बाद अब जस्टिस सूर्यकांत यह जिम्मेदारी संभालेंगे। जस्टिस सूर्यकांत 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे और उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा। सीजेआई सूर्यकांत ने बेंच जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर के साथ कोर्ट रूम नंबर 1 में आधिकारिक कार्यवाही शुरू की। जस्टिस सूर्यकांत अब पांच मेंबर वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के हेड भी होंगे। पांच मेंबर वाला कॉलेजियम जो सुप्रीम कोर्ट के जजों को चुनता है और हाईकोर्ट के जजों के ट्रांसफर पर फैसला करता है, उसमें अब सीजेआई कांत और जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एमएम सुंदरेश शामिल होंगे। तीन सदस्यों वाले कॉलेजियम में, जो हाईकोर्ट के जजों को चुनता है, सीजेआई और जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस बीवी नागरत्ना -**शेष पृष्ठ दो पर**

### दिल्ली दंगा केस: सुप्रीम कोर्ट में दो दिसम्बर तक सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 2020 के दिल्ली दंगे केस की सुनवाई 2 दिसम्बर तक टल गई है। सोमवार को अदालत का समय खत्म होने की वजह से शरजील इमाम, उमर खालिद समेत मामले में सात आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हो पाई। इससे पहले 21 नवम्बर को हुई सुनवाई के दौरान पुलिस ने कहा था कि दिल्ली दंगे अचानक नहीं भड़के थे, बल्कि इन्हें पहले से पूरी योजना बनाकर कराया गया था। पुलिस ने दावा किया था कि दंगों के लिए टेरर फंडिंग की गई और प्रदर्शन को जानबूझकर हिंसक मोड़ दिया गया। दंगों से पहले हुई मीटिंग्स में नॉर्थ ईस्ट को भारत से अलग करने की बात की गई। इस पर कोर्ट ने कहा था कि पुलिस जिन दस्तावेजों और चैट्स का हवाला दे रही है, उन्हें पहले रिकॉर्ड पर रखा जाए, ताकि कोर्ट उन्हें देखकर आगे सुनवाई आगे बढ़ा सके। दरअसल, दिल्ली में फरवरी 2020 में सीएए के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 23 से 26 फरवरी तक हिंसा भड़क गई थी। जिसमें 53 लोगों की मौत हुई और सैकड़ों घायल हुए थे।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को बड़ा हादसा होने से बच गया, जब काबुल से आ रही एरियाना अफगान एयरलाइंस की एक फ्लाइट गलती से उस रनवे पर उतर गई, जहां से उसी समय एक अन्य विमान टेक ऑफ कर रहा था। घटना रविवार दोपहर 12:06 बजे की है, लेकिन सोमवार सुबह मीडिया में आई। एक वरिष्ठ डीजीसीए अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, घटना की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, एरियाना अफगान एयरलाइंस की ए310 विमान, फ्लाइट एफजी 311 (काबुल से दिल्ली), को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन विमान रनवे 29आर पर उतर गया। फ्लाइट के पायलट इन कमांड ने बताया कि 4 नाटिकल माइल की दूरी पर उनका आईएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) सिग्नल खो गया और विमान दाईं ओर मुड़ गया, जिसके बाद कैप्टन ने विजुअल अप्रोच के आधार पर रनवे 29आर पर लैंडिंग कर दी। आईएलएस एक प्रिसिजन रेडियो नेविगेशन सिस्टम है, जो विमान को रात, खराब मौसम और कम दृश्यता की स्थिति में भी रनवे तक सुरक्षित तरीके से पहुंचाने में मदद करता है। पायलट ने कहा कि 4 एनएम पर आईएलएस सिग्नल खो गया था और विमान दाईं ओर मुड़ा, जबकि एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने पुष्टि की कि एफजी 311 को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी और पायलट ने भी यही पुष्टि की थी।

# भविष्य के युद्ध एक साथ तीनों रणक्षेत्रों में लड़े जाएंगे: जनरल द्विवेदी

**मुंबई।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने जल, थल और वायु सेनाओं में बेहतर तालमेल को सशस्त्र बलों की असली ताकत करार देते हुए कहा है कि भविष्य के युद्ध एक साथ तीनों रणक्षेत्रों में लड़े जाएंगे और ऑपरेशन सिंदूर सेनाओं के बीच एकीकरण का शानदार उदाहरण है।

जनरल द्विवेदी ने सोमवार को मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में देश में ही विकसित और डिजाइन पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस माहे को नौसेना के बेड़े में शामिल किए जाने के अवसर पर आयोजित समारोह में कहा कि आईएनएस माहे का नौसेना के बेड़े में शामिल होना न सिर्फ़ नौसेना की ताकत को बढ़ाता है, बल्कि यह स्वदेशी प्रौद्योगिकी के बल पर जटिल युद्धपोत को डिज़ाइन करने, बनाने और फील्ड में उतारने की भारत की बढ़ती क्षमता को भी दिखाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस जहाज़ के शामिल होने से भारतीय



**■ देश में ही विकसित और डिजाइन पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस माहे नौसेना के बेड़े में शामिल**

नौसेना की समुद्र में दबदबा बढ़ाने, तटीय सुरक्षा ग्रिड को मज़बूत करने और तटीय इलाकों में भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने की क्षमता में काफ़ी बढ़ोतरी होगी। तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों की ताकत ज़मीन, समुद्र और हवा में तालमेल में है।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जीवाड़े की शिकायत पर ट्राई ने बंद किए 21 लाख मोबाइल नंबर

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने फर्जीवाड़े की शिकायत पर एक साल में 21 लाख मोबाइल नंबरों और एक लाख इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की है। ट्राई ने सोमवार को बताया कि स्पैम और फर्जीवाड़े से जुड़े मैसेज भेजने के कारण उसने 21 लाख मोबाइल नंबरों और करीब एक लाख इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए या तो उन नंबरों को बंद या ब्लैकलिस्ट कर दिया है। नियामक ने आम लोगों से फर्जीवाड़े वाले नंबरों की शिकायत ट्राई डीएनडी एप पर करने की अपील की है। उसने कहा है कि स्पैम कॉल या मैसेज वाले नंबरों को फोन में ब्लॉक करने भर से दूसरे लोग उससे सुरक्षित नहीं होते हैं, जबकि एप पर शिकायत करने से उस नंबर पर कार्रवाई कर उसके बंद या ब्लैकलिस्ट कर देने से पूरे समाज की सुरक्षा होती है।

### श्रीनगर में सीजन का सबसे ठंडा दिन, पारा -3.2 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। रविवार को पूरी कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान -3.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम था। दक्षिण कश्मीर का शोपियां सबसे ठंडा रहा, जहां पारा -5.1 डिग्री तक गिर गया। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में रविवार को पारा माइनस 16 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इंद्र धारा झरने का पानी जम गया। ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट हुई है। वहीं राज्य के मैदानी इलाकों में कोहरा छाने लगा है। इधर मध्य प्रदेश और राजस्थान में लोगों को सर्दी से राहत मिली है। दोनों राज्यों के ज्यादातर शहरों में रविवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने मप्र-राजस्थान में अगले चार से पांच दिनों तक शीतलहर का अलर्ट जारी नहीं किया है। उधर हरियाणा में रविवार को हिसार सबसे ठंडा रहा, यहां 7.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। यहां रात का पारा सामान्य से 3.4 डिग्री तक नीचे आ गया है।

### इंडिया गेट पर नक्सली हिड़मा के पोस्टर लहराए गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इंडिया गेट पर रविवार देर शाम वायु प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल लोगों ने देश के मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा (44) के पोस्टर लहराए। पोस्टरों में हिड़मा की तुलना आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा से की गई। हिड़मा को जल, जंगल और जमीन का रखवाला बताया गया। प्रदर्शनकारियों ने माड़वी हिड़मा अमर रहे, जैसे नारे लगाए। उन्होंने पोस्टरों पर भी माड़वी हिड़मा को लाल सलाम जैसे नारे लिखे थे। एक प्रदर्शनकारी के पोस्टर पर लिखा था कि बिरसा मुंडा से लेकर माड़वी हिड़मा तक, हमारे जंगलों और पर्यावरण का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान भीड़ की पुलिस से हाथापाई भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर मिर्च स्प्रे कर दिया, जिससे तीन-चार पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# कर्नाटक सीएम बदलने की अटकलें, गृह मंत्री भी दावेदार

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले- हाईकमान करेगा फैसला, भाजपा ने पूछा: कांग्रेस का अध्यक्ष हाईकमान नहीं, तो कौन

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस मामले में निर्णय पार्टी हाईकमान ही करेगा और इस पर वह कुछ नहीं कहना चाहते। उन्होंने यह टिप्पणी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से शनिवार को हुई उनकी एक घंटे से अधिक की बैठक के बाद की।

खड़गे ने मीडिया के सवालों पर कहा कि जो भी होगा, हाईकमान करेगा। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। वहीं, खड़गे के बयान पर बीजेपी विधायक सुरेश कुमार ने एक्स पर लिखा कि अगर कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष हाईकमान नहीं है, तो कौन है? इधर, राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने संकेत दिया कि अगर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन होता है, तो वे भी सीएम पद की रेस में हैं। हालांकि हाईकमान से सीएम बदलने पर चर्चा नहीं हुई, न ही कांग्रेस विधायक दल में इस पर विचार हुआ। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने सोमवार को चिक्काबल्लापुर



फाइल फोटो

में सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों पर कहा कि डीके शिवकुमार और मुझे, पार्टी हाईकमान के फैसले का पालन करना चाहिए। हाईकमान जो भी फैसला करेगा, उससे हमें सहमत होना चाहिए। हम पार्टी हाईकमान के फैसले के अनुसार काम करेंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि जब हाईकमान ने पांच महीने पहले बैठक की थी, तो उन्होंने कैबिनेट में फेरबदल का निर्देश दिया था। मैंने उनसे कहा था कि हम ढाई साल पूरे होने के बाद ऐसा करेंगे। अब, हम जो भी निर्देश दिए जाएंगे, उसके अनुसार काम करेंगे। सिद्धारमैया के करीबी माने जाने वाले मंत्रियों एच सी महादेवप्पा और के. वेंकटेश ने भी खड़गे से मुलाकात की। महादेवप्पा ने कहा कि कर्नाटक में इस समय सीएम बदलने की कोई स्थिति नहीं है और यदि कभी ऐसा हुआ तो हाईकमान ही फैसला करेगा। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का 20 नवम्बर को 2.5 साल का कार्यकाल पूरा हुआ है। अब सत्ता संतुलन

**■ डीके शिवकुमार और मुझे, पार्टी हाईकमान के फैसले का पालन करना चाहिए: सिद्धारमैया**

को लेकर बयानबाजी जारी है। कुछ विधायक जो डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थक माने जाते हैं, वे दिल्ली जाकर खड़गे से मिले थे। हालांकि शिवकुमार ने ऐसे किसी कार्यक्रम की जानकारी होने से इन्कार किया। सूत्रों के मुताबिक सिद्धारमैया कैबिनेट फेरबदल के पक्ष में हैं। जबकि शिवकुमार चाहते हैं कि पार्टी पहले नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला करे। पार्टी के अंदरूनी हलको में यह भी माना जा रहा है कि यदि हाई कमान कैबिनेट विस्तार को मंजूरी देता है, तो इससे सिद्धारमैया के पूरे कार्यकाल (5 साल) तक टिके रहने का संकेत मिल सकता है, जो शिवकुमार की सीएम बनने की संभावनाओं को कम कर देगा। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने 21 नवम्बर को सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों को खारिज किया था। शिवकुमार ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया था कि सीएम सिद्धारमैया अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-ऑं-ऑं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### रंगाई संयंत्र के टैंक में दम घुटने से तीन श्रमिकों की मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिला में औराई थाना क्षेत्र के उगापुर स्थित एक रंगाई संयंत्र के टैंक में जहरीली गैस रिसाव के कारण सोमवार को अपराह्न में तीन श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गई। एक श्रमिकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के उगापुर स्थित सूर्या कारपेट कंपनी के डाइंग प्लांट के टैंक में सोमवार को दम घुटने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक श्रमिकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामसूरत यादव (55), शीतला प्रसाद (58), शिवम दुबे (35) और मध्य प्रदेश के सीधी निवासी राजकिशोर तिवारी (50) एक कालीन कंपनी का रंगाई अनुभाग में काम करते थे। चारों सोमवार को टैंक के अंदर रसायन भरने वाली मशीन को ठीक कर रहे थे। इसी दौरान टैंक से निकल रही जहरीली गैस से उनका दम घुटने लगा। गैस रिसाव की जानकारी होते ही कंपनी में हड़कंप मच गया।

### नेहा सिंह राठौड़ की जमानत याचिका खारिज

**लखनऊ।** भोजपुरी लोक गायिका और सोशल मीडिया पर सियासी व्यंग्य के लिए मशहूर नेहा सिंह राठौड़ पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उनके एक पोस्ट को लेकर देश की संप्रभुता और राष्ट्रीय अखंडता को नुकसान पहुंचाने और पाकिस्तान की तरफ से भारत विरोधी प्रोपेगैंडा में इस्तेमाल किए जाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। अब हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अब हजरतगंज पुलिस ने शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में रिपोर्ट पेश कर दी है और नेहा की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है।

# एसआईआर के विवाद पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ घुसपैठियों के सहारे सत्ता पाने का सपना देखने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी: सुधांशु

भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने वालों को करारा जवाब देते हुए सोमवार को कहा कि घुसपैठियों के सहारे सत्ता पाने का सपना देखने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी।

पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसआईआर का विरोध करने वाले लोकतंत्र को बंधक बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनके मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। इस अवसर पर श्री त्रिवेदी ने भाजपा के पूर्व सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र को भारतीय कला और सिने जगत में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। भाजपा प्रवक्ता ने झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था, अगर कोई बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) मतदाता सूची पर कोई जानकारी लेने आए तो उसे बंधक बना लो। त्रिवेदी ने अंसारी के बयान को लोकतंत्र को बंधक बनाने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि इसी तरह पश्चिम बंगाल में बीएलओ को धमकाने का मामला सामने आया है। त्रिवेदी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी एसआईआर को लेकर इसी तरह का नजरिया और बयान देकर इसका विरोध कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शी बनाने में अगर कोई सबसे बड़ी बाधा है, तो इंडिया गठबंधन और उसके सहयोगी दल के नेता हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में तृणमूल कांग्रेस के नेता हुमांयू कबीर ने कहा कि वह बाबरी मस्जिद बनवाएंगे, इस पर इंडिया गठंधन की तरफ से किसी तरह की आपत्ति नहीं आई है। त्रिवेदी ने कहा कि एसआईआर पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने भी हर छह माह में मतदाता सूची के संशोधन की बात पर बल दिया था। त्रिवेदी ने कहा कि देश में बंगलादेशी घुसपैठियों का मामला ममता बनर्जी ने 2005 में संसद में उठाया था और उस समय पश्चिम बंगाल में बढ़ते घुसपैठ को लेकर आक्रोश जाहिर किया था। उन्होंने सवाल उठाया कि अब एसआईआर का विरोध करने वाली ममता बनर्जी उस समय सही थीं या अब सही हैं। त्रिवेदी ने कहा कि एसआईआर इसलिए जरूरी है, ताकि कोई घुसपैठिआ भारत की सत्ता को प्रभावित न कर सकें।

# जो मुल्क का दुश्मन, वो हमारा भी दुश्मनः ओवैसी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दिल्ली धमाके की घटना के बाद बोले असदुद्दीन

दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुई धमाके की घटना के बाद अब एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि कुछ लोग इतने जालिम हैं कि मदरसे और स्कूल का एक कमरा नहीं बना सकते, फिर भी अमोनियम नाइट्रेट लेकर बैठे हैं।जब हम वतन की मोहब्बत की बात करते हैं, तो मुसलमानों ने जो तालीम और इरादे कायम किए हैं, अगर कोई उसी तालीम के नाम पर बैठकर बम बनाने की साजिश करता है, तो हम उसकी भी मजम्मत करते हैं। जो मुल्क का दुश्मन है, वह हमारा भी दुश्मन है।

ओवैसी ने कहा कि अगर ऐसी हरकतें जारी रहीं, तो हालात और खराब होंगे, लेकिन कुछ लोग यह सोच रहे हैं कि मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया जाएगा, यह उनकी भूल है।

उन्होंने कहा कि न तो मुसलमान खत्म होंगे और न ही उनकी पहचान मिटाई जा सकती है। ओवैसी ने कहा कि दिल्ली के हमले में हिंदू भी मारा गया, मुस्लिम भी मारा गया है। जो मुल्क का दुश्मन वो हमारा दुश्मन है। ओवैसी ने कहा कि हम अपनी मस्जिदों को बचाएंगे, तुम एक मस्जिद को शहीद करोगे, तो हम लाखों मस्जिदों को आबाद करेंगे। तुम शरियत पर हमला नहीं कर सकते हो। एक बात लोग नहीं समझते हमारी मस्जिद को शहीद कर दिया गया। ओवैसी ने कहा कि कोर्ट ने कहा कि आस्था के नाम पर आपको मस्जिद नही दी जा सकती है। हमने आज भी कहा कल भी कहेंगे। हम वतन से नफरत नहीं करते हैं। इस वतन को बचाने के लिए हमारे बुजुर्गों ने जो अजीम कुर्बानियां दी, उन्हें याद रखते हुए हमें इस वतन को और मजबूत बनाना है। अगर तुम मुसलमान को दबा रहे, तो तुम भारत को कमजोर कर रहे हो। मस्जिद के खिलाफ फैसला आया, तो हमने क्या कोर्ट में जज पर जूता फेंका था?

# जयंत चौधरी ने वर्ल्डस्किल्स एशिया टीम को रवाना किया

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ प्रतियोगिता 27 से 29 तक ताइपे में आयोजित की जाएगी

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने वर्ल्ड स्किल्स एशिया प्रतियोगिता 2025 में भाग लेने जा रहे भारतीय टीम को आज रवाना किया। यह प्रतियोगिता 27 से 29 नवम्बर तक चीन के ताइपे में आयोजित की जाएगी।

चौधरी ने कहा कि वर्ल्डस्किल्स एशिया में भाग लेने वाले युवा भारत के 'ग्लोबल स्किल लीडर' बनने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। उन्होंने कहा कि कठोर प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं मंत्रालय के सहयोग ने प्रतियोगियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया है। वर्ल्डस्किल्स एशिया 2025 में 40 से अधिक देशों के 500 से अधिक प्रतियोगी 38 कौशल श्रेणियों में हिस्सा लेंगे। भारत की ओर से 23 प्रतियोगी और 21 विशेषज्ञों का दल 21 स्किल कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा करेगा। यह दल राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के नेतृत्व में तैयार किया गया है। भारतीय प्रतिभागी डिजिटल एवं आईटी टेक्नोलॉजी, मोबाइल रोबोटिक्स, मेकाट्रॉनिक्स, सीएनसी मिलिंग, वेब डेवलपमेंट, ऑटोमोटिव रिपेयर, फैशन टेक्नोलॉजी, ग्राफिक डिजाइन, ब्यूटी थेरेपी सहित कई प्रमुख और उभरती कौशल श्रेणी में अपनी दक्षता दिखाएंगे।

## डीजीपी ने यूपी के सभी 75 जिलों के कप्तानों को जारी किए निर्देश

# थाना स्तर पर अफसर करें घुसपैठियों की पहचान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



अगले 15 दिनों में घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन की रिपोर्ट डीजीपी ऑफिस को सौंपी जाएगी

**लखनऊ।** यूपी के सभी 75 जिलों में बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान, वेरिफिकेशन के लिए पुलिस महा. निदेशक की तरफ से निर्देश जारी कर दिया गया है। हर जिले में थाना स्तर पर यह काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। निर्देश के मुताबिक अगले 15 दिनों में घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन की रिपोर्ट डीजीपी ऑफिस को सौंपी जाएगी।

पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश में प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त और जिले के कप्तानों को निर्देश दिए हैं कि थाना प्रभारी अपने स्तर से सफाईकर्मियों में से बांग्लादेशी और रोहिंग्या की पहचान करें, जो अरसे से सफाई के काम कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि दो सप्ताह भर में यह रिपोर्ट मुख्यालय को भेजें, ताकि घुसपैठियों की शिनाख्त की जा सके। पुलिस महानिदेशक के आदेश में बताया गया है कि प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त और जिला कप्तान अपने-अपने जिलों में थाना स्तर पर नगर निगम, निकाय और नगर पालिका में संविदा, ठेके पर काम कर रहे सभी सफाईकर्मियों का सत्यापन कराएं। उनके सारे दस्तावेजों की जांच करने के साथ ही दो सप्ताह के अंदर रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजें। इस आदेश के बाद प्रदेश के सभी थानों पर वेरिफिकेशन का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। डीजीपी कार्यालय की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर तंत्र से कुछ गंभीर जानक. ारियां हासिल हुई हैं। इसमें यह बात सामने आई है कि नगर निगम नगरपालिका, निकाय में जो सफ़ाईकर्मी संविदा पर कार्यरत हैं, उसमें से कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं, वह अपनी आईडी छुपाकर काम कर रहे हैं। यदि वेरिफिकेशन के दौरान घुसपैठिए मिलेंगे, तो उनके साथ संबंधित अफसरों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश ने बताया कि सभी जिलों को यह आदेश जारी किया गया है। बांग्लादेशी, रोहिंग्या सभी घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। हर थाने और हर पुलिस चौकियों पर रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। पुलिस अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि नगर निगम, नगर निकाय के अधिकारियों से संपर्क करके यह प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि अवैध रूप से सफाईकर्मी बने घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। इसे लेकर इन घुसपैठियों को संरक्षण देने वाले अफसरों व स्थानीय नेताओं की धड़कनें तेज हो गई हैं।

### एलजी ने कमांडो ट्रेनिंग सेंटर का दौरा किया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को यहां सुंजवान स्थित राज्य पुलिस के कमांडो ट्रेनिंग सेंटर (सीटीसी) का दौरा कर विभिन्न विशेषीकृत मॉड्यूल्स पर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा पाठ्यक्रमों के दौरान आयोजित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्हें प्रशिक्षुओं को दी जा रही परिचालन तैयारियों, विशेष रूप से आतंकवाद-विरोधी और सामरिक प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपराज्यपाल ने सीटीसी में प्रशिक्षण ले रहे जम्मू- कश्मीर पुलिस के जवानों से भी बातचीत की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण एवं विशेष अभियान) ने प्रशिक्षण के विभिन्न घटकों तथा केंद्र के प्रस्तावित उन्नयन और बुनियादी ढांचे के विस्तार पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उपराज्यपाल के साथ पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, विशेष महानिदेशक (समन्वय) एसजेएम गिलानी, पुलिस मुख्यालय जम्मू-कश्मीरद्ध गृह विभाग के प्रधान सचिव चंद्राकर भारती और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे।



सेंसेक्स 84900.71
निफ्टी 25959.50



सोना रु. 122744
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 152971
प्रति किलो



# शेयर बाजारः दूसरी बार सेंसेक्स 331 अंक टूटा

**मुंबई, वार्ता**



■ शुरुआत में बढ़त के साथ दोपहर में लाल निशान पर पहुंचे

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी दिवस पर गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 331.21 अंक (0.39 प्रतिशत) लुढ़ककर 84,900.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 108.65 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 25,959.50 अंक पर आ गया।

दोनों प्रमुख सूचकांकों की शुरुआत आज बढ़त में हुई थी, लेकिन दोपहर बाद बिकवाली बढ़ने से वे लाल निशान में चले गए और फिर उबर नहीं सके। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में गिरावट ज्यादा रही। एनएसई में रियलिटी, धातु, रसायन और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों पर सबसे अधिक दबाव रहा। बड़ी कंपनियों की तुलना में मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.76 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.93 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में जिन 3,214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 2,316 के शेयर गिरावट में और 810 के बढ़त में रहे, जबकि अन्य 88 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर लाल निशान में और आठ के हरे निशान में बंद हुए। बीईएल में सबसे अधिक 2.98 फीसदी की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 1. 61 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1. 59, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.18, ट्रेंट का 1.16, बजाज फिनसर्व का 1.14, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1. 10, बजाज फाइनेंस का 1.09 और आईटीसी का 1.03 प्रतिशत टूट गया। एनटीपीसी, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, हिदुस्तान यूनीलिवर, पावरग्रिड और इटरनल के शेयरों में भी गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स और एचडीएफसी बैंक के शेयर बढ़त में रहे। विदेशों में हांगकांग का हैंगसेंग 1. 97 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.05 प्रतिशत चढ़ा जबकि जापान का निक्केई 2.40 प्रतिशत लुढ़क गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.54 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0. 14 प्रतिशत ऊपर था।

# सोने में रही गिरावट चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली।** सोमवार को सुबह 10 बजे के आसपास एमसीएक्स में 10 ग्राम सोना 1400 रुपये से ज्यादा गिर चुका है। चांदी में भी आज ताबड़तोड़ गिरावट देखी जा रही है। इसमें अभी 1100 रुपये प्रति किलो से ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। सुबह 10.30 बजे के आसपास एमसीएक्स में सोने की कीमत 122,740 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रही है। इसमें 1400 रुपये से ज्यादा का उछाल है। सुबह 10.30 बजे के आसपास 1 किलो चांदी की कीमत 152,971 रुपये चल रही है।

इसमें 1180 रुपये प्रति किलो की गिरावट है। देश के महानगरों पटना में 123,090 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम चल रही थी, जबकि जयपुर में 123,140, कानपुर में 123,200 , लखनऊ में 123,200, भोपाल में 123,300, इंदौर में 123,300 और चंडीगढ़ में 123,170 रुपये थी। आज पटना में सोने का भाव सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 123,090 रुपये चल रही है। वही चांदी भी यहां सबसे कम भाव में मिल रही है। 1 किलो चांदी की कीमत यहां 153,550 रुपये है। इसके साथ ही भोपाल और इंदौर में सोने का भाव सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 123,300 रुपये में मिल रही है। वही चांदी भी सबसे महंगी यही है। 1 किलो चांदी की कीमत 153,860 रुपये है।

# कनाडा का नवाचार और भारत की क्षमता के मिलने से खुलेंगे नए अवसरः गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि कनाडा का नवाचार और भारत की क्षमता मिलकर दोनों के लिए नए अवसर पेश करेगी।



गोयल ने यहां भारत-कनाडा व्यापार चैंबर को संबोधित करते हुए कहा कि जरूरी खनिज, खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने के भारत के प्रयास में कनाडा के साथ सहयोग की काफी गुंजाइश है। भारत के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग और अगली पीढ़ी के डाटा सेंटर जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सबसे तेजी से बढ़ रही मानव क्षमता है। कनाडा और भारत को नैसर्गिक सहयोगी बताते हुए गोयल ने कहा कि दोनों देशों को 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत जरूरी खनिज, हरित ऊर्जा, वैमानिकी, रक्षा और विनिर्माण सहित सहयोग के विशेष क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिए। कनाडा का नवाचार और भारतीय क्षमता मिलकर दोनों देशों के लिए बड़े अवसर पैदा कर सकती है। केंद्रीय मंत्री ने बिज़नेस-टू- बिज़नेस (बी-2-बी) सहयोग को बढ़ाने के लिए सीईओ फोरम (मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के फोरम) को फिर से शुरू करने और भारत के आने वाले एआई सम्मेलन में कनाडा के हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने संयुक्त नवाचार पर जोर देते हुए बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार ने अनुसंधान एवं विकास के लिए 12 अरब डॉलर के फंड की घोषणा की है। उन्होंने जी-20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच हुई बैठक का जिक्र करते हुए बताया कि दोनों नेता एक बड़े वृहद आर्थिक सहयोग समझौते के लिए बातचीत शुरू करने और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने पर सहमत हुए।

# अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार से तीन दिन का बौद्ध वैश्विक सम्मेलन

**नई दिल्ली।** देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बौद्ध विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से राजधानी के डा. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार से तीन दिन के वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भूटान, श्रीलंका, नेपाल , कोरिया, अमेरिका और इंग्लैंड से बौद्ध धर्म अनुयाई हिस्सा लेंगे। आगामी 28 नवम्बर से शुरू होकर 30 नवम्बर तक चलने वाले इस सम्मेलना का आयोजन भारतीय ग्रामीण विरासत एवं विकास न्यास की ओर से किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बॉलीवुड के...**

से एक भावुक पोस्ट शेयर की है। संजय दत्त ने लिखा कुछ लोग सिर्फ आपके जीवन में काम नहीं करते, वे आपके दिल में बस जाते हैं। धरम जी भी उन्हीं में से एक थे। यह एक ऐसा खालीपन है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। शाहरुख खान विले पार्ले श्मशान घाट पहुंचे, उनके साथ मैनेजर पूजा ददलानी भी पहुंचीं।

एक्टर गोविंदा अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे। करण जौहर ने धर्मेंद्र के निधन की पुष्टि करते हुए आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से उन्हें श्रद्धांजलि दी है। करण जौहर ने लिखा,यह एक युग का अंत है, एक विशाल मेगास्टार, मुख्यधारा के सिनेमा में एक सच्चे हीरो की पहचान, अविश्वसनीय रूप से हैंडसम और रहस्यमयी स्क्रीन प्रेजेंस वाले। वह हैं और हमेशा रहेंगे भारतीय सिनेमा के एक सच्चे दिग्गज। सिनेमा के इतिहास के पन्नों में उनका नाम सदैव चमकता रहेगा। पर सबसे बढ़कर, वह एक बेहतरीन इंसान थे। हमारी इंडस्ट्री में हर कोई उनसे बेहिसाब प्यार करता था। उनके दिल में हर किसी के लिए सिर्फ प्यार और सकारात्मकता थी। उनका आशीर्वाद, अद्भुत स्नेह, इन सबकी कमी को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। आज हमारी इंडस्ट्री में एक ऐसा खालीपन है। जिसे कोई भी कभी भर नहीं सकेगा। वह हमेशा के लिए एक और एकमात्र धरमजी रहेंगे। धर्मेन्द्र का जन्म पंजाब के फगवारा में आठ दिसम्बर 1935 को हुआ था। उन्होंने वर्ष 1960 में प्रदर्शित फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे से अपने सिने करियर की शुरूआत की थी। धर्मेन्द्र ने अपने छह दशक लंबे सिने करियर में 250 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था।

**53वें सीजेआई...**

सदस्य होंगे। भले ही जस्टिस कांत का सीजेआई के तौर पर लगभग 14 महीने का कार्यकाल है, कॉलेजियम में सिर्फ एक बदलाव होगा, जब जस्टिस माहेश्वरी 28 जून, 2026 को रिटायर होंगे। जस्टिस पीएस नरसिम्हा कॉलेजियम के सदस्य बनेंगे। सीजेआई कांत के रिटायर होने के बाद, जस्टिस जेबी पारदीवाला कॉलेजियम में शामिल होंगे।

# धर्मेंद्र के निधन पर योगी, अखिलेश और मायावती ने जताया दुख

**लखनऊ।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा दिया है।धर्मेंद्र की मौत की खबर सुनते ही सिनेमा प्रेमियो में शोक कि लहर है। सीएम योगी से लेकर बड़े नेता प्रशसंक धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मथुरा लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार भाजपा की सीट से धर्मेंद्र की पत्नी और अभिनेत्री हेमा मालिनी सांसद हैं।

सीएम योगी ने एक्स पर लिखा कि लोकप्रिय फिल्म अभिनेता श्री धर्मेंद्र जी का निधन अत्यंत दु:खद एवं कला व फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके प्रशंसकों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अखिलेश यादव ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि सालों साल देश के चित्रपट के आकाश पर चमचमाए धर्मेंद्र जी का ज़मीन से जुड़ा सादगी भरा आकर्षक व्यक्तित्व और उनका सहज अभिनय हमेशा याद किया जाएगा। बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि भारतीय फिल्म इण्डस्ट्री की जानी-मानी हस्तियों में से एक दिग्गज अभिनेता श्री धर्मेन्द्र का आज निधन हो जाने की ख़बर अति-दुखद। उनके परिवार वालों के साथ-साथ उनके तमाम चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कुदरत उन सभी को इस दुख को सहने की शक्ति दे, यही कामना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि हिंदी सिनेमा जगत के सुप्रसिद्ध अभिनेता एवं भारतीय जनता पार्टी से सांसद रहे श्री धर्मेंद्र जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। धर्मेंद्र जी का निधन सिनेमा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति । ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों एवं उनके समर्थकों को विपदा की इस घड़ी में शक्ति प्रदान करें।

### पंचायती राज मंत्रालय 26 नवम्बर को मनाएगा राष्ट्रव्यापी संविधान दिवस

**नई दिल्ली।** पंचायती राज मंत्रालय ने घोषणा की है कि वह 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर पूरे देश में भव्य और व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। पंचायती राज मंत्रालय ने आज बताया कि यह राष्ट्रीय अभियान त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों में आयोजित किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पैदल जा रहे बुजुर्ग की तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

ग्राम मंसूर सराय निवासी शमीम (60 वर्ष) पुत्र घिस्सा सोमवार शाम पैदल नगर की ओर जा रहे थे। ग्राम रैनी की ओर से धामपुर जा रहे दो युवक देवेंद्र पुत्र गंगाराम निवासी धामपुर निकट तड़का रेस्टोरेंट तथा निकी पुत्र शेर सिंह निवासी शुगर मिल तिराहा स्योहारा तेज रफ्तार से बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। ग्राम मंसूर सराय के निकट बाइक सवार ने शमीम को टक्कर मारी दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार शमीम को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक सवार नशे में होने की आशंका जताई जा रही है।

घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्राम मंसूर सराय के पूर्व प्रधान नफीस अंसारी एवं अन्य ग्रामीणों ने शमीम को एम्बुलेंस से स्थानीय सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक सवार दोनों युवक भी मामूली रूप से घायल हुए, जिनका प्राथमिक उपचार किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन में कोई भी मतदाता न छूटे: वान्या सिंह

## अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को किया जाएगा सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में विशेष पुनरीक्षण दिवस के अवसर पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपेक्षित तेजी लाने के दृष्टिगत जिला स्तरीय संपर्क केंद्र का निरीक्षण किया गया और तैनात कर्मचारियों को कॉल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी बीएलओ को प्रोत्साहित एवं उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि जिन बीएलओ की एसआईआर के कार्यों में प्रगति अच्छी पाई जाएगी, उनको जिला प्रशासन की ओर से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्णतया पालन कराने तथा एसआईआर की प्रक्रिया को समयबद्ध रुप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में एसआईआर के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय कार्यालयों में मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने में सहयोग करने के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं एंव इन सभी क्षेत्रों में कैंप भी लगाए जाएं।

उन्होंने बीएलओ को गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने के लिए बीएलओ के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने, साथ ही 'बुक अ कॉल विद बीएलओ' ऐप के लंबित प्रकरणों को 48 घंटे से पहले निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि हर हाल में ये सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मतदाता गणना प्रपत्र पाने से वंचित न रहे और यथासंभव सभी बीएलओ गणना प्रपत्र भरवाने में मतदाताओं को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि राजनैतिक दलों द्वारा भी अपने बीएलए नियुक्त किए हैं, जो मतदेय स्थलों में बीएलओ का सहयोग कर रहे है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वान्या सिंह ने बताया कि जिले के समस्त मतदाताओं को 04 दिसंबर तक अपना गणना प्रपत्र सही विवरण भरकर बीएलओ को देना है, जिससे 09 दिसंबर को मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन में कोई भी मतदाता न छूटे। उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा ऑनलाइन वैबसाइट के माध्यम से भी गणना प्रपत्र को भरने के लिए भी सुविधा प्रदान की है, जिसका प्रयोग करके मतदाता गणना प्रपत्र में सही विवरण भरकर स्वयं वैबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं।

# झालू अधिवक्ता संघ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** झालू अधिवक्ता संघ झालू की बैठक में बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का चुनाव लड़ रहे जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता व बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन बाबू बलवंत सिंह एडवोकेट को सर्वसम्मति से पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय हुआ की संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन दिसंबर माह में किया जायेगा और इससे पूर्व नगर व क्षेत्र के अधिवक्ताओं को संघ का सदस्य बनाया जायेगा।

रविवार की शाम संघ के अध्यक्ष करतार सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता तथा अनिल चौधरी एडवोकेट के संचालन में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में बाबू बलवंत सिंह एडवोकेट को पूर्ण समर्थन देते हुए उन्हें प्रथम वरीयता का मत दिया जायेगा।

अधिवक्ताओं ने कहा कि यह जनपद के अधिवक्ताओं के लिए गर्व कि बात है कि बार कौंसिल के चेयरमैन रह चुके बाबू बलवंत सिंह एडवोकेट लगातार आठवीं बार कौंसिल के चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में जनपद के हर अधिवक्ता को उनका तन, मन, धन से साथ देकर उन्हें विजयी बनाना चाहिए।

बैठक में संघ की वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर अध्यक्ष करतार सिंह एडवोकेट ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई तथा आय व्यय का ब्यौरा रखा गया, जिसे उपस्थित अधिवक्ताओं ने ध्वनिमत से पारित किया स इसके पश्चात संघ की कार्यकारिणी भंग कर दी गयी। संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव शीघ्र ही दिसंबर माह में करने का निर्णय लिया गया।

सरस्वती विद्या केंद्र झालू के प्रांगण में हुई संघ की बैठक को करतार सिंह, राजीव सिंह, अनिल चौधरी, मनोज कुमार सेठी, शिवम अग्रवाल, फहीम अहमद, फैज अहमद, अभिषेक अग्रवाल, हितेश अग्रवाल, नवनीत चौधरी, उमंग काकरान, सुमित, चौधरी, मौ. शादाब शाह, गौरव चौधरी तथा जितेन्द्र सिंह आदि अधिवक्ताओं ने सम्बोधित किया।

# किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

## सात माह से फुंके दो ट्रांसफार्मर बदलने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर स्थित बिजलीघर परिसर में गांव कूकड़ा इस्लामपुर में करीब सात माह से फुंके दो ट्रांसफार्मर न बदलने को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों ने अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन किया।

गांव कूकड़ा इस्लामपुर में दो पोल पर 63 केवी क्षमता के तीन ट्रांसफार्मर रखें है। करीब सात महीने पहले दो ट्रांसफार्मर फुंक गए है। गांव के बलजीत सिंह, मुकेश कुमार, सुखराम सिंह, जयप्रकाश सिंह, आशाराम, सीताराम, मदनपाल सिंह, यशपाल सिंह, जगदीश गहलोत सहित कई किसानों के नलकूप निर्भर हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे गेहूं सहित रबी फसलों पर संकट गहराने लगा है।

किसानों का कहना है कि विभाग को कई बार शिकायतें देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि कुछ लोगों की हठधर्मिता के चलते नए ट्रांसफार्मर लगाने में भी विभाग टालमटोल कर रहा है। मामले से क्षुब्ध होकर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सुजान सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान उपखंड बिजलीघर पहुंचे और अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।

धरनास्थल पर पहुंचे निगम के जेई गौतम कुमार ने किसानों से बातचीत कर समस्या उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया, लेकिन स्पष्ट समाधान न मिलने से किसान और अधिक नाराज हो गए। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक दोनों ट्रांसफार्मर बदल नहीं दिए जाते, आंदोलन जारी रहेगा।

इस अवसर पर चांदपुर तहसील अध्यक्ष ब्रजपाल सिंह, संजीव कुमार, आशाराम, गोविंद कुमार उर्फ बिट्टू, ताहिर, मुनेश्वर सिंह, विकास कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

# सीएमओ डॉ. तेवतिया पर लगाए आरोप निंदनीय

## जाट जागरण समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जाट जागरण समिति की आकस्मिक बैठक समिति के संयोजक डा. लाखन चौधरी के आवास पर आयोजित हुई, जिसमें समिति के वरिष्ठ सदस्य व वर्तमान में मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुनील तेवतिया के साथ महिला आयोग की सदस्या संगीता जैन अग्रवाल द्वारा उनके निज आवास पर आकर अभद्रता करने व अनर्गल आरोप लगाने के लिए रोष प्रकट किया गया।

मंच के संरक्षक डा. लाखन चौधरी ने कहा कि डा. तेवतिया इस क्षेत्र के बेहद सम्मानित एवं समाज सेवी व्यक्ति हैं। अवकाश के दिन उनके आवास पर आकर अपराधियों जैसा व्यवहार करने पर संगीता जैन अग्रवाल के कृत्य की कड़ी निंदा की जाती है।

जाट जागरण समिति को डा. तेवतिया ने प्रधानमंत्री निक्ष्य मित्र कार्यक्रम के अन्तर्गत चांदपुर क्षेत्र के 250 टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया था, जिसके फलस्वरूप पूरे मुरादाबाद मंडल में टीबी के सर्वाधिक मरीजों को गोद लेकर उनका विधिवत पोषण करने वाली जाट जागरण समिति एकमात्र संस्था है। ऐसे सामाजिक व्यक्ति का अपमान करने से पूरे समाज में रोष व्याप्त है। बैठक में कहा गया कि ग्राम झलरी से लापता लड़कियों के विषय में महिला आयोग की सदस्या द्वारा संज्ञान लेने के बजाय प्रतिष्ठित चिकित्सक का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

बैठक में समिति के संरक्षक डा. लाखन चौधरी, डा. नरेंद्र तोमर, डा. महेंद्र मलिक, राजेश तोमर, रूप सिंह, प्रशांत, बिट्टू, जाट जागरण समिति के अध्यक्ष. डा विकास तोमर, संयोजक डा. संदीप चौधरी, कोषाध्यक्ष सचिन अहलावत, प्रदीप तोमर, डा. आकाशदीप चौधरी, डा. कपिल कुमार, डा. सुयश चौधरी, एड. बादल तोमर, आकाश राणा, अभिषेक तोमर, विनीत चौधरी, अजयवीर सिंह, जयवीर प्रधान, पुष्पेंद्र प्रधान, जयपाल सिंह, आशीष कुमार, सचेंद्र सिंह, मनदीप चौधरी, सिद्धार्थ आदि बड़ी संख्या में समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## तेज आवाज में डीजे बजने से परेशानी

**अफजलगढ़।** नगर में बीती रात एक बैंकट हॉल में तेज आवाज में बज रहे डीजे ने स्कूली बच्चों की बोर्ड परीक्षा तैयारी में खूब खलल डाल दिया। नगर के बैंकट हॉल में रात 10 बजे के बाद भी डीजे का शोर जारी रहा, जो तड़के लगभग 5 बजे तक चलता रहा। तेज ध्वनि प्रदूषण से परेशान नगरवासियों ने कई बार पुलिस को शिकायत की, लेकिन डीजे संचालकों पर पुलिस की कोई कार्रवाई सामने नहीं आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाई-स्कूल और इंटर बोर्ड परीक्षाएं निकट हैं, ऐसे में रातभर होने वाले शोर-शराबे से बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। नगरवासियों ने आरोप लगाया कि देर रात डीजे बजाना कानूनन प्रतिबंधित है, फिर भी पुलिस प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों ने कहा कि तेज आवाज वाला डीजे न सिर्फ बच्चों की पढ़ाई में बाधा डाल रहा है।

# एसएमएस स्कूल में प्राकृतिक आपदा की जानकारी और बचाव विषय पर प्रदर्शनी



## छात्र-छात्राओं ने बनाए मॉडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एस.एम.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राकृतिक आपदा की जानकारी और बचाव विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे।

एस.एम.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राकृतिक आपदा की जानकारी और बचाव प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक राज बहादुर सिंह ने सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा वोल्कानो, टॉरनेडो, सुनामी, लैंडस्लाइड, केदारनाथ बाढ़, भूकंप के कारणों तथा भूकंप आने की स्थिति में इलेक्ट्रॉनिक अलार्म आदि डिजास्टर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट बनाए गए।

प्रोजेक्ट पर अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं से उनके बारे में जानकारी ली। साथ ही इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक राज बहादुर सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं के द्वारा किए गए प्रोजेक्ट से उनकी प्रतिभा का पता चलता है। साथ ही भविष्य में इस प्रकार से कार्य करके अपने जीवन को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहभागिता करे।

इस अवसर पर एक बाल मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं के द्वारा बनाए गए विभिन्न व्यंजनों का अभी आनंद लिया एवं लगाए गए खेल खिलौने के समान सब भरपूर आनंद लिया।

स्कूल के संस्थापक राज बहादुर सिंह को स्कूल के प्रधानाचार्य डा. दिनेश कुमार ने स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक धनेश सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. दिनेश कुमार, राकेश कुमार, संजीव कुमार, राहुल कुमार, अनुज कुमार, कौशेन्द्र कुमार, शिवम कुमार, अनु शर्मा, नाजिया, वार्षिका, नूरीन, यशी आदि ने भाग लिया।

# प्रशासन कर ले तैयारी, हम भरेंगे जेल सारी

## महिला महाशक्ति स्वराज की बैठक में नाबालिग छात्रा का प्रकरण गर्माया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज टीम के द्वारा डबल फाटक निकट कान्हा पैलेस पर एक संयुक्त सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हिन्द युवा महाशक्ति सेना के पदाधिकारी भी शामिल रहे।

हरवेंद्र सिंह राणा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में बुराइयां बढ़ती ही जा रही हैं और नशा तो अपने चरम पर है। छोटे-छोटे बच्चे नशा कर रहे हैं और यहीं से उनमें चोरी और बहुत से गलत कामों की बुरी आदतें पड़ रही हैं। हम सभी को मिलकर जागरूकता अभियान चलाने होंगे।

नाबालिग छात्रा के प्रकरण को लेकर भी दोनों टीमों से चर्चा हुई और तैयारी शुरू करने के निर्देश दिये गये। जिला अध्यक्ष निशि चौधरी ने बताया कि जिला बिजनौर में लगभग 3 हजार गांव है। यदि प्रत्येक गांव से 10 महिलाएं भी आयीं तो 30 हजार महिलाएं भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज टीम की तरफ से जेल भरो आंदोलन का हिस्सा बनेंगी।

सीमा चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद ने बताया कि उन्होंने तो अपने ब्लॉक से सैकड़ों महिलाओं के नाम लिस्टिंग भी कर लिये हैं और जल्द ही यह संख्या हजारों में पहुंच जायेगी। सोनू चौधरी तहसील अध्यक्ष नजीबाबाद ने कहा कि सभी पीड़ित परिवार के साथ हैं और जेल जाने के लिए भी तैयार हैं।

उजाला देवी ब्लॉक अध्यक्ष कोतवाली ने बताया कि सबसे बड़ा ब्लॉक कोतवाली है और सबसे ज्यादा महिलाएं उनके ब्लॉक के गांवों से ही जेल जायेंगी। सरिता डोडवाल ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर ने भी ब्लॉक के सभी गांवों से महिलाओं को साथ लाने का आश्वासन दिया। रेखा चौधरी तहसील उपाध्यक्ष नजीबाबाद ने बताया कि उन्होंने तो अपनी भैंस भी बेच दी और सारे काम निपटा दिये और अब जेल जाने के लिए पूरी तराह तैयार हैं।

सभा की अध्यक्षता मलखान सिंह जिला प्रमुख विश्व हिंदू परिषद ने की और टीम स्वराज की जेल भरो आंदोलन मुहिम का समर्थन किया और साथ देने का आश्वासन दिया। सभा का मंच संचालन राजकुमार चौधरी ने किया। सभा का आयोजन विकास कुमार जिला मीडिया प्रभारी हिन्द युवा महाशक्ति सेना के द्वारा कराया गया। रीता देवी को टीम स्वराज का मण्डल सचिव मुरादाबाद नियुक्त किया गया। कविता देवी को ग्राम अध्यक्ष लालू वाला व सतेंद्र सिंह को ग्राम अध्यक्ष युवा टीम नियुक्त किया गया।

टीम स्वराज से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल रहीं, जिनमें पुष्पा चौहान, गीता शर्मा, ललिता चौधरी, पिंकी देवी, विन्कु चौधरी, अर्पणा शर्मा, रोशी राणा, निधि शर्मा, उपासना राजपूत, आँचल, रेनू कुमारी, संध्या सैनी, पूनम कुमारी आदि थी।

युवा टीम से शुभम कालखंडे, बबलू चौधरी, डॉ. धर्मेंद्र चिकारा, रावेंद्र सिंह, कामेंद्र सिंह, नौशाद खान, रूपेन्द्र सिंह, युधवीर सिंह, पंकज कुमार, संजीव चौधरी, प्रेमपाल सिंह, जोगराज सिंह, अमित कुमार, विष्णु सिंह, अभिषेक, शिवम राठी, रोहित डोडवाल मौजूद रहे।

## एक नजर

### गो सेवा आयोग के सदस्य का स्वागत



**हल्दौर।** गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य दीपक गोयल का स्थानीय बालकिशनपुर चौराहे पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल का युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौ वंश की हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया सरकार का लक्ष्य गौशाला बनवाकर निराश्रित घूम रहे गौ वंशों को आश्रय देना है। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि गौवंशों को निराश्रित न छोड़ें। यदि किसी को भी कही भी गौ हत्या का पता चलता है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार चानू, हल्दौर पालिका सभासद चंद्रपाल सिंह, प्रदीप कुमार, बीनू, अंकुर ननूपुरा, रणधीर चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, निपेंद्र चौधरी, अनुराग, शिवा, कुश चौहान, मोनू चौहान, मुकुल कौशिक, पूर्व प्रधान जितेंद्र शर्मा आदि रहे।

### उर्दू शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर



**सहसपुर।** पब्लिक इंटर कॉलेज में उर्दू अध्यापक शाकिर अली ने कक्षा 10 की छात्रों को उर्दू विषय पर रोशनी डालते हुए इसके इतिहास के बारे में बताया कि उर्दू भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। अध्यापक शाकिर अली ने उर्दू भाषा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि उर्दू साहित्य में कविता, गद्य, और नाटक जैसे विभिन्न रूप शामिल हैं। उर्दू कविता में गजल, नज्म और रुबाई जैसे विभिन्न रूप प्रचलित हैं। उर्दू भाषा एक महत्वपूर्ण भाषा है, जो भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। अध्यापक का कहना है कि पब्लिक इंटर कॉलेज में उर्दू शिक्षा को बढ़ावा देने से छात्रों को भाषा और संस्कृति के बारे में जानने का और गहनता से उर्दू विषय पर ज्ञान की उपलब्धियां संपूर्ण रूप से उपलब्ध की जा रही है।

### गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस मनाया



**हल्दौर।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस बड़ी श्रद्धापूर्वक और गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सहप्रबंधक आशुतोष नागर द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का त्याग केवल इतिहास नहीं, बल्कि मानवता के हृदय में जलती वह ज्योति है जो हमें सत्य, साहस और धर्म की रक्षा का संदेश देती है। प्रवक्ता नीता राजपूत ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान न केवल धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए था, बल्कि पूरे विश्व को यह संदेश देता है कि सत्य के मार्ग में खड़ा व्यक्ति कभी अकेला नहीं होता। उसके साथ सदैव मानवता खड़ी रहती है। विद्यालय के संरचनात्मक एवं शैक्षणिक पर्यवेक्षक विकास पंकज ने कहा कि हम बच्चों में साहस, संवेदना, राष्ट्रप्रेम और मानवता के मूल्यों को विकसित करें। गुरु तेग बहादुर जी ने जिस निडरता से अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाई, वह आदर्श हर विद्यार्थी के चरित्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक है। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, ललित शर्मा, राकेश कुमार, विक्रांत कुमार, अरुण डबास, विशाल चाहल, अपूर्व चौहान, अभिनव चौधरी, जितेंद्र सिंह, निशा राजपूत, स्वाति पाराशर, मानसी, काजल चौधरी, रंजना, प्रियंका चौधरी, महिमा, नमिता रस्तोगी, स्वाति वर्मा, आराधना आदि रहे।

### वालिया ग्लोबल एकेडमी में मॉक ड्रिल




**नजीबाबाद।** सीएफओ मुरादाबाद राजीव कुमार पांडेय के निर्देशन में अग्निशमन प्रभारी नजीबाबाद के.एस. जादौन द्वारा अपनी टीम के साथ पहुंचकर बुंदकी रोड स्थित वालिया ग्लोबल एकेडमी में स्कूली छात्र-छात्राओं और स्टाफ को जागरुक करते हुए मॉक ड्रिल कराई गई। छात्र-छात्राओं अध्यापको को आग से बचाव, फायर उपकरण चलाना, जीव रक्षा के समय लेडर से छत से कैजुअल्टी उतारना, गैस की आग के विषय में जानकारी दी गई।

### आग से छप्परनुमा घर जलकर राख

**बढ़ापुर।** ग्राम पक्का तालाब निवासी शाहवेज पुत्र शईद अहमद छप्परनुमा घर में परिवार सहित रहता था। सोमवार की शाम सभी स्वजन गांव में ही बन रहे मकान पर गए हुए थे, तभी अचानक अज्ञात कारणों से छप्परनुमा घर में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नही पाया जा सका। आग तेजी से पास में बनी छप्परनुमा पशुशाला तक पहुंच गई और पशुशाला को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने बामुश्किल पशुओं के रस्से काटकर पशुओं को बाहर निकाला। आग की चपेट में आकर एक बाइक, घर में रखा अनाज, कपड़े आदि घरेलू सामान जलकर राख हो गया। वहीं पशुशाला में रखा भूसा भी जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने राजस्व विभाग को सूचना दी है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# वीडियो में दिख रहे हथियार खिलौना निकले

## पुलिस विभाग ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ एक युवक का वीडियो वायरल होने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। पुलिस जांच में सभी हथियार प्लास्टिक का खिलौना निकले। जिसके पुलिस विभाग राहत की सांस ली।

बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक युवक एके 47 और हैंडग्रैंड के साथ वीडियो वायरल हो रही थी। जिसके संबंध में पुलिस को पता चला कि वायरल वीडियो में दिख रहा युवक मैजुल निवासी सौफ्तपुर थाना नांगल का है। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसी हरकत में आ गई। जांच में पता चला कि उक्त युवक वर्षों से दक्षिण अफ्रीका में रहकर सैलून चला रहा है। पुलिस ने मैजुल से संपर्क साधा, जिसमें मैजुल ने बताया कि उसकी आईडी पर हथियार दिखाने वाला युवक मेरठ जनपद का रहने वाला है, जिसकी उससे सोशल मीडिया पर दोस्ती हुई थी। जांच में पता चला उक्त युवक आकिब पुत्र नासिर साथला थाना मवाना जनपद मेरठ का निवासी है जो सऊदी अरब में रहकर ड्राइवर का कार्य करता है। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आकिब से संपर्क किया तो उसने बताया कि उसके द्वारा दिखाई गई एके 47 प्लास्टिक का एक मात्र खिलौना है और हैंडग्रैंड की शक्ल में परफ्यूम की शीशी है। जिसके बाद आकिब ने एके 47 प्लास्टिक और परफ्यूम की शीशी की वीडियो सोशल मीडिया पर डाली। नांगल पुलिस ने प्रेस नोट जारी करके बताया कि जांच में पुष्टि हो गई है कि वायरल वीडियो में दिखाए गए हथियार प्लास्टिक का खिलौना है और हैंडग्रैंड परफ्यूम की शीशी है, जिसमें कोई अपराध नहीं है। पुलिस ने राहत की सांस ली।





## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक

**बिजनौर।** स्योहारा में अखिल भारतीय किसान सभा 26 नवंबर को ऐतिहासिक किसान संघर्ष की पांचवीं वर्षगांठ पर देशव्यापी आह्वान के तहत जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करेगी। यह निर्णय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की स्योहारा में हुई बैठक में लिया गया।

धरने के माध्यम से गन्ने के बकाया भुगतान, बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर के विरोध तथा सहकारी बैंकों से लिए गए फसली ऋणों की सब्सिडी किसानों के खातों में न आने जैसे मुद्दों को उठाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कृषि क्षेत्र में कॉर्पोरेट के प्रवेश और किसी भी व्यापार समझौते पर रोक लगाने की मांग भी की जाएगी।

किसानों को सब्सिडी पर समय पर खाद उपलब्ध कराने और उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने की मांग भी प्रमुखता से रखी जाएगी। बाढ़ और चक्रवात से फसलों, पशुओं, घरों और जान-माल के नुकसान का तुरंत आकलन कर पूर्ण मुआवजा देने की भी मांग की गई है।

# बिना फिटनेस वाहनों पर रोक लगे

## ओवरलोड गन्ना लदाई पर मिल प्रबंधन जिम्मेदार होगा : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर आरटीओ, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी समिति अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी चीनी मिल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर निर्देशित करें कि किसी भी अवस्था में बिना फिटनेस एवं ओवरलोडेड वाहनों का गन्ना परिवहन में संचालन नहीं होना चाहिए। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि उक्त प्रकार की शिकायत संज्ञान में आने पर वाहन स्वामी के साथ-साथ मिल प्रबंधन तंत्र के विरुद्ध भी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों निर्देश दिए कि जो भी मार्ग हाइवे से जुड़ रहे है, उन पर तत्काल स्पीड ब्रेकर बनाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि हाइवे पर एक्सीडेंटल व संवेदनशील स्थानों पर दुर्घटना संबंधित पोस्टर लगाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि हाईवे पर शेष रह गए कट को उनको तत्काल बंद करना सुनिश्चित करें जिससे कि कोई भी अप्रिय घटना न होने पाए।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन स्कूलों द्वारा छात्र-छात्राओं के परिवहन में फिटनेस पूर्ण न होने वाले वाहनों का संचालन पूर्णतया प्रतिबंध कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत निर्देश दिए कि उप संभागीय परिवहन विभाग तथा ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से बच्चों का परिवहन करने वाले वाहनों की फिटनेस आदि की चेकिंग करें और कमी पाए जाने पर उनके खिलाफ समुचित कार्यवाही करते हुए उनका परिवहन बंद कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी वाहन बिना फिटनेस के संचालित न पाया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समाज के हर व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ी हुई है, जिसके पेशेनजर आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा को पूर्ण मानकों के अनुसार सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एनएचआई एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए सड़क के दोनों ओर प्राथमिकता पर सुरक्षात्मक चिन्ह एवं रिफिलेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित जगहों पर टेबिल टाप रोड ब्रेकर भी बनवाएं तथा चालकों की सुविधा के लिए उन पर सफेद लाइन भी बनाई जाएं ताकि कम से कम दुर्घटना की सम्भावना रहे।

# दिल्ली में होने वाली महारैली पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष में साबित होगी मील का पत्थर : चंद्रहास

## देश के लाखों एवं शिक्षक कर्मचारी दिल्ली रैली में करेंगे प्रतिभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि 25 नवंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी, जिसमें टीईटी अनिवार्यता एमपीएस एवं यूपीएस के विरोध में देश के लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी अपना आक्रोश दिखाने का कार्य करेंगे।

यह महारैली पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष में मिल का पत्थर साबित होगी। सरकार से टीईटी अनिवार्यता एनपीएस एवं यूपीएस काले कानून को वापस करने की मांग सरकार से करेंगे। पुरानी पेंशन में देश के शिक्षकों एवं कर्मचारी का भविष्य सुरक्षित है, जिसे सरकार को समझना होगा। आज देश का शिक्षक एवं कर्मचारी अपने भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा को लेकर भारी चिंतित है और मुख्य रूप से एनपीएस एवं यूपीएस का विरोध कर रहा है। सरकार को अविलंब पुरानी पेंशन बहाल करनी होगी। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।



# नाट्यदीप संस्था ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नाट्यदीप संस्था द्वारा संस्था के रानी बाग स्थित कार्यालय परिसर में एक सादे किंतु गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था से जुड़े सक्रिय स्वयंसेवकों को विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में स्वयंसेवकों लक्ष्मी शर्मा, भूदेव सिंह, विनोद कुमार, अंकित कुमार, अमित कुमार, कोशल कुमार, रणजीत सिंह, निशांत कुमार, अनिल कुमार, शिवम कुमार, पंकज कुमार, पवन सैनी, रोहित सैनी, नरेंद्र कुमार आदि को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए उनकी सेवाओं एवं समर्पण की सराहना की।

संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि नाट्यदीप संस्था विगत कई वर्षों से सामाजिक एवं सांस्कृतिक जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत है, और इन गतिविधियों को सफल बनाने में स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र चौधरी आदि सदस्यों ने स्वयंसेवकों को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ समाजसेवा में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। समारोह का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष पवन चौहान ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आशीष कुमार, त्रिवेंद्र सिंह, सुनील कुमार, नरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, दिनेश कुमार, चेतन कुमार, राकेंद्र कुमार का विशेष सहयोग रहा।



## एक नजर

### मौलाना शौकत ने कराई दुआ



**अफजलगढ़।** मुस्लिम फंड के पास में इत्र की दुकान का उद्घाटन करने पहुंचे हजरत मौलाना शौकत अली साहब ने अपने खिताब में कहा कि इंसान को अपने मेहनत की रोजी रोटी कमानी चाहिए, जिससे अल्लाह भी खुश होता है। उन्होंने कहा हाफिज मौहम्मद हाशिम ने इत्र का काम करके क्षेत्र में अच्छे काम की शुरुआत की है। हाफिज मौहम्मद हाशिम ने कहा कि मेरी कोशिश होगी कि इस इलाके में अच्छा क्वालिटी का इत्र आम लोगों तक पहुंचे। इस अवसर पर हजरत मौलाना शौकत अली, नाजिम मदरसा जामिल उल उलूम ने दुआ कराई। मुफ्ती रियाज अहमद कासमी ने कहा कि अफजलगढ़ में कोई इत्र की दुकान थोक की नहीं थी, जो अब होने से लोगों को बड़ा फायदा होगा। अल्लाह ताला दिन दोगुनी, रात चौगुनी तरक्की दे। इस मौके पर नगर के तमाम जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

### शुगर मिल अफजलगढ़ ने किया गन्ना भुगतान

**अफजलगढ़।** द्वारिकेश शुगर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड की इकाई बहादरपुर ने पेराई सत्र 2025-26 में 17 दिसम्बरतक खरीदे गये गन्ने का 16 करोड़ 54 लाख 39 हजार रुपये का भुगतान किया। द्वारिकेश चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक उमेश सिंह बिसेन ने बताया कि भुगतान सम्बन्धित गन्ना समितियों में भेज दिया। उन्होंने किसानो से अनुरोध किया कि अपना गन्ना मूल्य भुगतान प्राप्त करें एवं चीनी मिल को साफ-सुथरा, अगोला पत्ती एवं मिट्टी रहित गन्ना आपूर्ति करें।

### शिविर लगाकर होगा पशुओं का उपचार

**बिजनौर।** अफजलगढ़ विकास खंड के महसनपुर गांव में पशुओं में खुरपका, मुहंपका और लंपी जैसी संक्रामक बीमारियां फैल गई हैं। इन बीमारियों के कारण गांव में कई पशुओं की मौत हो चुकी है। पशुपालन विभाग ने जल्द ही शिविर लगाकर पशुओं का उपचार करने की बात कही है। ग्रामीणों के अनुसार खुरपका, मुहंपका और लंपी रोग से अब तक कई पशुओं की जान जा चुकी है। गांव निवासी जगदीश, सतपाल, दिनेश, यशवंत, कुलदीप और यशपाल की गायों के साथ-साथ चंद्रपाल की कटिया की भी इन संक्रामक बीमारियों से मौत हो गई है। इसके अलावा, चंद्रपाल, जगदीश, अरविंद, उदयराज, सोनू, नन्हीं और चमन के कई पशु भी इन बीमारियों से ग्रस्त हैं। पशुओं में फैली इस बीमारी से ग्रामीण चिंतित हैं। कासमपुरगढ़ी के पशु चिकित्साधिकारी सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वैक्सीन मंगाई जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही गांव में चिकित्सा शिविर आयोजित कर बीमार पशुओं का उपचार किया जाएगा।

# नजीबाबाद में एनसीसी क्लब क्रिकेट मैच का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद के राजकीय क्रीड़ा स्थल में एनसीसी क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच में मुजफ्फरनगर ने मुरादाबाद पुलिस अकादमी को 12 रनों से हरा दिया। सोमवार, 24 नवंबर को खेले गए इस चौथे मैच में मुजफ्फरनगर के शुभ चौधरी को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुजफ्फरनगर की टीम ने निर्धारित ओवरों में 169 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से शुभ चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 गेंदों में 86 रन बनाए, जबकि कप्तान विवेक ने 40 रनों का योगदान दिया।

मुरादाबाद की तरफ से सार्थक ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर चार महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुरादाबाद पुलिस अकादमी की टीम 157 रन बनाकर ढेर हो गई और मैच 12 रनों से हार गई। मुरादाबाद के लिए सार्थक ने सर्वाधिक 61 रन बनाए। मुजफ्फरनगर के शुभ चौधरी को उनकी 86 रनों की पारी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष जमील अंसारी ने उन्हें शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर एनसीसी क्लब के अध्यक्ष ताबिश मिर्जा, उपाध्यक्ष संजीव राजपूत, कोषाध्यक्ष राजीव ग्रा. ेवर, फैसल तय्यब, इमरान सिद्दीकी, नवाब अंसारी, अंकित राजपूत, नाजिम बाबा, आदिल कुरैशी, रेहान खान और मोहम्मद काशिफ सहित अन्य कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

# एसआईआर के लिए फॉर्म सहायता कैंप

## नागरिकों की मदद कर रहे जनप्रतिनिधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने के लिए समाजसे. वियों द्वारा फॉर्म सहायता कैंप शुरू किये गए हैं, जिनके माध्यम से वे नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने या संशोधित करने की प्रक्रिया समझा रहे हैं और फॉर्म भरने में मदद कर रहे हैं।

मौहल्ला लाल सराय में मुनीम चौक पर सभासद बदर मुनीम द्वारा एक कैंप चलाया जा रहा है, जिसमें स्वयं सेवी सहायकों, समाजसेवकों, जनप्रतिनिधियों के साथ साथ शासन-प्रशासन के अधिकारी भी पहुंचकर एसआईआर फॉर्म भरने में लोगों की सहायता कर रहे हैं। सोमवार को नगीना तहसीलदार अमरपाल सिंह भी कैंप में पहुंचे और आवश्यक जानकारी दी। बदर मुनीम ने बताया कि उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वार्ड में कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। इस मौके पर जयपाल सिंह, अलका सिंह, राकेश कुमार, तरुण कुमार, योगेंद्र ज्ञानी सिंह, नरेश, शाहरुख, गुल मौहम्मद, रामू, सुधीर, नीरज कुमार, अमित कुमार, महताब, फराज, हमजा आदि मौजूद रहे।

उधर समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव शमशाद रशीद माहिगीर ने भी मौहल्ला सरायमीर में पूर्व सभासद नफीस कुरैशी के आवास पर एक कैंप की शुरुआत की। जहां शमशाद रशीद, बीएलओ और विधायक द्वारा नियुक्त सहायताकर्मियों के अलावा कई समाजसेवक फॉर्म भरने में लोगों की सहायता करने में जुटे रहे।

नागरिकों ने शमशाद रशीद के इस कार्य की सराहना की है। उनका कहना है कि शमशाद रशीद हमेशा समाज सेवा में आगे रहते हैं। शमशाद रशीद ने बताया कि उन्हें समाज सेवा करके बहुत अच्छा लगता है। खासकर ऐसे समय में जब कई नागरिकों को एसआईआर फॉर्म भरने में कठिनाई होती है। इस मौके पर नईम अहमद, उस्मान कुरैशी, सादिक भाई, नफीस अहमद कुरैशी, अरशद राइन, उस्मान कुरैशी आदि मौजूद रहे।



# वन आरक्षित क्षेत्र की जमीन पर बने मकानों को खुद तोड़ रहे परिवार



## कोर्ट के आदेश के बाद कार्रवाई शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बिजनौर के मोहनपुर गांव में वन आरक्षित क्षेत्र की जमीन पर बने अवैध मकानों को सात परिवारों ने खुद ही तोड़ना शुरू कर दिया है। वन विभाग द्वारा जारी नोटिस और कोर्ट के फैसले के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। रविवार से शुरू हुआ मकान तोड़ने का काम सोमवार को भी जारी रहा।

बिजनौर के रेंजर महेश गौतम ने बताया कि वन आरक्षित जमीन को वन विभाग द्वारा पहले ही खाली करा लिया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि मोहनपुर आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध रूप से कब्जा कर खेती की जा रही थी, जिसे पिछले साल ही वन विभाग द्वारा खाली कराया गया था।

महेश गौतम के अनुसार इसी क्षेत्र में सात परिवार पक्के मकान बनाकर रह रहे थे। वन विभाग ने पहले इन परिवारों को नोटिस जारी किया था, लेकिन उन्होंने जमीन खाली नहीं की थी।

इसके बाद डीएफओ की ओर से इन लोगों को एक महीने पहले बेदखली का नोटिस जारी किया गया। यह परिवार हाईकोर्ट में अपने मामले की सुनवाई के दौरान केस हार गए थे।

हाईकोर्ट के फैसले के बाद, इन परिवारों ने कुछ दिनों का समय मांगा था। इसके चलते रविवार से उन्होंने अपने मकान खुद ही तोड़ने शुरू कर दिए हैं। पक्के मकान होने के कारण इन्हें तोड़ने में समय लग रहा है।

# स्योहारा के इंटर कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता

**बिजनौर।** स्योहारा के इंटर कॉलेज में सोमवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य ने छात्रों को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं और यह सहगामी क्रिया स्वास्थ्य को मजबूत बनाती है। प्रधानाचार्य ने स्वयं विद्यालय के मैदान पर जाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। बायोलॉजी के शिक्षक कांता प्रसाद पुष्पक ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। जब मस्तिष्क स्वस्थ होता है, तो व्यक्ति शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में तरक्की करता है। इस मौके पर खेल शिक्षक विजेंद्र सिंह, मनोज दुबे, अरविंद कुमार, ओमेन्द्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, विनेश यादव और वंदना देवी सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी बच्चों के बीच खेल के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

# नहरों में जल्द छोड़ा जाएगा पानी

## पीलीडैम, रामगंगा फीका दोआब की सिल्ट सफाई पूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अफजलगढ़ सिंचाई खंड (धामपुर) के नियंत्रणाधीन पीलीडैम और रामगंगा फीका दोआब की नहरों में जल्द ही पानी छोड़ा जाएगा।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता पंकज कुमार जैन ने बताया कि मानसून सत्र के बाद से नहरों और अल्पिकाओं की सिल्ट सफाई तथा मरम्मत का काम शुरू किया गया था। अब नहरों और माइनरों की सिल्ट सफाई का कार्य पूरा हो चुका है।

पीलीडैम और कालागढ़ स्थित रामगंगा नदी से संचालित होने वाली रामगंगा फीका दोआब, जटपुरा-शाहपुर माइनर सहित अन्य नहरों में नवंबर माह के अंत तक सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा। जाब्तानगर, ढकिया और शाहपुर राजवाहा जैसी सभी अल्पिकाओं में भी पानी छोड़ा जाएगा।

विभाग का लक्ष्य है कि सभी नहरों और माइनरों में टेल तक पानी पहुंचे, ताकि कोई भी किसान सिंचाई से वंचित न रहे।

क्षेत्रीय किसानों, जिनमें धीरेन्द्र शेखावत, रोहताश तोमर, कपिल चौहान, अब्दुल मलीक और वीरेंद्र सैनी शामिल हैं, ने बताया कि रबी की फसल को पाले और कोहरे से बचाने के लिए इस समय सिंचाई की अत्यधिक आवश्यकता है। किसानों ने नहरों में पानी आने की खबर पर खुशी व्यक्त की है।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD ASIF SHAN से बदल कर MOHAMMAD ASIF रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD ASIF के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**MOHAMMAD ASIF S/O MOHAMMAD ARIF**
**R/O MOH. BAZARKALA, MANDAWAR**
**DISTRICT - BIJNOR**

**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**विकास क्षेत्र हल्दौर, जिला बिजनौर**

पत्रांक/बेसिक ख.शि./806-10/2025-26 दिनांक: 12/11/ 2025

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास क्षेत्र हल्दौर के परिषदीय विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बिसाट के एक कक्ष जो की जर्जर है की नीलामी प्रक्रिया प्रात: 10:30 बजे 26/ 11/ 2025 को प्राथमिक विद्यालय बिसाट (मूल विद्यालय) में ही होगी। नीलामी की शर्तें विद्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

**आज्ञा से-खंड शिक्षा अधिकारी, हल्दौर, बिजनौर।**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र नावेद व उसकी पत्नी श्रीमती गुलशन ने मेरी इच्छा के विरूद्ध भाग कर शादी कर ली थी। ये दोनों आये दिन मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट करते हैं। गुलशन आये दिन घर से बाहर रहती है। मेरे टोकने पर मुझे व मेरे परिवार को दहेज के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है। नावेद व उसकी पत्नी गुलशन की हरकतों से तंग आकर मैंने इन दोनों को अपनी जिंदगी से नाहक/सम्बंध विच्छेद कर दिया है और इनसे मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**नासिर पुत्र स्व. श्री अब्दुल सलाम, निवासी मौ. लड़ापुरा, निकट मछियारे बिजनौर, थाना कोतवाली शहर, जनपद बिजनौर, उ.प्र.**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम TAMANNA PARVIN से बदल कर TAMANNA PARVEEN रख लिया है। भविष्य में मुझे TAMANNA PARVEEN के नाम से जाना व पहचाना जाये।

TAMANNA PARVEEN W/O IQRAR AHMAD
निवासी ग्राम इस्लामपुर दास, बिजनौर पिन कोड-246701

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहे बाइक सवार की अज्ञात वाहन से टकराकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सडियापुर निवासी अंकित पुत्र मामचंद ने नूरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है कि उसका सगा बड़ा भाई पंकज 27 वर्ष रविवार की रात्रि थाना हल्दौर के गांव अमहेड़ा रिश्तेदारी शादी में आया था जो रात्रि को पता नहीं किन कारणों से अपनी बाइक द्वारा थाना क्षेत्र नूरपुर के गांव धमरोला पहुंचा।

सुबह सूचना मिली कि सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन से टकराकर उसकी मौत हो चुकी है, जो गांव धमरोला में दूध फैक्ट्री के सामने सड़क किनारे पड़ा मिला। पुलिस द्वारा दी गई सूचना पर विश्वास करते हुए वह घटनास्थल पर पहुंचा तो उस वक्त भाई की मौत हो चुकी थी। उसने बताया है कि वह दो भाई थे, जिसमें पंकज की मौत हो गई और वह अब अकेला बचा है। पंकज अभी अविवाहित था और गांव में ही रहता था। पिता मामचंद नोएडा में किसी कंपनी में काम करते हैं।

फिलहाल अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराकर पुलिस द्वारा जांच की मांग की गई है। गांव में लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे।

# आरआर पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता

## विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल की डायरेक्टर प्राची गुप्ता व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

खेल शिक्षक जीवन सिंह के अनुसार कक्षा नर्सरी में बालक वर्ग से 40 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रमित प्रथम, दिव्यांश द्वितीय, राजवर्धन तृतीय। जूनियर केजी सी में शौर्य कुमार प्रथम, कुशांक द्वितीय, जुलक. रेन तृतीय। सीनियर केजी बी में आरव प्रथम, दैविक द्वितीय, देव तृतीय। बालिका वर्ग से नर्सरी में कीर्ति प्रथम, चैरी द्वितीय, सुखप्रीत तृतीय। सीनियर केजी बी में काव्या प्रथम, अफीफा द्वितीय व अनाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नर्सरी ए में बालक वर्ग से मेंढक दौड़ प्रतियोगिता में राज्यवर्धन प्रथम, भविष्य द्वितीय, गिवांश तृतीय। नर्सरी बी में उन्नत प्रथम, रूद्र द्वितीय, सूर्यांश तृतीय। नर्सरी बालिका वर्ग से शंकु दौड़ प्रतियोगिता में आयजा प्रथम, मिशाका द्वितीय, कृतिका तृतीय। नर्सरी बी में युवांश प्रथम, सार्थक द्वितीय, लिवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर केजी बी बालक वर्ग की नींबू चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में बासु प्रथम, रुद्र द्वितीय मलकित तृतीय। सीनियर केजी ए में दक्ष प्रथम, रूद्रजीत द्वितीय, आरुष तृतीय। बालि. का वर्ग से जूनियर केजी बी में ईशु प्रथम, पारकी द्वितीय, निकिता तृतीय। सीनियर केजी ए में शानवी प्रथम, विनिका द्वितीय, अनन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर केजी ए बालक वर्ग की समूह दौड़ प्रतियोगिता में मौहम्मद असद प्रथम, हनु द्वितीय, मौहम्मद अफफान तृतीय। सीनियर केजी सी में तेजवीर प्रथम, हर्षवर्धन द्वितीय, अनिरुद्ध तृतीय। बालिका वर्ग से जूनियर केजी ए में ईशा प्रथम, आयजा द्वितीय, अंजल तृतीय। सीनियर केजी सी में गितिलन प्रथम, रूष्टि द्वितीय, कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में संजीव डबास, रीना रानी, अलका चौहान, भारती त्यागी, मीनू वर्मा, सोनम राजपूत, मोनिका, शिखा चौधरी, रुबीना अंजुम, नैन्सी चंद्रा आदि का सहयोग रहा।

# एसआईआर विशेष शिविर में मिला बड़ा लाभ

## दस्तावेजों की जांच कर 403 फॉर्म भरे, 306 ऑनलाइन एंट्री, 1475 जमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिसर में मतदाता सूची से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को आसान बनाने के लिए एक विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों को फॉर्म वितरण से लेकर फॉर्म भरवाने और जमा कराने तक सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं।

सुबह से ही नागरिक बड़ी संख्या में शिविर पहुंचते रहे। बीएलओ ने मौके पर मौजूद रहकर लोगों के फॉर्म सावधानीपूर्वक भरवाए और आवश्यक दस्तावेजों को जांचते हुए प्रक्रिया पूरी कराई।

अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के अनुसार, शिविर में कुल 403 फॉर्म भरे गए, 306 ऑनलाइन दर्ज हुए, जबकि 1475 फॉर्म अगले दिन जमा किए गए। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविरों के आयोजन से आम लोगों को काफी सुविधा मिलती है और अपडेट प्रक्रिया तेज होती है।

शिविर में पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान के पुत्र और युवा सपा नेता अमित प्रताप सिंह भी पहुंचे और अपने समर्थकों के साथ कई लोगों की सहायता की। स्थानीय लोगों ने कहा कि शिविर में बीएलओ और पालिका स्टाफ का सहयोग संतोषजनक रहा, जिससे फॉर्म भरने में कोई कठिनाई नहीं हुई। अधिकारी उम्मीद कर रहे हैं कि आगामी दिनों में और अधिक लोग अपनी प्रविष्टियाँ सही कराएंगे।

अधिकारियों ने जनता से अपील करते हुए कहा कि जिसने अभी तक अपना वोट फॉर्म नहीं भरा है, वह जल्द से जल्द इसे पूरा करें। यह न केवल अधिकार है बल्कि जिम्मेदारी भी है।

शिविर में अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला, रेवेन्यू इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह, बड़े बाबू पवन कुमार, अमित गुप्ता, विशाल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता, पुष्पेंद्र सक्सेना सहित पालिका स्टाफ सक्रिय रहा। अमित प्रताप सिंह, नसीम राणा, अरमान अली, रविंद्र कुमार पप्पू, नाजिम कुरैशी, सरदार गुरमीत सिंह आदि ने भी उपस्थिति दर्ज की।

# निर्माणाधीन नाले में घटिया सामग्री के प्रयोग से रोष

## ग्रामीणों ने किया हंगामा जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव पावटी में ब्लॉक प्रमुख निधि से निर्माणाधीन लगभग 165 मीटर लंबे नाले में घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने के आरा. पों ने ग्रामीणों में भारी नाराजगी पैदा कर दी। सोमवार को ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर जोरदार हंगामा किया और कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए।

जानकारी के अनुसार पावटी में बैंक के सामने से लेकर बाजार परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक लगभग नौ लाख रुपये की लागत से नाला निर्माण कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मानकों के विपरीत निम्न स्तरीय सामग्री प्रयोग किए जाने के कारण नाले में जगह-जगह दरारें उभर आई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण पूरा होने से पहले ही दरारें दिखाई देना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच कराते हुए दोषी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं ठेकेदार गिरवर सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वे स्वयं मौके पर पहुंचकर नाले में आई दरारों की मरम्मत जल्द कराएंगे।

हल्दौर ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह ने बताया कि संबंधित जेई को तत्काल प्रभाव से जांच के निर्देश दे दिए गए हैं और कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीडीओ कुणाल रस्तोगी ने भी आश्वासन दिया कि नाले के निर्माण की गहन जांच कराई जा रही है तथा जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों के रोष और प्रशासन की सक्रियता के बीच अब यह मामला नाले के निर्माण की वास्तविक गुणवत्ता को लेकर जांच का महत्वपूर्ण विषय बन गया है।

# खराब ट्रॉली से कार की भिड़ंत, किसी को चोट नहीं



## लोगों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जैतरा में रौनक नर्सिंग होम के सामने बीती देर शाम एक कार ने सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। सड़क पर भीड़ होने के बावजूद हादसा नियंत्रित रहा और किसी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं लगी।

बताया गया कि ट्रॉली पहले से ही खराब हो चुकी थी और उसे किनारे खड़ा कर दिया गया था। हालांकि उसके पीछे किसी प्रकार का चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर या संकेत नहीं लगाए गए थे। कार चालक सामान्य रफ्तार में था, लेकिन अचानक सामने ट्रॉली आने के कारण वाहन संभाल नहीं पाया और हल्की टक्कर हो गई। टक्कर से कार का आगे का भाग क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत कार को पीछे कराया और सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की तत्परता से स्थिति बिगड़ने नहीं पाई। सूचना पाकर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को सड़क किनारे करवा दिया। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में यह सामने आया कि ट्रॉली खराब थी और चालक ने संकेतक नहीं लगाए थे, जिसकी वजह से कार चालक समय रहते सावधान नहीं हो सका।

# बीसीए के विद्यार्थियों का देहरादून भ्रमण

## वन अनुसंधान, संरक्षण तथा पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन से संबंधित जानकारी ली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के बीसीए विभाग के विद्यार्थियों ने देहरादून का एक शैक्षिक-सांस्कृतिक दौरा किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक जानकारी के साथ-साथ सांस्कृतिक जागरूकता प्रदान करना था।

यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने सबसे पहले एफआरआई (फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट), देहरादून का अवलोकन किया। विश्व-प्रसिद्ध एफआरआई की भव्य औपनिवेशिक शैली की इमारत, संग्रहालय दीर्घाएं और शोध विभागों ने सभी छात्रों को अत्यंत प्रभावित किया। यहां छात्रों ने वन अनुसंधान, संरक्षण तथा पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

इसके पश्चात दल ने बुद्ध मंदिर (माइंडरोलिंग मॉनेस्ट्री) का दर्शन किया। शांत वातावरण, तिब्बती स्थापत्य कला और मंदिर की आंत. रिक शिल्पकला ने सभी विद्यार्थियों को आकर्षित किया। छात्रों ने सांस्कृतिक विविधता एवं आध्यात्मिकता के विषय में गहरी समझ विकसित की। भ्रमण के उपरांत संस्थान की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने छात्रों से पूरे टूर के विषय में जानकारी प्राप्त की और उन्हें भविष्य में भी अन्य शैक्षिक-सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करने के लिए प्रेरित किया। इस भ्रमण का सफल संचालन विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। उनके साथ सहायक प्रो. शिल्पी राजपूत, शबनम, करुणा धीमान, विभु चौहान, पियूष चौहान आदि स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। संस्थान के चेयरमैन मनोज राजपूत ने पूरे दल को सुरक्षित एवं ज्ञानवर्धक यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। दौरा छात्रों के लिए अत्यंत शिक्षण-संपन्न और यादगार सिद्ध हुआ।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष बचाव के लिए वन विभाग अलर्ट

**बढ़ापुर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व की सोना नदी वन रेंज में मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए वनकर्मियों ने जंगल में गश्त बढ़ा दी है। वनकर्मी पास के गांवों में जाकर ग्रामवासियों को इसके प्रति जागरुक भी कर रहें है। कार्बेट टाइगर रिजर्व की सोना नदी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र सिंह चकरायत ने वनकर्मियों के साथ आरक्षित वन के समीपवर्ती गांवों भोगपुर, कुआं खेड़ा व मदपुरी आदि में ग्रामीणों से संवाद कर उनको मानव व वन्यजीव संघर्ष से बचाव के उपायों आदि के प्रति जागरुक किया। वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र सिंह चकरायत ने ग्रामीणों को बताया कि सर्दी का मौसम शुरु हो गया है। मानव वन्यजीव संघर्ष का शीत काल में सबसे ज्यादा खतरा बाघ व गुलदार के प्रजनन काल के दौरान होता है। मौसम के सर्द होते ही वन विभाग मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए जंगल में गश्त तेज कर वन्यजीवों व वनों में बाहरी लोगों के प्रवेश की आशंका को लेकर सघन सतर्कता बरत रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान में वन विभाग का सहयोग करने की अपील की है।

# एसआईआर सामान्य प्रक्रिया घबराएं नहीं: खालिक चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी और कांग्रेस पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष खालिक चौधरी ने चुनाव आयोग द्वारा जारी एसआईआर (वोटर लिस्ट संशोधन) को लेकर नगरवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यह पूरी तरह सामान्य व नियमित प्रक्रिया है।

उन्होंने बताया कि आयोग समय-समय पर मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए ऐसे अभियान चलाता है ताकि हर पात्र नागरिक का नाम सही जानकारी के साथ दर्ज हो सके। खालिक चौधरी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को एसआईआर संबंधी नोटिस मिला है तो घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। बस फार्म को सही, स्पष्ट और पूरी जानकारी के साथ भरकर जमा कर दें। यह कार्रवाई केवल सत्यापन के उद्देश्य से की जाती है न कि किसी भी प्रकार की सजा या दंडात्मक कदम के लिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस प्रक्रिया को लेकर गलत बातें फैलाकर नगर में दहशत पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि एसआईआर केवल सूची में संशोधन और त्रुटि सुधार की औपचारिक प्रक्रिया है। फार्म भरने में किसी भी तरह की परेशानी होने पर नागरिक सीधे बीएलओ या संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। खालिक चौधरी ने कहा कि वह स्वयं भी जनता की मदद के लिए हमेशा उपलब्ध हैं ताकि कोई भी व्यक्ति भ्रम या अफवाहों में न फंसे।

# चीनी मिल क्रय केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चांदपुर गन्ना परिषद विभाग अधिकारी वीएम पाठक ने धनोरा और चांगीपुर चीनी मिलों के क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्रों पर तौल व्यवस्था सही पाई गई। समिति ने कृषकों से इंडेंट, पर्ची और गन्ने की गुणवत्ता पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा में कृषकों ने अवगत कराया कि नई प्रजातियों के पेड़ी गन्ने में वांछित वजन नहीं आ रहा है। हालांकि यह आशा है कि पौधा गन्ने में वजन ठीक आ सकता है।

सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षण विश्वामित्र पाठक ने इस बात पर जोर दिया कि बीज बदलाव के परिणामस्वरूप नई प्रजातियों को समय की कसौटी पर खरा उतरना होगा, तभी कृषकों को वास्तविक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने निरीक्षण के निष्कर्षों के आधार पर समिति ने कृषकों के हित में कई महत्वपूर्ण विषयों को रेखांकित किया। सबसे पहले वर्तमान में प्रचलित 0238 गन्ना प्रजाति के बीज बदलाव को प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि किसानों को रोग-प्रतिरोधी और उच्च-उपज वाली नई प्रजातियां मिल सकें। दूसरे गन्ना उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए पंचामृत खेती यथा ट्रेंच, सहफसली, ड्रिप इरीगेशन, पेडी प्रबंध, ट्रेस मलचिंग आदि की पद्धति को व्यापक रूप से बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कृषकों को इस उन्नत विधि का लाभ उठाने हेतु तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाना चाहिए। समिति ने किसानों को एसएमएस पर्ची के माध्यम से गन्ना आपूर्ति की जानकारी देने की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और सुगम बनाने पर बल दिया, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अंत में क्रय केंद्रों पर गन्ना डालने की सुविधा को सुव्यवस्थित किया जाए ताकि किसानों को अपना गन्ना बेचने के लिए अनावश्यक रूप से इंतजार न करना पड़े। विभाग का मानना है कि इन सभी उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने से कृषक सशक्त होंगे और चीनी उद्योग को स्थिरता प्राप्त होगी।

## एक नजर

### साइबर क्राइम की जानकारी दी

**कोतवाली देहात।** थाना पुलिस द्वारा के.एस. चिल्ड्रन एकेडमी में साइबर क्राइम के बारे में छात्र और छात्राओं को जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रोजेक्टर पर बच्चों को लघु फिल्म दिखाकर समझाया गया। थाना कोतवाली देहात के उप निरीक्षक विपिन कुमार के नेतृत्व में थाने की साइबर क्राइम टीम ने छात्र-छात्राओं को बताया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए अपने सोशल मीडिया अकाउंट को बेहद सतर्कता के साथ चलाएं। किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी न बताएं। कोई भी व्यक्ति यदि रौब दिखाकर पैसे की मांग करें तब इसकी सूचना पुलिस को दे। यदि साइबर क्राइम का शिकार हो जाए तो पुलिस को सूचना दें। फोन पर आई अनजान कॉल पर एकदम से विश्वास न जताएं। इस दौरान प्रोजेक्टर पर लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह, राहुल गुप्ता, नगमा जहां, चित्रा भास्कर, कुसुम रानी आदि मौजूद रहे।

### नेशनल फार्मेसी वीक-2025 मनाया



**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट बिजनौर में 64वां नेशनल फार्मेसी वीक-2025 मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, संस्थान की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा व फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डा. दशरथ सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा क्रिकेट, बैडमिंटन, बॉलीवाल व पोस्टर प्रेजेंटेशन में टीम बनाकर इन प्रतियोगितओं का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में फार्मा कैपिटल टीम विजयी रही। बॉलीवाल में डी फार्मा द्वितीय वर्ष की टीम विजयी रही। इसी प्रकार पोस्टर प्रेजेंटेशन में डी. फार्मा. प्रथम वर्ष की छात्रा महविश विजयी रहीं और बैडमिंटन में अभिषेक सिंह विजयी घोषित हुए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्था के प्रबंधक मनोज कुमार व फार्मेसी प्राचार्य डा. दशरथ सिंह ने छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में इस प्रकार की अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डा. दशरथ सिंह, विभागाध्यक्ष अंशुल त्यागी व प्रवक्ताओं में डा. संगीता रानी, डा. गुंजन रानी चौधरी, कु. कनिष्का चौहान, श्रीमति नीरू राजपूत, हर्ष सिसोदिया, श्रीमति अनुप्रिया चौधरी, नजर खान, अजीत कुमार, रजनीकांत, लोकेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र साल्यान व अजय कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एसआईआर हेल्प डेस्क कैंप




**नहटौर।** नगर कांग्रेस कमेटी नहटौर के तत्वावधान में कपड़ा बाजार में जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में एसआईआर हेल्प डेस्क कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सहयोग एवं मार्गदर्शन देने वालों में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष जहाँगीर (सुईट), अमित त्यागी, नदीम अहमद, परवेज इकबाल, तस्लीम मंसूरी, मौहम्मद रब्बानी, आफताब अंसारी, अजमत हुसैन, खलील अहमद, लईक अहमद, आफताब अहमद कांग्रेसजन शामिल रहे। सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कैंप में क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनी गई। एसआईआर योजना से जुड़ी हर प्रकार की जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराई गई। नगर अध्यक्ष जहाँगीर सुईट ने सभी उपस्थित लोगों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सभी कांग्रेसजनों, विशेष रूप से सहयोग देने वालों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया तथा कांग्रेस पार्टी की जनसेवा और जनकल्याण की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### दर्शन सिंह रावत बने ब्लॉक उपाध्यक्ष



**अफजलगढ़।** भाकियू (टिकैत) की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए दर्शन सिंह रावत को ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया। वादीगढ़ चौराहा स्थित ब्लॉक मुख्य महासचिव रमेशचंद्र शेखावत के आवास पर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान की अध्यक्षता में भाकियू (टिकैत) की अफजलगढ़ ब्लॉक इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय किसानों से 25 नवंबर तक अपनी अपनी समस्याएं लिखित रूप में दिए जाने का आह्वान करते हुए 26 नवंबर को बिजनौर में आयोजित होने वाली संगठन की पंचायत में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कादराबाद निवासी पूर्व ग्राम प्रधानपति दर्शन सिंह रावत को संगठन का ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत कर उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा गया। बैठक में देवेंद्र कौशिक, मुख्तियार सिंह, कुलदीप सिंह, जसवीर सिंह फौजी, बाबू सिंह, संजय शर्मा, यूसुफ कुरैशी, शकील कुरेशी, डॉ. राजपाल सिंह, जसपाल सिंह व चरणजीत सिंह आदि किसान नेताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### सहकारी समिति की साधारण सभा की बैठक



**नांगल सोती।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति नांगल सोती की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में किसानों से समिति से खेती के उपयोग के लिए ऋण लेने का आह्वान किया गया। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति नांगल सोती, जीतपुर, खानपुर में भरत सिंह की अध्यक्षता में वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के एमडी वीरेंद्र सिंह ने किसानों को बताया कि समिति को 11 लाख 6 हजार 978 रुपए का वार्षिक लाभ हुआ है, इसके साथ ही समिति का सकल लाभ 83 लाख 93 हजार रुपए हो गया है। वर्तमान में समिति में 3580 सदस्य है। किसानों को अधिक से अधिक समिति के सदस्य बनना चाहिए। एमडी ने किसानों को समिति द्वारा दिए जा रहे ऋण योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और किसानों से कम ब्याज दर पर ऋण लेने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से कहा कि किसान अपनी फसलों में समिति से खाद खरीद कर ही प्रयोग करे। किसान नेता दिगम्बर सिंह ने कहा कि समिति किसान के विकास की रीढ़ है, इसलिए किसानों को समिति से जुड़ना चाहिए। बैठक सभापति गार्विन चौधरी, ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह, कुलवीर सिंह, राजवीर काकरान आदि किसान मौजूद रहे।



सम्भल- विगत वर्ष शाही जामा मस्जिद के दूसरी बार सर्वे के दौरान हुई हिंसा की पहली बरसी पर रूट मार्च करते डीएम-एसपी।



सम्भल- सत्यव्रत पुलिस चौकी स्थित कन्ट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों से शहर का जायजा लेते अधिकारी

# हिंसा की बरसी पर दलबल के साथ मौजूद रहे डीएम-एसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत वर्ष हुई हिंसा की पहली बरसी पर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहे। डीएम और एसपी ने नगर भर में फ्लैगमार्च कर जनमानस में सुरक्षा का भाव जगाया और आसामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने का संदेश दिया।

**०नगर भर में निकाला फ्लैग मार्च**

। करसम्भल में विगत वर्ष 24 नवंबर 24 को शाही जामा मस्जिद का सुबह सवेरे दूसरी बार सर्वे कराने के दौरान भड़की हिंसा में पथराव और आगजनी व गोलीबारी में पांच की जान चली गई थी। हिंसा की पहली बरसी पर सोमवार को पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने संयुक्त रूप से नगर भर में फ्लैगमार्च निकालकर जहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, वहीं आसामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने और जनमानस को भयमुक्त रहने का संदेश दिया। शहर में हर स्कूल, कॉलेज और बाजार सामान्य रूप से खुले रहे तथा माहौल पूरी तरह से शांत रहा।



सम्भल- हिंसा की पहली बरसी पर शहर की सड़कों पर फ्लैग मार्च निकालते पुलिस के जवान

## कन्ट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों से लिया जायज़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** साल भर पूर्व हुई हिंसक वारदात से शहर पर फिर से संवेदनशीलता का दाग लग गया था। इसलिए हिंसा के बाद से ही शासन की निगाह सम्भल की ओर हो गयी। प्रदेश सरकार ने तभी से सम्भल में सुरक्षा के कड़े कदम उठाए। शहर में दो नए थाने, 33 पुलिस चौकियां और पाँच आउटपोस्ट बनाए गए। जबकि 250 से अधिक हाई-क्वालिटी वाले सीसीटीवी कैमरों से शहर को लैस कर दिया गया। इसका कंट्रोल रूम शहर की 24 घंटे निगरानी कर रहा है। हिंसा की पहली बरसी पर पहुंचे जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेंसिया व पुलिस अधीक्षक ने सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बने कन्ट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की लगी स्क्रीन से शहर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## हिंसा के बाद से पीएसी और आरएएफ के जवान है तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंसा के बाद से शहर की सुरक्षा को ओर भी चाक चौबंद रखा जा रहा है। हर अहतियाती कदम उठाने के साथ सुरक्षा के लिए तीन सेक्शन पीएसी, आरआरएफ और स्थानीय पुलिस की भी भारी तैनाती रहती है। जबकि पुलिस का खुफिया विभाग भी पूरी तरह अलर्ट रहकर हर स्थिति पर अपनी नजर बनाये रखे रहता है। इसके अलावा पुलिस और प्रशासन के स्थानीय अधिकारियों के साथ आला अधिकारी भी विशेष निगाह पल-पल अपनी नजर बनाये रखे हुए हैं।

## हिंसा के आरोपियों में आधे से अधिक की हो चुकी है ज़मानत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत वर्ष हुई हिंसा के आरोप में 12 मुकदमें दर्ज किये गए थ। इनमें 133 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जिनकी निचली अदालत ने जमानत आवेदनों को खारिज कर दिया था। इनमें से आधे से अधिक की इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मंजूर की जा चुकी है। जबकि कुछ आरोपियों के वारंट जारी किए गए है। पुलिस उनकी तलाश में लगी हुई है। जबकि मुख्य साजिश रचने का आरोपी शारिक साटा अभी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी कार्रवाई की जा रही है।

## एक साल से कानून व्यवस्था में आया जमीन-आसमान का अंतर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले एक साल में सम्भल की कानून-व्यवस्था में जमीन और आसमान का अंतर्र आ गया है। नए थाने, चौकियां, एटीएस यूनिट और अत्याधुनिक इंटीग्रेटिड कमांड सेंटर ने सुरक्षा तंत्र को काफी मजबूत किया है। उन्होने बताया कि जहां बड़े पैमाने पर होने वाली बिजली चोरी पर अंकुश लगा है, वहीं चोरी पर रोक, बदमाशों पर कार्रवाई के चलते विगत एक वर्ष में जनमानस प्रशासन के कामकाज से पूरी तरह संतुष्ट है।

## सुरक्षा तंत्र की मजबूती और कानून व्यवस्था को खुले थाने और चौकियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जामा मस्जिद के दूसरी बार सर्वे के दौरान हुई हिंसक वारदात की पहली बरसी पर नगर में फ्लैग मार्च के शामिल पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने कहा कि एक साल में सम्भल की कानून व्यवस्था और भी सुदृढ़ बनाने व कानून व्यवस्था को ओर मजबूती के लिए नई पुलिस चौकियों के साथ नये थानों का सृजन किया है। इससे न केवल कानून व्यवस्था की बड़ी मजबूती बनी है बल्कि अपराधियों पर खौफ और जनमानस में भी सुरक्षा की भावना काफी बड़ी है।

## सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सदर जामा मस्जिद भी हैं आरोपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एक साल पहले हुई हिंसक घटना में समाजवादी पार्टी के सांसद जि;याउर्रहमान बर्क और जामा मस्जिद के सदर जफर अली भी आरोपी हैं। हलांकि सपा सांसद ज़ियाउर्रहमान बर्क की गिरफ्तारी पर रोक के साथ उनके खिलाफ दायर चार्जशीट पर हाईकोर्ट ने स्टे दे रखा है। जबकि सदर जफर अली 131 दिन पर उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद रिहा हुए थे। उन्होने भी पुलिस द्वारा दाखिल चार्जशीट को हाईकोर्ट में चुनौति दे रखी है।

## एक नज़र इधर भी

### फांसी के फंदे पर लटककर दी युवक ने जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के अझरा गांव निवासी ग्रामीण ने रात्रि को फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी।
थाना क्षेत्र के गांव निवासी 32 वर्षीय ग्रामीण ने रविवार रात्रि घर में ही फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह जब परिजनों ने लटका हुआ देखा तो चीख निकल गई।जहां परिजनों ने बिना किसी पुलिस कार्यवाही के ही सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया बता दें कि ग्रामीण शराब पीने का आदी था।

### अभिनेता धर्मेन्द्र के निधन पर शोक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 89 की उम्र में निधन हो गया है। सिने प्रेमियों ने धर्मेंद्र के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। सिने प्रेमियों ने कहा कि लोकप्रिय फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र का निधन अत्यंत दु:खद एवं कला व फ़िल्म जगत की अपूर्णीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।उ नको हम श्रृद्धांजलि अर्पित की। शोक व्यक्त करने वालों में कल्लू वार्ष्णेय, बंटी, अन्नू, रविराज गुप्ता, सतीश वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, सुनील कुमार, प्रशान्त वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### शांति भंग में दो किए गिरफ्तार

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** शांति भंग में दो गिरफ्तार बबराला थानाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व मे कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने को थाना बबराला पुलिस टीम द्वारा 2 अभियुक्त गिरफ्तार कर न्यायालय भेजे। बबराला पुलिस ने महावीर पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम मीरमपुर व अमर पुत्र प्यारेलाल निवासी लोहिया कालोनी थाना बबराला को शान्ति भंग करने पर धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया। इसको न्यायालय उपजिलाधिकारी गुन्नौर के समक्ष पेश किया। इनको गिरफ्तार करने में उ.नि. ब्रजपाल सिह,का. केशव व का. अजय थाना बबराला रहे।



सम्भल- सर्पदंश मृत्युमुक्त भारत अभियान के तहत जागरूक करते।

### सर्पदंश पर झाड़फूंक नहीं तत्काल जाए अस्पताल

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सर्पदंश मृत्यु-मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को सांपों की पहचान, बचाव और सही उपचार की जानकारी दी गई। ग्राम मऊ भूड़ स्थित इंटर कॉलेज में ऑल इंडिया वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम के तत्वावधान में आयोजित सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम में जाबुल स्नेक सेवर ने बच्चों को बताया कि देश में हर साल 50 हजार से ज़्यादा लोग झाड़-फूंक और अंध विश्वास के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। उन्होंने कहा कि सांप के काटने पर झाड़-फूंक नहीं, बल्कि तुरंत अस्पताल जाना चाहिए, क्योंकि समय पर इलाज ही जीवन बचाता है। कार्यक्रम में छात्रों को बताया गया कि भारत में पाई जाने वाली सांपों की अधिकांश प्रजातियाँ विषहीन होती हैं। विषैले और विषहीन सांपों की पहचान कैसे करें, उनसे दूरी कैसे बनाए रखें और आपात स्थिति में क्या करें। इन सब पर विस्तार से जानकारी दी गई। जाबुल स्नेक सेवर ने यह भी बताया कि यदि किसी घर या खेत में कोई विषैला सांप दिखाई दे, तो उसे मारें नहीं, बल्कि वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू टीम को सूचना दें। टीम ऐसे जीवों को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ती है। उन्होने बताया कि जागरूकता ही सर्पदंश से होने वाली मौतों को रोकने का सबसे बड़ा हथियार है। टीम की कोशिश है कि समाज अंधविश्वास छोड़कर सही उपचार की ओर कदम बढ़ाए।

### कैम्प में भरवाए एसआईआर फार्म

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर पंचायत बबराला कार्यालय के सामने एसआईआर से सम्बंधित कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों ने अपने फार्म भरे। लोगों को फार्म ठीक प्रकार भरने के लिए सुबह 9 बजे से नगर पंचायत कार्यालय के सामने एसआईआर से संबंधित एक विशेष कैंप लगाया लगा। जिसमें एसआईआर फार्म न मिलने, फार्म भरने में किसी प्रकार की समस्या का निस्तारण किया गया। नगर के बीएलओ कैंप में रहे। उन्होंने आधार कार्ड व पहचान पत्र के साथ लोगों के फार्म भरे और जमा किये। साथ ही इस कैंप में आकर लोगों ने सही फार्म भरकर बीएलओ को जमा किये। इस दौरान ईओ अमरेश तिवारी, प्रशान्त वार्ष्णेय, नितिन, सचिन, सुधीर आदि मौजूद रहे।

### एसआईआर को कांग्रेस की कान्फ्रेंस

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** एसआईआर को लेकर जिला कांग्रेस की प्रेस कान्फ्रेंस चन्दौसी रोड स्थित जिला कार्यालय पर आज की जायेगी। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने जिला कांग्रेस कमेटी समस्त फ्रंटल के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी और वरिष्ठ कांग्रेस जनों से कार्यालय पहुंचने का आहवान किया।

## थानाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में एंटी रोमियो टीम तथा बबराला थाना के थानाध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों और महत्त्व से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रओं में महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और कानून संबंधी जागरूकता बढ़ाना था। बबराला थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बच्चों को बताया कि मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके अन्तर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर आदि की जानकारी दी और आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग करने का आग्रह किया। एंटी रोमियो टीम के सदस्यों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया पर सावधान रहने तथा किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने पुलिस विभाग के जागरूकता अभियान का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं में सुरक्षा जागरूकता, आत्मविश्वास और अधिकारों के प्रति सजगता बढ़ाते हैं।



## मिशन शक्ति के तहत योजनाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में मिशन शक्ति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न संबंधित विभागों द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो के विषय में जानकारी प्राप्त की। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला हिंसा से संबंधित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा ,साइबर आदि का प्रचार प्रसार किया जाए।

## धर्मेन्द्र ने फिल्म जगत व जाम समाज में अलग पहचान की स्थापित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**०जाट समाज ने शोकसभा का आयोजन कर दी श्रद्धांजलि**

**सम्भल।** हिंदी सिनेमा के हीमैन और फिल्मी दुनिया के बेताज बादशाह माने जाने वाले एक्टर धर्मेन्द्र देओल के निधन पर शोक छा गया। नगर के आनंद विहार कालोनी स्थित अजय गिल के निवास पर जाट समाज की ओर से शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा में दो मिनट का मौन का धारण कर परम पिता परमेश्वर से आत्मा की की शांति को प्रार्थना की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि धमेन्द्र देओल ने फिल्म जगत में व देश में जाट की अलग पहचान स्थापित की। शोक सभा में अजय सिंह गिल, विजय पाल सिंह, अरविन्द सिंह एडवोकेट, मनीष सिंह,जसदेव सिंह,नरेश कुमार, शहनवाज सम्भली,अनुज कुमार,रवि कुमार एडवोकेट,भीष्म सिंह देवल, प्रदीप कुमार एडवोकेट,प्रवेंद्र सिंह एडवोकेट, रमेश सिंह एडवोकेट व अन्य जाट समाज के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## ओवरलोड वाहन बन रहे दुंघटनाओं का सबब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**०हादसे रोकने को विभाग को चलाना चाहिए अभियान**

**बबराला।** वाहन चालकों को नियमों का पूर्ण ज्ञान नहीं है। इसी कारण दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। चालक जरा सा वाहन चलाना सीखते नहीं, सड़कों पर तीव्र गति से वाहन की दौड़ लगना शुरू कर देते हैं ।ऐसे चालक लाइसेंस भी आसानी से प्राप्त कर लेते हैं। क्षेत्र में अंनट्रेन्ड टेक्टर टेंपो व ट्रक चालकों की भरमार है। जो धड़ल्ले से वाहन दौड़ाते हैं। ओवरलोड वाहन मानकों को ताक पर रखकर सरपट सड़कों पर दौड़ लगाते है। ट्रक भी ओवरलोड हो कर सड़कों पर दौड़ते हैं ।लेकिन विभाग मूकदर्शक बना रहता है जब यह वाहन बीच सड़क पर खराब होते हैं तो इन्हें हटाना मुश्किल होता है। रात या सुबह के समय कोहरा होने पर जब यह दिखाई नहीं देते तो वाहन इनसे टकरा जाते हैं और दुर्घटनाओं शिकार हो जाते हैं। अब जबकि सर्दी का मौसम शुरु हो चुका है और सुबह को कोहरा अभी से दिखाई देने लगा है ऐसे में यह वाहन दुर्घटना का सबब बन सकते हैं। ऐसे वाहनों को रोकने के लिए विभाग को अभियान चलाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है और वाहन धड़ल्ले से दौड़ लगा रहे हैं।

## निर्यात दायित्व पूरा करने पर दिये जाएंगे दस लाख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बासमती के निर्यात एवं भौगोलिक उपदर्शन पंजीकृत कृषि उत्पाद बासमती के उत्पादकों/निर्यातकों/विक्रेताओं को अधिकृतउपयोगकर्ता बनाए जाने पर चर्चा की गई। कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अवनीश कुमार सिंह निरीक्षक कृषि विपणन विभाग के द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि निर्यात नीति-2019 के अन्तर्गत क्लस्टर निर्माण कर निर्यात दायित्व पूरा करने पर रुपया 10 लाख का अतिरिक्त प्रोत्साहन क्लस्टर को दिया जायेगा। एक क्लस्टर निर्माण हेतु कम से कम 50 हेक्टेयर भूमि होना आवश्यक है। उपज का कम से कम 30 प्रतिशत निर्यात करने पर क्लस्टर को ये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।बोध मिश्रा जिला कृषि अधिकारी द्वारा जी.आई पंजीकृत कृषि उत्पाद बासमती के उत्पादकों, निर्यातकों/विक्रेताओं को जानकारी दी

## योजना की धीमी प्रगति पर सीडीओ ने जताई नाराजगी

**०मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में सुधार लाने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना एक जनपद एक उत्पाद योजना एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की समीक्षा बैठक की गई। कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की धीमी प्रगति पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जतायी उन्होने बैठक में मौजूद जिला समन्वयक को निर्देशित योजना की प्रगति में सुधार लाने को निर्देशित किया। इसी के साथ-साथ उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए गए कि पंजाब नेशनल बैंक के डीजीएम को इस आशय का पत्र प्रेषित किया जाए। जिसकी प्रतिलिपि एसएलबीसी, आयुक्त मुरादाबाद मंडल एवं निदेशक उद्योग कानपुर को भी प्रेषित किया जाए। इसके अलावा योजना की धीमी प्रगति पर केनरा बैंक के रीजनल मैनेजर को भी पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना की भी समीक्षा की गई योजना की धीमी प्रगति पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। एलडीएम एवं बैंक समन्वयक को निर्देश दिए गए की योजना में शत प्रतिशत प्रगति लाई जाए। जिससे जनपद की रैंकिंग में सुधार किया जा सके। बैठक में उपायुक्त उद्योग सहायक प्रबंधक एलडीएम केनरा बैंक के जिला समन्वयक पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिनिधि यूपी ग्रामीण बैंक के समन्वयक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि एवं लाभार्थी भी उपस्थित थे।



सम्भल- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा करते मुख्य विकास अधिकारी।

## वीडियो बनाने में मारपीट के दो आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के रुदायन गांव में घर जाकर वीडियो बनाने तथा विरोध पर मारपीट के मामले को लेकर थाना पुलिस ने जहां 7 लोगों को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था तो वहीं उनमें से कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
थाना क्षेत्र के रुदायन गांव एक पक्ष के किशनपाल तथा दूसरे पक्ष के संतोष यादव में पुरानी रंजिश चली आ रही है। कुछ दिनों पहले भी मारपीट की गई थी जिसमें पुलिस ने कार्यवाही की थी। बीते शनिवार को भी एक पक्ष के लोगों द्वारा घर जाकर वीडियो बनाने तथा विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया। वायरल वीडियो में दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडों से मारपीट दिखाई दे रही है। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची तो दोनों पक्ष ?रार हो गए थे। पुलिस ने स्वयं तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज की, जिसमें 7 लोगों को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जिसमें से पुलिस ने एक पक्ष के किशनपाल तथा दूसरे पक्ष से मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### कार से बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा से टकराई कार

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** अचानक सामने आयी गाय से बचाने में कार ई रिक्शा से टकरा गयी। हादसे में ई रिक्शा सवार तीन घायल हो गये। घयलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। सोमवार की शाम बहजोई से सम्भल की ओर टाटा नेक्सन कार तेज गति में आ रही थी। ग्राम भवन के निकट अचानक कार के सामने एक गाय आ गयी। गाय से बचाने को कार चालक ने बचाने का प्रयास किया लेकिन सामने से आ रहे ई रिक्शा से टकरा गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार पूनम (38) पत्नी जगतपाल,निवासी चंदौसी,राधा (28) निवासी टंकी मोहल्ला, बहजोई दुर्गा (16) घायल हो गए। बताते हैं उसी मोहल्ले की रहने वाली तीनों महिलाएं रिश्तेदारी में एक शादी समारोह से लौट रही थीं। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर बहजोई पुलिस तुरंत पहुंची। 112 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पहुंचाया गया। घायलों की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

## शत-प्रशित डिजिटाइजेशन पर बीएलओ को दी 5100 की राशि

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**०पहले डिजिटाइजेशन पर दी जाएगी 2100 की राशि**

**सम्भल।** विधानसभा सभा निर्वाचन क्षोत्रें की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में गणना प्रपत्रों के वितरण/ संग्रहण, डिजिटलाइजेशन आदि कार्य चल रहे हैं। विकासखण्ड असमोली के उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट मुरथला के बूथ नं 201 जिसमें कुल मतदाता 937 हैं का बीएलओ मित्र पाल सिंह सहायक अध्यापक पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय धुरैटा विकासखण्ड पवांसा द्वारा जनपद में सर्वप्रथम शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा इनके इस कार्य को लेकर प्रशंसा की गयी। जिलाधिकारी ने बीएलओ मित्रपाल सिंह को सर्वप्रथम मतदाता सूची को डिजिटाइज्ड करने पर शॉल ओढ़ाकर तथा पुस्तक तथा 5100 की प्रोत्साहन देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र ही शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची को सबसे पहले डिजिटाइज्ड करने वाले टॉप टेन बीएलओ को 2100 की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

खबरे छुपाता नहीं, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र राहिल पुत्र हुसैन निवासी मौ. डेरा सराय तह. व जिला सम्भल गलत संगत में पड़ गया है। उसका चाल चलन ठीक नहीं है। जिस कारण मैं अपने पुत्र राहिल को अपनी जमीन जायदाद व अन्य सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। अब मेरा मेरे पुत्र राहिल से कोई रिश्ता या सम्बंध नहीं रहा है। मेरे पुत्र राहिल द्वारा किसी भी लेन-देन या अन्य किसी भी कार्य के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा मैं या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**हुसैन पुत्र अब्दुल माजिद**
नि. मौ. डेरा सराय तहसील व जिला सम्भल।

# अपहरण कर दस लाख की फिरौती मांगने वाले सात आरोपी गिरफ्तार, अपहृत युवक सकुशल बरामद

● मझोला थाना पुलिस ने दो महिलाओं सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अपहरण कर फिरौती की मांग करने वाले सात आरोपियों, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं, को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से अपहृत परवेज पुत्र शरीफ को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो कारतूस, नौ मोबाइल फोन, एक टाटा सफारी और एक हुंडई वेन्यू कार भी बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देश और क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के पर्यवेक्षण में गठित टीम ने 48 घंटे के भीतर घटना का सफल अनावरण कर दिया।मामला बीती 22 नवंबर का है, जब बरेली निवासी परवेज का छहख्रसात अज्ञात लोगों, जिनमें दो महिलाएं भी थीं, ने अपहरण कर लिया था। परिजनों से 10 लाख रुपये फिरौती की मांग की गई और जान से मारने की धमकियां भी दी गईं। पीड़ित के भाई आजन पुत्र नूरुल हक की तहरीर पर थाना मझोला में मुकदमा दर्ज किया गया था।



शुरुआत में 83 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर भी कर दिए, जिसके बाद आरोपियों का लालच बढ़ गया और उन्होंने बाकी रकम भी भेजने का दबाव बनाना शुरू किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर पुलिस टीम ने तकनीकी और फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर आरोपियों की तलाश तेज की। 24 नवंबर को गंगन नदी रोड, मल्कदा तिराहे के पास से पुलिस ने विकुल कुमार उर्फ कैलाश सिंह, शोमिक त्यागी, अमन, नितिन, शाकिर, नेहा और संगीता को दबोच लिया। सभी आरोपी अलग-अलग मुरादाबाद और अमरोहा जिले के रहने वाले हैं। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह आसान तरीके से "अच्छी कमाई" करने के इरादे से जुड़े थे।

उन्होंने बताया कि 22 नवंबर की शाम उन्हें परवेज अकेले मिला, जिसके बाद उन्होंने नय मुरादाबाद क्षेत्र से उसे कार में बैठाकर अगवा कर लिया। फिरौती न देने पर परवेज को तमंचे की नोक पर धमकाया गया और उसके परिचितों को फोन कर रकम मंगवाने का दबाव बनाया जाता रहा। आरोपियों ने उसकी कार छिपा दी थी और मोबाइल फोन व चाबी नेहा के पास रखवा दी गई थी। पुलिस टीम की इस सफलता की क्षेत्र में खासी चर्चा है और पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है।

## 25 दिसम्बर तक बनेगा 70 प्लस बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू करने की तैयारियां में जुटा है। अभियान 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें पात्र बुजुर्गों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य निदेशक ने सभी जिलों में सीएमओ को पत्र जारी कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं।सीएमओ कुलदीप सिंह ने बताया कि शासन के आदेशानुसार 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। कार्ड बनाने के लिए एसआईआर के डाटा का उपयोग किया जाएगा, जिससे पात्र बुजुर्गों की पहचान सरलता से की जा सके। गोल्डन कार्ड बनाने की सीएससी, राशन की दुकानों और अन्य निर्धारित स्थानों पर उपलब्ध रहेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता मदद करेंगी।

# चेकिंग में पकड़े गए दो युवकों से चोरी की दो बाइकें बरामद

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो बाइक सवार युवकों को पड़कर चोरी की बाइक बरामद कर ली पकड़े गए युवको के खिलाफ अलग-अलग थानों में दर्जनों मामले दर्ज बताएं जा रहे हैं। मुख्तियारपुर नवादा रेलवे फाटक के पास पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी तभी दो बाइक सवार वहां से आते दिखाई दिए पुलिस को चेकिंग करते देख बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया लेकिन शक होने पर पुलिस ने दोनों को दबोच लिया पकड़े गए युवको के पास से पुलिस ने मुरादाबाद से चोरी की गई दो बाईके बरामद की। चोरों में एक ने अपना नाम एजाज पुत्र अबरार निवासी छत्तावाली गली टाउन हॉल बुध बाजार जनपद मुरादाबाद बताया जबकि दूसरे ने



देवेंद्र उर्फ भोलू पुत्र राम भरोंसे निवासी मोहल्ला घोसीपुरा कस्बा व थाना कांठ जनपद मुरादाबाद बताया युवकों के पास से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और दूसरी होंडा शाइन बरामद की गई चोरी का रेडमी मोबाइल भी पकड़े गए युवकों से बरामद हुआ बताया गया कि पकड़े गए युवक एजाज पर थाना कांठ थाना बिलारी थाना मुगलपुरा एवं थाना मझोला में मुकदमे दर्ज हैं जबकि भोलू के ऊपर थाना कांठ सहित थाना मुगलपुरा मझोला आदि जगह पर मुकदमे दर्ज हैं पुलिस ने दोनों चोरों का संबंधित धारा में चालान किया है।

## टिमिट के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक भ्रमण का हुआ सफल आयोजन



**मुरादाबाद।** टिमिट के कॉमर्स एवं मैनेजमेंट संकाय द्वारा बीबीए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए देवरपन फूड्स प्रा. लिमिटेड के लिए एक औद्योगिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को खाद्य उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली, पैकेजिंग तकनीकों तथा आधुनिक प्रबंधन पद्धतियों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था। छात्रों ने फैक्ट्री के विभिन्न विभागों जैसे कच्चे माल के चयन, प्रोसेसिंग यूनिट, ऑटोमेटेड पैकिंग सिस्टम और वितरण नेटवर्क को निकट से समझा। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उद्योग के भविष्य, नवाचार एवं उद्यमिता के अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. विपिन जैन, डीन टिमिट ने इस अवसर पर कहा कि औद्योगिक भ्रमण छात्रों की अकादमिक यात्रा को वास्तविक उद्योग अनुभव से जोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल सिद्धांत तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि छात्रों को उस ज्ञान की व्यावहारिक उपयोगिता भी समझ में आनी चाहिए। डॉ. जैन ने कहा कि देवरपन फूड्स जैसे सफल भारतीय उद्योग छात्रों को गुणवत्ता, नवाचार, टीमवर्क और प्रबंधन दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रदान करते हैं। उन्होंने यह विश्वास व्यक्त किया कि इस भ्रमण से छात्रों में व्यवसायिक दृष्टिकोण, उद्योग की समझ और करियर निर्माण के प्रति आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अंत में उन्होंने आयोजन टीम की सराहना करते हुए सभी छात्रों को अपने भविष्य के प्रति सजग, जिज्ञासु और लक्ष्य-उन्मुख रहने के लिए प्रेरित किया।

# सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक फहीम इरफान ने मतदाताओं को एसआईआर के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सोमवार को सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान क्षेत्र के नगर पंचायत महमूदपुर माफी के नगलिया मशकुला पहुंचे, जहां उन्होंने अनेक बूथों पर पहुंचकर मतदाताओं से वार्ता की।

इस दौरान सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने मतदाताओं को हो रही समस्याओं को भी जाना, उन्होंने अपने पार्टी के बीएलए को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं के अभी तक गणना प्रपत्र नहीं मिल पाए हैं उनकी सूची तैयार करके क्रमबद्ध तरीके से बीएलओ से मिले और उनके प्रपत्र ढूंढवाने में मदद करें।

इसके अलावा मतदाताओं की 2003 की लिस्ट से मिलान करवाकर मैपिंग करवाने में बीएलओ का सहयोग करवाएं। आगे कहा कि यदि किसी भी तरह की मतदाताओं को कोई परेशानी एसआईआर फार्म भरने में हो रही है, तो उस परेशानी को बीएलए को बताएं और बीएलए अपने जिम्मेदारी समझते हुए हल



कराने की कोशिश करें, यदि बीएलए के स्तर से परेशानी हल नहीं हो पा रही है तो वह कैम्प कार्यालय में आकर या दूरभाष पर ही अपनी शिकायत बता दें, जिससे उनकी सभी परेशानियों को समय रहते हल किया जा सके। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान मोहम्मद युनुस सैफी, बीएलओ संगीता देवी, अनीश, इदरीस, गुलशन, इशरत जहां, मकसूद मियां, नईम, सलीम, अल्फेज, जीशान मोहम्मद राशिद आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं में मासिक धर्म जागरूकता बढ़ाने को वर्कशॉप की आयोजित



**चन्दौसी।** होपयूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन की जिला सम्भल चन्दौसी टीम द्वारा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर स्कूल ग्राम पथरा चन्दौसी में छात्राओं के लिए पीरियड अवेयरनेस वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रबंधक ममता रानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मासिक धर्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं और उन्हें जागरूक किया। फाउंडेशन की जिला कोऑर्डिनेटर स्वीटी सिंह एवं रेखा गौतम ने भी छात्राओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया और स्वच्छता, स्वास्थ्य तथा आत्म-सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। होपयूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ. कृष्णा सिंह ने छात्राओं को पीरियड हेल्थ और हाइजीन से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा इस विषय पर खुलकर बात करने और स्वयं को जागरूक रखने के लिए प्रेरित किया।

बाद में छात्राओं को सैनेट्री पैड भी वितरित किए गए। इस दौरान क्षमता, सुशीला, सीमा अग्रवाल, योगेश, आभा रानी, रेशमा, दुर्गेश नंदिनी, आरती सिंह, राजकुमारी, रंजीत कौर, काजल आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण, खेल प्रतियोगिताओं में महर्षि दयानन्द के छात्रों का रहा जलबा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** 20 व 21 नवंबर को राजेंद्रा एकेडमी भीकनपुर में विधानसभा कांठ के अंतर्गत ग्रामीण ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, कुश्ती तथा एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज के 46 छात्रों ने खेल शिक्षक पदम सिंह के दिशा निर्देशन में प्रतिभाग करते हुए अपना दबदबा बनाए रखा प्रतियोगिता में 29 छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा 17 छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक पर कब्जा जमाया विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने इस उपलब्धि के लिए खेल शिक्षक पदम सिंह तथा सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते




हुए कहा कि ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ जनपद स्तरीय, मंडल स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी हमारे छात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और हमें आशा है कि आगे आने वाली प्रतियोगिताओं में भी हमारे छात्र बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन करते रहेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मदन सिंह खेल शिक्षक पदम, सिंह अखिलेश कुमार विश्नोई,दीपक सिंह, सुन्दर सिंह, इंद्रपाल सिंह, गौरव कुमार, भानु प्रताप सिंह, पीतांबर सिंह, हरीश चंद्र तिवारी आदि शिक्षकों के साथ-साथ वैभव नकुल चौहान दीपांशु लकी कार्तिक चौहान दीपक शौर्य बिश्नोई असमित गर्व अग्रवाल आदि खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## हाइवे पर ट्रकों से तीन कारें टकराई क्षतिग्रस्त



**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे स्थित लक्ष्मीपुर कट्टई पुलिस चौकी के समीप सुबह के समय ट्रक से नैकसेना कार ट्रक से टकरा गई जिसमें बैठे लोगों को छोटे नहीं लगी टक्कर लगते ही कार के एयरबैग खुल गए,कार के अगला हिस्से में टक्कर लगने से पहिया टूट गया और वह बीच हाइवे पर ही रुक गई, जिससे हाइवे पर जाम की स्थिति बन गई,यातायात पुलिस कर्मियों ने क्रेन की मदद से कार को बीच रोड से हटावाया, इसके बाद आई 20,वैन्यू कार ट्रक से टकराते हुए क्षतिग्रस्त हो गई जबकि उसमें बैठे लोगों को घोंटें नहीं लगी, बिना पुलिस के कार्यवाही के ही सभी वाहन अपनी अपनी दिशा में चले गए गए, राहगीरों ने बताया कि हर दिन जीरो प्वाइंट पर कोई न कोई घटना होती रहती है।

# विद्युत लाइन शिफ्टिंग में जगह-जगह करना पड़ रहा विरोध का सामना

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ की जा रही विद्युत लाइन की शिफ्टिंग में जगह-जगह पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। मगर विद्युत विभाग की टीम जिम्मेदारी के साथ अपने काम को अंजाम देने में लगी है सर्व विदित है कि सड़क के चौड़ीकरण के चलते बिजली की लाइन के लगे खंभे अब सड़क किनारे पहुंच चुके हैं कहीं-कहीं तो खंबे सड़क के बीच में आ गए हैं जिसकी वजह से विद्युत लाइन शिफ्टिंग का काम किया जा रहा है इसके लिए शिफ्टिंग को लेकर खंबे जगह-जगह डाल दिए गए हैं और संबंधित ठेकेदार द्वारा द्वारा इन्हें स्थापित कराया जा रहा है। लेकिन कई जगह पर कई दुकानदारों द्वारा खंबे लगाने के काम में बाधा उत्पन्न की जा रही है आसपास के दुकानदार खंबा उसके सामने या उसके सामने लगाने को लेकर विरोध कर रहे हैं। जिसकी वजह से इस काम मे रुकावट पैदा हो रही है। लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए खंबे यथा स्थान पर लगाए जाने का क्रम जारी है। दुकानदारों द्वारा इस काम में डाली जा रही रुकावट को लेकर भी लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।



# टीएमयू के कुलाधिपति को फिर अयोध्या आने के लिए आमंत्रण

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुरेश जैन के संग जीवीसी मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन भी होंगे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र-ट्रस्ट के विशेष अतिथि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र- ट्रस्ट की ओर से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन को अयोध्या आने के लिए आमंत्रित किया गया है। वह 25 नवंबर को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण समारोह में सम्मिलित होंगे। यह आमंत्रण ट्रस्ट के महासचिव श्री चंपत राय की ओर से भेजा गया है। उन्होंने टीएमयू के जीवीसी मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन को भी इस भव्य समारोह में आने के लिए आमंत्रित किया है। कुलाधिपति श्री जैन बोले, यह हमारा सौभाग्य है, श्रीराम ने हमें फिर अयोध्या बुलाया है। ट्रस्ट की ओर से आधिकारिक आमंत्रण पत्र में मेहमानों को समारोह की गाइडलाइंस भी भेज दी गई है, जिसमें कहा गया है, सभी मेहमान राम पथ पर बिरला धर्मशाला के सामने रामानन्दाचार्य द्वार से प्रातः 08 बजे श्रीराम मंदिर में प्रवेश करेंगे। उल्लेखनीय है, कुलाधिपति सुरेश जैन और जीवीसी मनीष जैन श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र- ट्रस्ट के आमंत्रण पर 22 जनवरी, 2024 को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भी हिस्सा बन चुके हैं। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन पहली बार श्रीराम लला के दर्शन करेंगे। इस नव्य, दिव्य और भव्य समारोह के लिए देशभर से चुनिंदा जाने-माने साधु-संतों समेत दीगर क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियों-मशहूर उद्योगपति श्री मुकेश अंबानी, बिग बी श्री अमिताभ बच्चन आदि को आमंत्रित किया गया था। उल्लेखनीय है, इस ऐतिहासिक पल के लिए टीएमयू की ओर से शब्दोपासना स्मारिका- सबके राम भी प्रकाशित की गई थी, जिसमें कुलाधिपति सुरेश जैन के संग-संग यूनिवर्सिटी के शिक्षाविदों, वरिष्ठ साहित्यकारों सीनियर्स जर्नलिस्ट्स के पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन के विभिन्न आयामों पर केंद्रित एक्सक्लूसिव लेख शामिल हैं। कुलाधिपति और जीवीसी सबके राम इस राम स्मारिका को प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित किया था।



**मुरादाबाद।** आस्था के झरोखे से...अयोध्या में 22 जनवरी,2024 को श्री रामलला के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुरेश जैन और जीवीसी मनीष जैन।

# दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी में जयवीर पुत्र होतेलाल के घर के मैन गेट का ताला तोड़कर चोर नगदी गहने बर्तन चोरी कर ले गए। शनिवार को जयवीर की पत्नी ममता घर का ताला लगाकर रिश्तेदारी में शादी समारोह में गई थी अन्य सभी परिजन हरियाणा में रहकर मजदूरी कार्य करते हैं। शनिवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर घर को खंगाल लिया और बच्चों की गुल्लक में रखे रुपये व गहने तथा पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए। रविवार की सुबह चोरी की जानकारी पर ममता घर आई और घर में चोरी की जानकारी बाहर रह रहे पति जयवीर को बताई। जयवीर ने आकर घर में हुई चोरी की तहरीर पुलिस को दी । पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**संबंध विच्छेद/बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र **अख्तर अली** व पुत्रवधू **श्रीमती फरजाना** को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**श्रीमती रईसा बेगम पत्नी स्वर्गीय पुत्तन अली निवासी बाजार कुन्दरकी तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

श्रीमती नीतू चौधरी पत्नि श्री सुमित अग्रवाल व सुमित अग्रवाल पुत्र श्री विजय अग्रवाल निवासी मकान नं0 2/1360 बुद्धि बिहार मुरादाबाद सम्पत्ति-फ्लैट नं0 ई-111, अपर ग्राउन्ड फ्लोर, सुपरटैक पाम ग्रीन, मुरादाबाद के स्वामी बैनामे रजिस्टर्ड दिनांक 03.02.2018 क्रम संख्या 954 उपनिबन्धक द्वितीय मुरादाबाद से हैं। उक्त सम्पत्ति को श्रीमती रेहाना पत्नि श्री संजय विशाल सिंह निवासी डी-21, रामगंगा बिहार फेज-2 मुरादाबाद द्वारा एग्रीमेन्ट दिनांक 15.10.2025 के अनुसार खरीदा जाना है। जिसके लिये भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन सेन्टर सिविल लाईन मुरादाबाद द्वारा ऋण स्वीकृत किया जाना है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल आवंटन पत्र दिनांक 19.03.2015 कहीं खो गया है। जिससे सम्बन्धित एफ0 आई0 आर0 L.A.R.No. 20250000810017 दिनांक 06.11.2025 पर दर्ज है। यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई जानकारी मिलती है तो इस नम्बर पर सूचित करें। मो0 नं0-9719477308

**( श्रीमती रेहाना )।**

# कटघर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अपराध नियंत्रण व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कटघर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सोमवार को पुलिस टीम ने 694 ग्राम अवैध चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान इरशाद पुत्र इस्तियाक हुसैन निवासी घौसियो वाली गली, इस्लाम नगर थाना कटघर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक कपिल कुमार अपनी टीम के साथ चेकिंग के दौरान क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ले रहे थे। इसी दौरान पुलिस को इरशाद संदिग्ध अवस्था में दिखा। रोककर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लगभग 694 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। बरामद मादक




पदार्थ की बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। इस संबंध में थाना कटघर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपी चरस को इतनी बड़ी मात्रा कहां से लाया और किसे सप्लाई करने वाला था।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कपिल कुमार के साथ थाना कटघर पुलिस के अन्य कर्मी शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी तेज गति से जारी रहेगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर मतदाताओं का किया सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र ठाकुरान के अनेकों बूथों पर विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं के सामने आ रही समस्याओं को घर-घर जाकर बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से दूर कराया साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता धर्मेंद्र गांधी ने बताया कि पूरी विधानसभा में केवल एक ही स्थान पर अपना वोट होना चाहिए यदि किसी व्यक्ति के दो या दो से अधिक जगह पर वोट बने हुए हैं तो वह तुरंत वहां के बूथों से वोट कैंसिल करा कर अपना एक स्थान पर ही फॉर्म जमा करें साथ ही आवाहन किया गया कि इसमें लेट लतीफी न करें और अभिलंब ही अपने बूथों के बीएलओ को फॉर्म जमा कर दें ठाकुरान शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 242 पर बीएलओ के



साथ मिलकर फॉर्म भरवाए गये व बीएलओ को फॉर्म जमा भी किए गए।

इस मौके पर भाजपा के धर्मेंद्र गांधी के साथ विश्व हिंदू परिषद के रजनीश गर्ग सुरेंद्र शर्मा राहुल शर्मा चंद्रभान सिंह एसपी कंडेरा विनीत कुमार अनूप सिंह राजकुमार सागर मोहम्मद अहसान सौंजेश शर्मा जुबेर अहमद गजेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह आदि सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गणना प्रपत्र भरवाने में सहयोग करने को एसडीएम ने ली बैठक



**बिलारी।** गणना प्रपत्र भरने का कार्य चल रहा है। इसको लेकर एसडीएम विनय कुमार सिंह ने नगर पालिका सभागार में पहुंचकर यहां पर सभासद, बीएलओ, राशन डीलर आदि के साथ समीक्षा बैठक कीॠ इस बीच उन्होंने सभी के गणना प्रपत्र भरवाने में सहयोग देने का आह्वान भी किया है। एसडीएम विनय कुमार सिंह नगर पालिका सभागार में पहुंचे। जहां नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बूथों की वोटर लिस्ट की एसआईआर के संबंध में बैठक ली गई।

उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को सभी बूथों पर कैंप लगाए जाएंगे तथा अपने-अपने मतदान स्थल पर पहुंचकर अपने गणना प्रपत्र जमा करने को निर्देश दिए गए, कहा कि जिन मतदाताओं को अभी तक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ वह अपने पोलिंग स्टेशन पर पहुंचकर बीएलओ से अपना प्रपत्र प्राप्त कर लें। इस भी सभी बीएलओ आदि को जानकारी दी गई। कहा कि सभी इस कार्य में सहयोग करें ताकि कार्य जल्द पूरा हो।

### समाजवादी पार्टी ने किया बड़ा संगठनात्मक बदलाव मोहम्मद इमरान अंसारी को सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**कुंदरकी।** समाजवादी पार्टी ने संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए ग्राम जैतपुर पट्टी, कुंद. रकी निवासी मोहम्मद इमरान को समाजवादी लोहिया वाहिनी उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। यह नियुक्ति समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर की गई है। पार्टी द्वारा जारी मनोनयन पत्र में कहा गया है कि मोहम्मद इमरान से अपेक्षा है कि वे समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने के साथ संगठन को और अधिक मजबूत एवं गतिशील बनाएंगे। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि यह नियुक्ति युवाओं में जोश भरने के साथ आगामी राजनी. तिक गतिविधियों को नई दिशा देगी।

### महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर अस्पताल में भर्ती कराया

**सुरजननगर।** सोमवार को सुरजननगर चौकी क्षेत्र के डिलारी मार्ग पर एक महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सुरजननगर निवासी उषा देवी पत्नी अनिल चौहान अपने घर के बाहर कार्य कर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मारी, जिससे उषा देवी को अंदरूनी चोटें आईं। घटना के बाद उन्हें तुरंत पास के एक चिकित्सक के पास ले जाया गया। चिकित्सक ने उषा देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। परिजनों को सूचना मिलने पर वे तत्काल उन्हें एक बड़े अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार जारी है।

## मंदिर की भूमि में रास्ता बनाने का विरोध रास्ता बनाने का विरोध, जान से मारने की धमकी, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के गांव बहादुर नगर निवासी राजू उर्फ भगत पुत्र जस्सू सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए कहा है कि गांव के कुछ दबंग लोग मंदिर परिसर की भूमि में अपने खेतों पर जाने के लिए जबरन रास्ता निकालने का प्रयास कर रहे थे । जब उसने मंदिर की भूमि में रास्ता निकालने का विरोध किया तो दबंगों ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली । पीड़ित ने नाम दर्ज पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की । लेकिन पुलिस द्वारा कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई और नहीं उसकी रिपोर्ट दर्ज की गई । पुलिस को शिकायती पत्र देने की भनक लगने पर दबंग आग बबूला हो गए । धमका रहे हैं कि मुझे बस तेरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा देंगे। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भेज कर अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है।

## डांट के बाद घर से निकला किशोर लापता

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम बैजनाथपुर का एक किशोर तीन दिन से लापता है। परिजन उसकी तलाश में भटक रहे हैं, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों पर रिश्तेदारों में चिंता का माहौल बना है। जानकारी के अनुसार लव कुमार, पुत्र अनिल कुमार, निवासी ग्राम बैजनाथपुर, 23 नवंबर की दोपहर लगभग 2 बजे घर से ठाकुरद्वारा आया था।

बताया जा रहा है कि घर पर पिता ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। जिसके बाद वह नाराज होकर निकला था। तभी से लव कुमार घर नहीं लौटा। किशोर के समय पर घर न पहुंचने पर परिजन चिंतित हो गए। आसपास के क्षेत्रों, रिश्तेदारों और मित्रों में काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की।

# एसटी हसन ने मतदाताओं की सहायता के लिए खोला कैंप कार्यालय

## विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में मतदाताओं का कर रहे सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन ने मतदाताओं की सहायता के लिए अपने निवास स्थान पर कार्यालय खोल दिया है जिस पर एस ए आर फॉर्म भरने के लिए मतदाताओं की सहायता की जाएगी। बनाए गए सहायता केंद्र पर एसआईआर 2026 के अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में मतदाताओं का फॉर्म भरने में सहयोग कर रहे हैं जिससे कि समय रहते मतदाता अपना एस आई आर फॉर्म जमा कर सके। जन्मदाताओं को 2003 की सूची में नाम देखने में परेशानी हो रही है उसे कार्य को भी वहां पर किया जा रहा है। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है, जिसमें बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने के साथ ही मतदाताओं द्वारा भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त किए जा रहे है। लेकिन लोगों को फॉर्म भरकर जमा करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों की मदद करने के लिए पूर्व सांसद डॉ. एस टी हसन लोकमत दाताओं की सहायता के लिए सहायता केंद्र स्थापित कर दिया है जिससे कि लोग जाकर अब 2003 की सूचियां में मतदाता अपना नाम तलाश कर कर सकते हैं और फॉर्म भरने में सहायता प्राप्त कर सकते हैं उन्होंने उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वह किसी भी क्षेत्र का रहने वाला हो वह उनके सहायता कार्यालय पर पहुंचकर एस ए आर से संबंधित जानकारी हासिल कर सकते हैं और अपना फार्म भरवाने में सहायता प्राप्त कर सकते हैं उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वह किसी भी हाल में एस ए आर फॉर्म को हर-हर जमा करें छूटने नहीं पाए तथा जो लोग फॉर्म भरने जानते हैं वह दूसरे लोगों की इसमें



सहायता करें कैंप लगाकर लोगों की मदद की जा रही है। इस कार्य को स्वयं इकबाल अंसारी देख रहे हैं सभी लोग मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरने में उनकी मदद कर रहे हैं और जो मतदाता अपना नाम 2003 की सूची में नहीं ढूंढ़ पा रहे हैं वह उनके भूत की लिस्ट डाउनलोड कर उनके परिवार के सदस्यों की डिटेल भी तलाश कर रहे हैं जिससे कि सही तरीके से फार्म जमा हो जाए और उनका फॉर्म निरस्त न हो । सबसे खास बात है यह है कि जहां एक और मतदाता एसआईआर फॉर्म भरने को लेकर भटक रहे हैं वहीं इकबाल अंसारी और उनके कार्यकर्ता इस कार्य में मदद कर रहे हैं

# शादी के छह माह बाद पत्नी को छोड़ प्रेमिका संग युवक फरार, परिजनों में मचा हड़कंप

**ठाकुरद्वारा।** नगर क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी के महज छह महीने बाद ही एक युवक अपनी पत्नी को घर पर अकेला छोड़ प्रेमिका के साथ फरार हो गया। घटना से मायके और ससुराल दोनों पक्षों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने युवक की गुमशुदगी की तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार नगर निवासी युवक ने करीब छह माह पूर्व परिवार के दबाव में आकर शादी की थी। लेकिन शादी से पहले उसका उत्तराखंड के जसपुर निवासी एक युवती से प्रेम संबंध चल रहा था। विवाह के बाद भी युवक का अपनी प्रेमिका से मिलना-जुलना जारी रहा।

कुछ दिन पूर्व पत्नी ने पति के मोबाइल में उस युवती की तस्वीरें देख लीं। पत्नी द्वारा यह बात सास-ससुर को बताए जाने पर परिजनों ने युवक को समझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन उसने किसी की न सुनी। तीन दिन पूर्व वह अपनी प्रेमिका को साथ लेकर घर से गायब हो गया। युवक के लापता होने से दोनों पक्षों में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने उसकी आस-पास तलाश की, लेकिन कुछ पता न चलने पर कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। पिता ने बताया कि उनका बेटा मोबाइल टावर पर काम करता है और पिछले तीन दिनों से उसका कोई सुराग नहीं लग रहा। परिजनों द्वारा पुलिस को युवक के तीन मोबाइल नंबर दिए गए, लेकिन सर्विलांस पर लगाने के बाद सभी नंबर स्विच ऑफ मिले। वहीं कोतवाली पुलिस ने मामला उत्तराखंड क्षेत्र से जुड़ा होने की बात कहते हुए तहरीर को वहां ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार का कहना है कि परिजन कोतवाली आए थे।

लेकिन मामला उत्तराखंड से संबंधित होने के कारण उन्हें वहीं भेज दिया गया है।

# गरीबों को समाजसेवी ने बांटे कम्बल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजसेवी मौहम्मद नवेद एडवोकेट ने ठंड शुरू होते ही गरीब लोगों को कम्बल वितरित किए। समाजसेवी मौहम्मद नवेद एडवोकेट ने बिलारी के मौहल्ला अब्दुल्ला, मौहल्ला नया, बाड़ा पुल आदि क्षेत्रों में गरीबों को कम्वल वितरित किए। इस मौके पर मुख्य रूप से कक्कू भाई, अब्दुल खालिद, महबूब हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

समाजसेवी मौहम्मद नवेद एडवोकेट ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब लोगों को कम्बल की बहुत जरूरत होती है, इसलिए उन्होंने गरीबों को कम्बल वितरित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना हमारा धर्म है और हमें उनकी हर संभव मदद करनी चाहिए। समा. जसेवी मौहम्मद नवेद एड. के इस कार्य की लोगों ने सराहना की है।



# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण पर कविता पाठ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में समाज शास्त्र विभाग के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण पर कविता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय 'भारतीय महिला- कल और आज। गुलशन जहां बी ए




पंचम सेमेस्टर ने समकालीन नारी पर स्वरचित कविता का पाठ किया जिसको सभी ने सराहा। कविता पाठ के उपरांत प्राचार्या ने अपने सारगर्भित उद्‌बोधन में कहा भारतीय संविधान महिलाओं को समानता, स्वतंत्रता और सम्मान का पूरा अधिकार देता है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 यह सुनिश्चित करते हैं कि महिलाएँ पुरुषों के समान अधिकारों की भागीदार हैं। अनुच्छेद 39 में राज्य को यह निर्देश दिया गया है कि महिलाओं और पुरुषों दोनों को समान काम के लिए समान वेतन मिले तथा उनके स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा हो। मिशन शक्ति 5. 0 कार्यक्रम भी इसी दिशा में सरकार की वचनबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों में भागीदारी के विषय में एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई तथा उसके उपरांत महिलाओं के राष्ट्रीय योगदान और उसके कारणों पर विमर्श किया गया। विमर्श से यह निष्कर्ष निकला कि समाज में महिलाएँ अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक होकर शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में निरन्तर प्रयासरत हैं, जिस से न केवल समानता स्थापित करने में अपितु उन्हें घरेलू क्षेत्र के अतिरिक्त सामा. जिक क्षेत्र में भी योगदान के अवसर प्राप्त हो रहे हैं । इसलिए हमारा प्रयास है कि हर महिला को शिक्षा, रोजगार और निर्णय लेने की स्वतंत्रता प्राप्त हो। संविधान ने जो अधिकार दिए हैं, उन्हें व्यवहार में लाना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही । कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन प्रोफेसर अपर्णा जोशी अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग ने किया।धन्यवाद ज्ञापन प्रो अंचल गुप्ता ने किया। डॉ अपर्णा तिवारी, डॉ सीमा रानी और डॉ मोनिका सिंह का सक्रिय सहयोग रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिलाधिकारी अनुज सिंह ने उत्कृष्ट बीएलओ को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि यह कदम अधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण और बैठकों के दौरान कई बीएलओ का काम अपेक्षा से बेहतर पाया गया, जिसके आधार पर निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पूरा करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सम्मान उन बीएलओ के लिए है जिन्होंने अपने कार्य में उत्कृष्टता दिखाई है और अपने क्षेत्र में बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सभी बीएलओ के लिए एक प्रेरणा है और उन्हें अपने कार्य में और भी बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, तहस. ीलदार, और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी और उन्हें आगे भी इसी तरह काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो अधिकारियों को अपने कार्य में बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा और उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पासपोर्ट नम्बर X6343743 दिनांक 20.11.2025 को बाजार में कहीं गिरकर खो गया है। जो काफी तलाशने पर भी नहीं मिला।

**वसीम पुत्र जब्बार अहमद**
नि0: नई बस्ती चन्दौसी रोड कब्रिस्तान के ठीक सामने बहजोई, थाना बहजोई जिला सम्भल। मो.नं-6396430087.

संक्षिप्त खेल समाचार

## लोमा स्वेन ने कराटे में भारत को पहला मेडल दिलाया

**टोक्यो, वार्ता।** भारतीय कराटेका लोमा स्वेन ने यहां खेले जा रहे 25वें डेफलंपिक्स में महिलाओं की कुमाइट स्पर्धा में सोमवार को 50किग्रा कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। ओडिशा की रहने वाली 25 साल की लोमा, जगतसिंहपुर जिले के भूतमुंडई गांव की रहने वाली हैं और अब तक तीन इंटरनेशनल और पांच नेशनल मेडल जीत चुकी हैं। वह भुवनेश्वर के उत्कल कराटे स्कूल में ट्रेनिंग लेती हैं। डेफलंपिक्स में कराटे में यह भारत का पहला मेडल है। डेफलंपिक्स यहां 15-25 नवम्बर, 2025 तक खेले जा रहे हैं, जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व 111 खिलाड़ियों का मजबूत ग्रुप कर रहा है। भारत अभी पांच गोल्ड, पांच सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर है। यूक्रेन 15 गोल्ड, 14 सिल्वर और आठ ब्रॉन्ज मेडल के साथ टेबल में सबसे ऊपर है।

## लियालन मेसी ने मियामी को कॉन्फ्रेंस फाइनल में पहुंचाया

**वॉशिंगटन, वार्ता।** लियोनेल मेसी ने एक गोल किया और तीन असिस्ट दिए, जिससे इंटर मियामी एफसी सिनसिनाटी को 4-0 से हराकर एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में पहुंच गया। मियामी का मुकाबला अगले वीकेंड न्यूयॉर्क सिटी से होगा, जिसमें जीतने वाली टीम एमएलएस कप के डिसाइडर में जगह बनाएगी। मेसी के अब इस सीजन में इंटर मियामी के लिए 46 गेम में सभी कॉम्पिटिशन में 43 गोल और 23 असिस्ट हो गए हैं। इंटर मियामी के मैनेजर जेवियर माशेरानो ने मैच के बाद एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा कि सिर्फ लियो को ही नहीं, बल्कि इन खिलाड़ियों के ग्रुप को मैनेज करना भी सम्मान और खुशी की बात है। हम जानते हैं कि लियो क्या कर सकता है। वह हर वीकेंड यह साबित करता है। आज, उसने बॉल के बिना एक और जबरदस्त काम किया, क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि वह बॉल के साथ क्या कर सकता है। माशेरानो ने

# द. अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट पर शिकंजा कसा

**गुवाहाटी, वार्ता।** मार्को यानसन (छह विकेट) और साइमन हार्मर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार को भोजनकाल के बाद भारतीय टीम को 201 रनों के स्कोर पर समेटकर 288 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस लिया। भारत से पहली पारी में 288 रन से आगे रहने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। मेहमान टीम ने खराब रौशनी के कारण समय से पहले खेल रोके जाने तक बिना कोई विकेट खोए 26 रन बना लिए हैं और अपनी बढ़त 314 रन पहुंचा दी है। स्टंप्स के समय रायन रिकलटन 13 और एडन मारक्रम 12 रन बनाकर क्रीज पर थे। इससे पहले भोजनकाल के बाद 79वें ओवर में हार्मर ने वॉशिंगटन सुंदर को एडम मारक्रम के हाथों कैच आउटकर दक्षिण अफ्रीका को आठवीं सफलता दिलाई। वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव के बीच आठवें विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी हुई। वॉशिंगटन सुंदर ने 92 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 48 रनों की पारी खेली। भारत का आठवां विकेट 194 के स्कोर पर गिरा। इसी स्कोर पर यानसन ने एक छोर थामे जुझारू बल्लेबाजी कर रहे कुलदीप यादव को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। कुलदीप यादव ने 134 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 19 रन बनाए। इसके बाद यानसन ने 84वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह (पांच) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच आउटकर कर 201 के स्कोर पर भारत की पहली पारी का अंत कर दिया। भारतीय टीम की शुरुआत तो अच्छी रही थी, जब राहुल और जायसवाल ने अर्द्धशतकीय साझेदारी की। लेकिन इसके बाद उनका कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सका। मार्को यानसन की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय बल्लेबाजों को कोई भी मौका नहीं दिया। कुलदीप और वॉशिंगटन के बीच अर्द्धशतकीय साझेदारी जरूर हुई, लेकिन वह नाकाफी रही।

इससे पहले झटकों से उबरते हुए वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 33) और कुलदीप यादव (नाबाद 14) ने दक्षिण अफ्रीकी गें. दबाजों का डटकर सामना करते हुए भोजनकाल तक भारत का स्कोर सात विकेट पर 174 रन पहुंचा दिया था। चायकाल के बाद मार्को यानसन ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर जवाब हमले का प्रयास कर रहे कप्तान ऋषभ पंत (सात) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यानसन ने नीतीश कुमार रेड्डी (10) और रवींद्र जडेजा (छह) को आउट कर भारत को संकट में डाल दिया। ऐसे संकट के समय वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव ने मोर्चा संभाला और जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए रन बटोरे। इससे पहले दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का पहला सत्र यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की अच्छी शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के नाम रहा। साइमन हार्मर (दो विकेट) की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने चायकाल तक भारत के 102 के स्कोर पर चार विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। भारत ने आज यहां कल के बिना कोई विकेट खोए नौ रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। इसी दौरान यशस्वी ने 85 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से अपना अर्द्धशतक पूरा किया। 22वें ओवर में केशव महाराज ने केएल राहुल को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। केएल राहुल ने 63 गेंदों में दो चौकों की मदद से 22 रन बनाए। इसके बाद 33 वें

● **मार्को यानसन के छह विकेटों ने भारत को 201 रन पर समेटा**

ओवर में साइमन हार्मर ने यशस्वी जायसवाल को मार्को यानसन के हाथों कैच आउटकर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। यशस्वी जायसवाल ने 97 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 58 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। 35वें ओवर में हार्मर ने साई सुदर्शन (15) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में यानसन ने ध्रुव जुरेल (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आए ऋषभ पंत ने जवाबी हमला किया, हार्मर के आते ही उन्हें सीधा छक्का जड़ दिया, लेकिन चाय के समय भारत पर बहुत दबाव था, पंत 6 रन पर थे और रवींद्र जडेजा अभी खाता नहीं खोल पाए थे, तब भी वे 387 रन पीछे थे। इससे पहले, साउथ अफ्रीका का पहली पारी का 489 रन का स्कोर बड़ा बना हुआ था और तीसरे दिन ही तेज टर्न दिखने लगा है। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्को यानसन ने 19.5 ओवरों में 48 रन देकर छह विकेट लिए। साइमन हार्मर ने 27 ओवर में 64 रन देकर तीन विकेट झटके। केशव महाराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## पीएम मोदी ने ब्लाइंड महिला टी-20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी

● **पीएम मोदी ने भारतीय ब्लाइंड महिला टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहला ब्लाइंड महिला टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर भारतीय टीम की कामयाबी की सराहना करते हुए पोस्ट में लिखा कि कड़ी मेहनत, टीम प्रयास और पक्के इरादे का एक शानदार उदाहरण बताते हुए कहा कि हर खिलाड़ी एक चैंपियन है। और भरोसा जताया कि टीम की यह कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी। प्रधानमंत्री ने लिखा कि यह वाकई एक ऐतिहासिक खेल कामयाबी है। टीम को उनके आगे के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी टीम की इस ऐतिहासिक जीत की तारीफ की और इसे देश के लिए गर्व का पल बताया।

उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक ऐतिहासिक दिन। नेत्रहीनों के लिए महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को बधाई।

उन्होंने कहा कि यह जीत खिलाड़ियों के ध्येय के लिए सम्मान जीतने के इरादे और लगन को दिखाती है। आपकी कामयाबी पर आज हमारा तिरंगा गर्व से और ऊंचा लहरा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने भी टीम को बधाई दी और कहा कि पहला नेत्रहीन महिला टी-20 वर्ल्ड कप 'काबि. लियत' की सीमाओं को फिर से तय करता है।

## दो दिन में खत्म हुआ टेस्ट दे सकता है क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को भारी नुकसान

**पर्थ, वार्ता।** कुछ ही हफ्ते पहले अच्छी कमाई की उम्मीद कर रहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अब दो दिन में खत्म हुए एशेज के पहले टेस्ट की वजह से मुश्किल में है और बड़े घाटे का अनुमान लगाया जा रहा है। ट्रैविस हेड की यादगार एशेज पारी और इंग्लैंड की बेतरतीब बेखौफ बल्लेबाजी का परिणाम यह रहा कि ऐतिहा. सिक एशेज सीरीज का पहला टेस्ट दो ही दिन में खत्म हो गया। अब हाल यह है कि तीसरे और चौथे दिन की टिकट बिक्री से सीए को जो 17 करोड़ रुपए (लगभग) का राजस्व प्राप्त होना था, वह उन्हें नहीं मिलेगा। पर्थ में दो दिन के खेल के दौरान दर्शकों की भीड़ जबरदस्त रही। कुल मिलाकर 1,01,514 लोग स्टेडियम पहुंचे। शुक्रवार को 51,531 दर्शक आए थे और अगले दिन 49,983 लोगों ने मैच

● **तीसरे और चौथे दिन की टिकट बिक्री से सीए को जो 17 करोड़ का राजस्व प्राप्त होना था वह उन्हें नहीं मिलेगा**

देखा। यह आंकड़ा पिछले साल के 96,463 दर्शकों वाले रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ गया। उस बार भारत ने पर्थ में चार दिन में जीत हासिल की थी। तीसरे दिन के टिकट भी लगभग पूरी तरह बिक चुके थे। अपनी पारी के बाद ट्रैविस हेड ने कहा कि उन्हें उन दर्शकों के लिए बुरा लग रहा है जो तीसरे दिन आने वाले थे। उनका मानना था कि रविवार को भी स्टेडियम एक बार फिर भर जाता। शनिवार सुबह खेल शुरू होने से पहले, जब ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी भी खत्म नहीं हुई थी, सीए के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीन ने मज़ाक में कहा कि उन्हें चिंता है कि मैच तीसरे दिन तक टिकेगा या नहीं। उन्होंने एसईएन से बात करते हुए माना कि जल्दी खत्म हुआ मुकाबला कई लोगों के लिए मुश्किल पैदा करता है। ब्रॉडकास्टर्स से लेकर बोर्ड तक। टिकट बिक्री, पार्टनर्स और स्पॉन्सर्स सभी पर इसका सीधा असर पड़ता है। इस सीरीज का आर्थिक असर काफी बड़ा है। पिछले महीने वार्षिक आम बैठक में सीए ने लगभग 65 करोड़ रूपए के नुकसान की घोषणा की थी। इस पर क्रिकेट विक्टोरिया के चेयरमैन रॉस हेपबर्न ने वित्तीय प्रदर्शन को लेकर कड़ी आलोचना की थी। यह घाटा उस गर्मियों का हिस्सा था जिसमें भारत जैसी दिग्गज टीम की पांच टेस्ट वाली यात्रा भी शामिल थी। सीए के चेयरमैन ने अक्टूबर की बैठक के बाद कहा कि सामान्य समय में सफेद गेंद की सीरीज भी इसी टेस्ट दौरे का हिस्सा होती।

## विकेट में उछाल और गति का इस्तेमाल किया: यानसन

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत को पहली पारी में छह विकेट लेकर झकझोरने वाले दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने आज कहा कि उन्होंने विकेट की उछाल और गति का इस्तेमाल किया। यानसन (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारतीय टीम को 201 रनों के स्कोर पर समेटकर 288 रनों की बढ़त हासिल करते हुए मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में खेलते हुए बिना कोई विकेट खोए 26 रन बना लिए हैं और अपनी बढ़त 314 रन पहुंचा दी है। यानसन ने तीसरे दिन के खेल के बाद कहा कि 'विकेट में साफ तौर पर अच्छी गति और बाउंस है। ज़ड़ता निप या स्विंग नहीं, आखिर में थोड़ी सी। जब हमने देखा कि विकेट में थोड़ा बाउंस और बेहतर पेस है, तो हमने

● **विकेट में साफ तौर पर अच्छी गति और बाउंस है ज्यादा निप या स्विंग नहीं है**

उसका इस्तेमाल करने की को. शिश की। उन्होंने कहा कि साफ तौर पर यह लड़कों के लिए और खासकर मेरे लिए एक अच्छा दिन था। लेकिन हां, मुझे लगता है कि जब बॉल ज़ड़ता मूव नहीं कर रही थी और कुछ स्टेज पर डेड पीरियड था, तब स्पिनरों ने बहुत अच्छा काम किया। मुझे सच में लगता है कि स्पिनरों ने शानदार काम किया और मैं लकी हूं कि मुझे इसका फायदा मिला। तेज गें. दबाज ने कहा कि किसने कहा कि हमने कड़ी मेहनत नहीं की? जैसा कि मैंने कहा, विकेट में थोड़ी पेस और बाउंस थी, जो अच्छी थी। हमने सोचा था कि हम शायद कम से कम दो दिन फील्डिंग करेंगे, या हम फील्डिंग की तैयारी कर रहे थे।

## गोवा में शुरू होगी लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसजी ग्रुप द्वारा प्रमोट किया गया लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग, सिर्फ एक और लेजेंड्स टूर्नामेंट नहीं है, यह एक शानदार ग्लोबल क्रिकेटिंग एक्सपीरियंस है जिसे यह बताने के लिए बनाया गया है कि दुनिया अपने लेजेंड खिलाड़ियों को कैसे सेलिब्रेट करती है।

शिखर धवन, हरभजन सिंह, शेन वॉटसन और डेल स्टेन जैसे मशहूर नामों के साथ, लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग दुनिया के कुछ सबसे कामयाब नामों को एक साथ लाती है और फैंस को नए साल की जबरदस्त शुरुआत देती है। पुरानी यादों को दिखाने से कहीं ज़्यादा, लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग क्रिकेट की बेहतरीन चीज़ों का सेलिब्रेशन है, जो उन लेजेंड खिलाड़ियों को एक साथ लाता है जिन्होंने कई पीढ़ियों को इंस्पायर किया है, अब एक ऐसे फॉर्मेट में मुकाबला कर रहे हैं जो उनके स्किल, करिश्मा

● **पहला एडिशन 26 जनवरी से 4 फरवरी तक गोवा में होगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी बेस्ट टीमें और 90 खिलाड़ी शामिल होंगे**

और कॉम्पिटिटिव स्पिरिट को हाईलाइट करता है। कई फ्रेंचाइज़ी, टॉप-टियर ग्लोबल टैलेंट और ज़्यादा से ज़्यादा बैलेंस और सस्पेंस के लिए बनाए गए टूर्नामेंट स्ट्रक्चर के साथ, यह लीग सालाना क्रिकेट कैलेंडर पर सबसे प्रीमियम और दुनिया भर में जिसका इंतज़ार किया जाने वाला इवेंट बनने की स्थिति में है।

पहला एडिशन 26 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक गोवा में होगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी-बेस्ड टीमें और 90 लेजेंडरी खिलाड़ी शामिल होंगे, जो वर्ल्ड क्रिकेट में एक बड़ा नया चैप्टर शुरू करेगा। खास बात यह है कि पूरा टूर्नामेंट एक ही जगह पर होस्ट किया जाएगा, वर्ना में नए बने 1919 स्पोर्ट्ज क्रिकेट स्टेडियम में, जिससे फैंस किसी भी दूसरी लेजेंडरी लीग के उलट लगातार, फेस्टिवल जैसे क्रिकेटिंग कार्निवल का हिस्सा बन सकेंगे। लीडरशिप और प्लेयर-सेंट्रिक फोकस देते हुए, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को लीग कमिश्नर अपॉइंट किया गया है। अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, क्लार्क ने कहा कि वह एक ऐसी लीग का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं जो इतने सारे टॉप खिलाड़ियों को एक साथ लाती है। क्लार्क ने कहा कि भारत, क्रिकेट के सबसे बड़े देशों में से एक है, और मेरे लिए इसकी एक खास जगह है। फैंस का जुनून, गर्व और इस लीग का हिस्सा बनना का मौका, और कुछ पुराने दोस्तों के साथ-साथ कड़े दुश्मनों से फिर से मिलने का मौका, इसे सच में खास बनाता है। मैं इस नए रोल में लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चिली के सैंटियागो के लिए रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** ज्योति सिंह की अगुवाई में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एक से 13 दिसम्बर तक चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्वकप 2025 में भाग लेने के लिए यहां से रवाना हो गई। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार रात 20 सदस्यीय भारतीय टीम टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रवाना हुई। टीम में दो वैकल्पिक खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट में भारतीय टीम को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम एक दिसम्बर को नामीबिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी, उसके बाद तीन दिसम्बर को जर्मनी और पांच दिसम्बर को आयरलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी।

# प्रांजलि धूमल ने डेफलंपिक्स में जीता गोल्ड



● **प्रांजलि ने फाइनल में 34 का स्कोर किया, जो यूक्रेन की हेलिना से दो ज्यादा था**


**टोक्यो, वार्ता।** भारत की प्रांजलि प्रशांत धूमल ने टोक्यो में 25वें समर डेफलंपिक्स में 25मी पिस्टल विमेंस गोल्ड जीता, यह उनका दूसरा गोल्ड और तीसरा मेडल था। प्रांजलि ने फाइनल में 34 का स्कोर किया, जो यूक्रेन की हेलिना मोसिना से दो ज़्यादा था, जिन्होंने सिल्वर मेडल जीता। जिवोन जियोन ने 30 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता, जिन्होंने शूटआउट में भारत की अनुया प्रसाद को हराया, जो आखिर में चौथे स्थान पर रहीं।

प्रांजलि ने इससे पहले 10मी एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में अभिनव देशवाल के साथ गोल्ड जीता था, जिन्होंने पुरुषों के 25मी पिस्टल इवेंट में भी गोल्ड जीता था। प्रांजलि ने फाइनल की पहली सीरीज में अपने पहले पांच में से चार शॉट मारे और नौवीं सीरीज के आखिर तक बढ़त बनाए रखी, जहां वह मोसिना के साथ 30 शॉट पर बराबरी पर थीं।

दसवीं और आखिरी सीरीज में, प्रांजलि ने चार शॉट मारे जबकि मोसिना सिर्फ दो ही स्कोर कर पाईं, जिससे भारतीय शूटर को गोल्ड मेडल मिला।

इससे पहले क्वालिफिकेशन में, भारतीय शूटर ने टॉप दो जगह पक्की करते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया, साथ ही प्रांजलि ने वर्ल्ड डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड और डेफलिंपिक्स रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने 573-14न शॉट मारे, जिससे उनका ही वर्ल्ड रिकॉर्ड टूट गया जो पिछले साल हनोवर में वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में बनाया गया था।

## एसडी प्रज्व्वल ने आईटीएफ एम 15 भुवनेश्वर में एकल व युगल के खिताब जीते



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के एसडी प्रज्व्वल देव ने आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर एम15 चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल और युगल वर्ग के खिताब जीते।

मैसूर के रहने वाले प्रज्व्वल देव ने 16-23 नवम्बर तक भुवनेश्वर में हुए इस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में सातवें सीडेड दिग्विजय प्रताप सिंह को एक कड़े मुकाबले में 7-6(4), 7-6(1) से हराया, दोनों सेट का फैसला कड़े टाईब्रेक से हुआ।

युगल वर्ग में, टॉप सीडेड प्रज्व्वल देव और सि(तं बथिया की जोड़ी ने चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए माधविन कामथ और रोहन मेहरा की जोड़ी को 7-6(5), 6-2 से हराकर सीधे सेटों में जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ प्रज्व्वल देव के सफल अभियान में दूसरा खिताब जुड़ गया।

## जयपुर पोलो टीम ने जीता कश्मीर चैलेंज कप



**जयपुर, वार्ता।** कश्मीर चैलेंज कप रविवार को अपने असली अंजाम पर पहुंच गया, जब जयपुर पोलो टीम, जिसकी लीडरशिप जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह कर रहे थे, ने राजस्थान पोलो क्लब में हुए एक रोमांचक मैच में कनोटा पोलो को 9-5 से हरा दिया।

जयपुर के लिए, उनके कैप्टन,महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, और साउथ अफ्रीको पोलो के स्टार लांस वॉटसन ने पूरे टूर्नामेंट में अपना शानदार फॉर्म जारी रखा, और एक के बाद एक चार और पांच गोल किए। टूर्नामेंट की शुरुआत में एक ही पूल में रहने के बाद दोनों टीमों के बीच यह तीसरी भिड़ंत थी, जिसमें सभी मैच जयपुर के पक्ष में गए। जयपुर ने जबरदस्त शुरुआत की, लांस वॉटसन ने शुरू में ही दो गोल (1:25 और 6:35) करके अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरी ओर, कनोटा पोलो शुरुआती पीरियड में गोल नहीं कर पाई। दूसरे चक्कर में, जयपुर ने अपनी रफ्तार जारी रखी, जब लांस वॉटसन ने एक और गोल (3:35) करके स्कोर 3-0 कर दिया। जब कनोटा पोलो लय में नहीं लग रहा था, तो उन्होंने अशोक चांदना (4:00) और डिनो धनखड़ (6:40) के गोलों से जवाबी हमला किया, लेकिन जयपुर अभी भी गेम के आधे समय तक 3-2 से आगे था। तीसरे चक्कर में दोनों तरफ से तेजी से गोल हुए। महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने दो गोल (1:20 और 5:40) किए, और लांस वॉटसन ने 4:10 पर एक और गोल किया। कनोटा ने हुर्र अली (5:46 और 6:35) के दो गोलों से वापसी की। चक्कर के आखिर में, स्कोर जयपुर 7-कनोटा 4 था। आखिरी चक्कर जयपुर का था क्योंकि उन्होंने कंट्रोल बनाए रखा, महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह जयपुर ने 0:54 पर फिर से गोल करके बढ़त को 8-4 कर दिया। हुर्र अली ने 1:40 पर कनोटा का आखिरी गोल किया, लेकिन लांस वॉटसन के आखिरी मिनट के गोल ने मैच को जयपुर के पक्ष में 9-5 से पक्का कर दिया। इस जीत के साथ, जयपुर ने इंडियन पोलो सीजन में अब तक अपनी ट्रॉफी की संख्या चार कर ली है, जबकि अभी आधे से ज्यादा सीजन बाकी है।

## सैयद मोदी इंटरनेशनल में अपनी फॉर्म हासिल करने उतरेंगे प्रणय-श्रीकांत



● **इस टूर्नामेंट में प्रियांशु राजावत, उन्नति हुड्डा और त्रिशा जॉली भी खेलेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** भारत के एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुरू हो रहे सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में घरेलू मैदान पर अपनी खोई हुई फॉर्म को फिर से प्राप्त करने उतरेंगे। कल से यहां शुरु होने वाला टूर्नामेंट बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिंटन अकादमी में खेला जाएगा। 25 से 30 नवम्बर चलने वाले इस टूर्नामेंट में भारत, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, डेनमार्क, थाईलैंड, तुर्किए, इंडोनेशिया, सिंगापुर, यूक्रेन, यूएई समेत 20 देशों के 250 खिलाड़ी चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं।

यह एक बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 प्रतियोगिता है। कॉमनवेल्थ गेम्स 1982 के चैंपियन सैयद मोदी के नाम पर इस टूर्नामेंट का नाम रखा गया है। एचएस प्रणय के लिए 2025 एक मुश्किल अभियान रहा है। वह इस साल अपने 15 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर मैचों में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। इनमें से आठ में पहले राउंड में उन्हें हार का सामना करते हुए बाहर होना पड़ा।

इस टूर्नामेंट में प्रियांशु राजावत, उन्नति हुड्डा और गत विजेता त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद भी खेलेंगे। 2,40,000 अमे. रिकी डॉलर की ईनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल में 32-32 खिलाड़ियों, जोड़ियों का मुख्य ड्रॉ होगा।

# बाइक सवार को बचाने में डिवाइडर से टकराई बारातियों से भरी बस, बड़ा हादसा होने से टला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी चुंगी के पास रविवार की रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। बारातियों से भरी बस बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बस सवार तीन बाराती घायल हो गए, जबकि करीब 60 लोगों की जान बाल-बाल बच गई। चालक की समय रहते दिखाई गई सतर्कता ने बस को पलटने से बचाया, अन्यथा घटना गंभीर रूप ले सकती थी।जानकारी के अनुसार मेरठ के गढ़ रोड स्थित गांव पचगांव पट्टी से रविवार को बारात मुरादाबाद जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव बीजना में जा रही थी। जैसे ही बारातियों से भरी बस गुलाबबाड़ी चुंगी के पास पहुंची, तभी अचानक सामने से एक बाइक सवार लहराते हुए सड़क के बीचोंबीच आ गया। बस चालक ने बाइक सवार को बचाने के लिए तत्काल स्टीयरिंग घुमा दी, लेकिन इस दौरान बस अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में बैठे बारातियों में अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों में चीख-पुकार शुरू हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और तुरंत घायलों को बस से बाहर निकाला।इस हादसे में तीन बाराती चोटिल बताए जा रहे हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।हादसे के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। बस को क्रेन की मदद से सड़क किनारे हटाया गया, जिससे जाम की स्थिति से राहत मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार तेज रफ्तार में था और अचानक सामने आने के कारण बस चालक के पास ब्रेक लगाने या रुकने का पर्याप्त समय नहीं था।बारातियों ने राहत की सांस ली कि बड़ा हादसा टल गया। उन्होंने बताया कि बस में बच्चे और बुजुर्ग भी मौजूद थे, ऐसे में बस का पलटना गंभीर त्रासदी का कारण बन सकता था।



## हत्या के मामले में चार दोषियों को हुई उम्रकैद की सजा

**मुरादाबाद/चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में वर्ष 2011 में हुई युवक की हत्या के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रकरण की शुरुआत 23 सितंबर 2011 को हुई, जब वादी प्रेमसिंह पुत्र बाबू बाल्मीकी निवासी ग्राम अहलादपुर ने थाना कुढ़फतेहगढ़ में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्तों ने उसके पुत्र पर छेड़खानी का झूठा आरोप लगाकर लाठी-डंडों से गंभीर मारपीट की तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इस संबंध में पुलिस ने तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। लंबी सुनवाई के बाद 24 नवंबर 2025, सोमवार को मु0अ0सं0 166/2011 धारा 304/147/149 भादवि एवं 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट में पुलिस की प्रभावी पैरवी के आधार पर अदालत ने फैसला सुनाया। माननीय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, मुरादाबाद सुरेन्द्र कुमार ने अभियुक्त यशपाल पुत्र मिश्री सिंह, हरिओम पुत्र देवता, धर्मपाल पुत्र मोहन सिंह और रूस्तम सिंह पुत्र कन्हई सिंह, सभी निवासी अहलादपुर करार, थाना कुढ़फतेहगढ़, जनपद सम्भल को दोषी करार दिया। अदालत ने सभी चारों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही प्रत्येक पर 21-21 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है।

# दिमागी रूप से बीमार युवक ट्रेन की चपेट में आने से हुआ गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना कुंदरकी क्षेत्र के नानपुर निवासी भुरे पुत्र तेजपाल के साथ बड़ा हादसा हो गया। परिजनों के अनुसार भुरे बीती 20 तारीख से घर से लापता थे। मानसिक रूप से कमजोर होने की वजह से वह अक्सर इधर-उधर चला जाता था। परिवार के लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। इसी बीच 23 तारीख की रात जेतिया रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक घटना सामने आई, जिसमें भुरे गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के मुता. बिक, रात के समय भुरे किसी तरह जेतिया रेलवे स्टेशन पहुंच गया। उसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय वह अचानक आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। रेलवे स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों और आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना जीआरपी और स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल भुरे को तत्काल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार युवक को सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी में इलाज कर रही है। परिजनों को जैसे ही हादसे की खबर मिली, वह रोते-बिलखते अस्पताल पहुंचे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि भुरे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी, जिस कारण वह अक्सर घर से निकल जाता था। 20 तारीख को भी वह अचानक घर से निकल गया था, जिसके बाद से उसकी लगातार तलाश की जा रही थी।



## मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में सोमवार को जनपद के थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल 1 दिसंबर से शुरू करेगा सदस्यता अभियान, व्यापारी स्वाभिमान यात्रा भी निकाली जाएगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को दीवान बाजार स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, व्यापारी सुरक्षा और अधिकारों को मजबूत करने से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। सबसे प्रमुख फैसला 1 दिसंबर से सदस्यता अभियान को पुनः शुरू करने का रहा, जिसके तहत नए और युवा व्यापारियों को बड़ी संख्या में संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने बताया कि संगठन विस्तार को नई गति देने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने जानकारी दी कि फरवरी माह में एक भव्य व्यापारी महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रियों को आमंत्रित किया जाएगा। सम्मेलन में व्यापारी वर्ग की समस्याओं, सुझावों और व्यापारी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी ने व्यापारियों को इस आई आर प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया और कहा कि जिन व्यापारियों ने अभी तक अपने फॉर्म भरकर जमा नहीं किए हैं, वह जल्द से जल्द बीएलओ की सहायता से प्रक्रिया पूरी करें।उन्होंने बताया कि मुरादाबाद से एक विशाल व्यापारी स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों व्यापारी शामिल होंगे। यह यात्रा व्यापारियों की एकजुटता और सम्मान के संदेश का प्रतीक होगी।

इसका शुभारंभ मुरादाबाद से ही किया जाएगा, जहां से इसे जिले-जिले तक आगे बढ़ाया जाएगा।विपिन गुप्ता ने हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई मुलाकात का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यापारियों को प्राथमिकता पर शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की मांग की गई है। उन्होंने दोहराया कि बढ़ती आपराधिक घटनाओं को देखते हुए व्यापारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से अपील की है कि जो अभी तक जीएसटी में पंजीकृत नहीं हैं, वह शीघ्र रजिस्ट्रेशन कराकर शासन की योजनाओं व लाभों का हिस्सा बनें।

दिसंबर में कोहरे की आशंका को देखते हुए व्यापार मंडल ने सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने हेतु बड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान शुरू करने का निर्णय भी लिया। इसके लिए जिला प्रशासन से सहयोग लिया जाएगा।बैठक की अध्यक्षता अरविंद अग्रवाल जॉनी ने की, जबकि संचालन महामंत्री विपिन गुप्ता ने किया। बैठक में टोनी सहगल, सुप्रीत खन्ना, दीपक कत्याल, हिमांशु अग्रवाल, सुमित चावला, ताहिर हुसैन, सुरेश श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, मोहम्मद फहीम, लियाकत और नसीमुद्दीन सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।




## एक नजर

### अभिनेता धर्मेन्द्र के निधन पर पवन जैन ने व्यक्त की शोक संवेदनाएं

**मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** महान अभिनेता धर्मेन्द्र अब हमारे बीच नहीं रहे। उनकी अदाकारी ने हमें हंसा, रुलाया, और सोचने पर मजबूर किया। उनके हर किरदार में आत्मा झलकती थी, और वे सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि भावनाओं का मुक्त आत्मा थे। धर्मेन्द्र की सांस्कृतिक विरासत अनमोल है।



उन्होंने न सिर्फ फिल्म जगत को समृद्ध किया, बल्कि हम सबके दिलों में एक गहरी छाप छोड़ी। उनकी यादें, उनकी मुस्कान, उनकी प्रतिष्ठा हम सब के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। इस कठिन समय में, मैं उनके परिवार, प्रशंसकों, और इंडस्ट्री के सभी साथियों के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ। उनकी आत्मा को शांति मिले, और उनकी यादें हम सबके जीवन में हमेशा जीवंत रहें। डॉ. पवन कुमार जैन अध्यक्ष, बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास।

### गांधी हॉल वर्षों से उपेक्षित, निर्माण पूर्ण होने का इंतजार जारी

**चन्दौसी।** सभासद तरुण नीरज ने कहा कि फव्वारा चौक पर अर्धनिर्मित और बदहाल गांधी हॉल को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 में शुरू हुआ गांधी हॉल का निर्माण आज तक अधूरा पड़ा है और बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। फव्वारा चौक का दिल कहे जाने वाले इस गांधी हॉल की




स्थिति इतनी दयनीय है कि इसके ठीक सामने लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा भी इसकी बदसूरती देखकर मानो आंसू बहा रही हो। सभासद तरुण नीरज के अनुसार वर्ष 2009 में यहां स्थापित गांधीजी की प्रतिमा को हटाकर निर्माण कार्य शुरू किया गया था।

पहले यहां लोगों के बैठने की व्यवस्था थी और खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यालय भी संचालित होता था। लेकिन आधा निर्माण होने के बाद कानूनी जटिलताओं के चलते कार्य रोक दिया गया और तब से भवन खंडहर में तब्दील होता चला गया। उन्होंने बताया कि बदहाली का आलम यह है कि यहां दो शव भी पुलिस को मिल चुके हैं, जिससे यह स्थान फव्वारा चौक की सुंदरता पर एक धब्बा बन चुका है। सभासद ने कहा कि या तो इस अर्धनिर्मित ढांचे को पूरा कराया जाए या फिर गिराकर समतल कर दिया जाए, ताकि फव्वारा चौक की सुंदरता बढ़ सके। उन्होंने नगर पालिका बोर्ड की बैठक में भी यह मुद्दा उठाया था, लेकिन कानूनी पेचीदगियों के चलते कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका। जबकि इसी भवन के पास अधिशासी अधिकारी का आवास स्थित है, फिर भी गांधी हॉल परिसर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं सभासद उमेश सैनी ने भी कहा कि गांधी हॉल फव्वारा चौक का 'हार्ट' है और इसके निर्माण को नगरपालि. का को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराना चाहिए।

### शीतलहर को लेकर आवश्यक सावधानियां बरतने को लेकर की गई अपील

**मुरादाबाद।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने शीतलहर के दौरान आमजन की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिकोण से एडवाइजरी जारी की है। स्थानीय रेडियो, दैनिक समाचार पत्र, टीवी एवं मोबाइल फोन के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें। कोयले की अंगीठी / मिट्टी तेल का चूल्हा / हीटर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरते तथा कमरे में शुद्ध हवा का आवागमन / वेंटिलेशन/ वायु संचार बनाये रखें ताकि कमरे में विषाक्त / जहरीला धुआँ इकट्ठा न हो। शरीर को सूखा रखें, गीले कपड़े तुरन्त बदल लें क्योंकि ये आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। घर में अलाव का सामान न हो तो अत्यधिक ठंड के दिनों में सामुदायिक केन्द्रों / स्थलों पर जाएं, जहां प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबन्ध किया गया हो। कई स्तरों वाले गर्म कपड़े जैसे- ऊनी कपड़े, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीत से बचा सकते हैं। अत्यधिक ठण्ड/कोहरा पड़ने पर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को जितना हो सके घर के अंदर रखें। शरीर में ऊष्मा के प्रवाह को बनाये रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। हाइपोथर्मिया /(Hypothermia) के लक्षणों जैसे- असामान्य शरीर का तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, असीमित ठिठुरना, सुस्ती, थकान, तुतलाना, थकावट इत्यादि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपने नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें। शीतदंश / (थ्तवेजइपजम) के लक्षणों जैसे- शरीर के अंगों का सुन्न पड़ना, हाथों-पैरों की उँगलियों, कान, नाक आदि पर सफेद या पीले रंग के दाग उभर आने पर अपने नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें। अगर बिजली विफल हो जाती है, तो फ्रीजर का दरवाजा बंद रखने पर फ्रीजर 48 घंटे तक भोजन को सुरक्षित रख सकता हैं। अपने आसपास के अकेले रहने वाले पड़ोसियों की जानकारी रखें, खासकर बुजुर्गों की किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन पर संपर्क करें।

# नवीनतम उत्पादों से प्रतिनिधि मंडल होगा अवगत : सुदेश विश्नोई

**कांठ (शाह टाइम्स)।** भारत विकास परिषद शाखा कांठ ने नई दिल्ली में चल रहे 44 वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का अवलोकन करने का फैसला किया है। भारत विकास परिषद का प्रति. निधि मंडल 25 नवंबर को सुबह दिल्ली रवाना होगास प्रतिनिधि मंडल देश की प्रगति एवं विभिन्न राज्यों के नवीनतम उत्पादों को देखेगा। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई करेंगे सयह मेला इस बार एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर आयोजित हो रहा है। इस आयोजन में 12 देश और 30 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा ले रहे हैं। मेले का कुल क्षेत्रफल 1.9 लाख वर्ग मीटर हैं। इसमें 55



सरकारी विभाग एवं केंद्रीय मंत्रालय और 390 निजी कंपनियां शामिल हैं। प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई के मुताबिक आई आई टीएफ 2025 मेले का उद्देश्य न केवल व्यापार को बढ़ावा देना है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और व्यापारिक धरोहर को भी वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करना है। भारत मंडपम में हो रहे इस मेले में व्यापार के साथ-साथ सांस्कृतिक और कलात्मक तत्वों का समावेश भी किया गया है, जो भारत की विविधता और एकता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करता है। दिल्ली जाने वाले प्रतिनिधि मंडल में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला महामंत्री राजन विश्नोई, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं बार एसोसिएशन कांठ के महासचिव एडवोकेट दीपक बिश्नोई, सेंट पॉल इंटरनेशनल के संस्थापक अध्यक्ष एवं प्रबंधक जितेंद्र बिश्नोई, फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर अशोक चौहान आदि शामिल है।

# शहर में बढ़ती जाम की समस्या, रामस्वरूप रोड पर अतिक्रमण हटाने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर में जाम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। हजारों की संख्या में ई-रिक्शा और दुपहिया वाहन बेधड़क दौड़ रहे हैं, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था चरमराती दिखाई देती है। पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा के कार्यकाल में कई क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया गया था और शक्तिनगर क्षेत्र व मालगोदाम रोड स्थित 35बी रेलवे फाटक पर सड़क चौड़ीकरण के सकारात्मक परिणाम आज भी स्पष्ट दिखाई देते हैं। शक्तिनगर की सड़क, जो कभी पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में थी, अब सुगम यातायात का मार्ग बन चुकी है। हालांकि अब शक्तिनगर में लोग सड़क पर दोनों ओर कार खड़ी कर देते हैं। साथ ही अब सड़क पर टैंट लगाकर वैवाहिक आदि कार्यक्रमों में सड़क का प्रयोग कर रहे हैं। इसके विप. रीत रामस्वरूप रोड जो मालवीय चौक से संभल गेट तक जाती है, अभी भी अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। जैने पैलेस तक तो सड़क चौड़ी है, लेकिन इसके बाद संभल गेट तक का हिस्सा दुकानों और सड़क पर खड़े वाहनों के कारण काफी संकरा हो चुका है। इस वजह से इस मार्ग पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। यह सड़क बीएमजी इंटर कॉलेज, एनकेबीएमजी डिग्री कॉलेज और अनेक कोचिंग संस्थानों पर जाने का प्रमुख मार्ग है, इसलिए इसका अतिक्रमण मुक्त होना अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रामस्वरूप रोड पर अविलंब अतिक्रमण हटाया जाए ताकि छात्रों और आम जनता को दैनिक जाम से राहत मिल सके।



# शहीद दिवस पर गुरु तेगबहादुर के त्याग और बलिदान को किया स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले सिक्खों के नौवें सतगुरु गुरु तेग. बहादुर महाराज का शहीद दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कवि माधव मिश्र ने कहा कि पंजाब की धरती पर जन्में धर्मात्मा, शांति के पुंज, दया, त्याग और वैराग्य की मूरत जो मानवता के कल्याण और धर्म की रक्षा के लिए कुर्बान हो गए ऐसे थे सिक्ख धर्म के नौवें सतगुरु गुरु तेग बहादुर महाराज। गुरु तेगबहादुर का जन्म 01 अप्रैल 1621 को पंजाब के अमृतसर में हुआ था। आपके पिता सिक्खों के छठे गुरु हरगोविंद साहिब थे और माता नानकी थीं। अमृतसर का वह स्थान आजकल गुरुद्वारा गुरु के महल कहलाता है। आपके चार भाई थे और एक बहिन। चौदह वर्ष की उम्र में पिता के नेतृत्व में मुगलों से युद्ध किया और जीत हासिल की। 16 सितंबर 1632 में आपका विवाह गुजरी से हुआ। आपको 16 अप्रैल सन 1664 को सिक्खों के नौवें गुरु की गद्दी सौंपी गई। आपने देश के सभी तीर्थों की यात्राएं की और लोगों को संदेश दिए। 1666 में पटना साहिब में माता गुजरी और गुरु तेगबहादुर के यहां पुत्र गोविन्द राय का जन्म हुआ जो बाद में सिक्खों के दशवे गुरु गुरुगो. विंद सिंह कहलाए। उन्हीं दिनों मुगल शासक औरंगजेब हिन्दू धर्म के नाश करने पर तुला हुआ था उसने हिंदुओं पर जजिया टैक्स लगा दिया। उसने जब कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार किए वह गुरु तेग बहादुर के पास पहुंचे तब गुरुजी ने कहा कि औरंगजेब से कह दो कि अगर गुरु तेग बहादुर इस्लाम धर्म स्वीकार कर लेते हैं तो हम सब भी स्वीकार कर लेंगे तब औरंगजेब ने गुरु तेग बहादुर को दरबार में बुलाया और इस्लाम धर्म स्वीकार करने को कहा। इस पर गुरुजी ने कहा कि शीश कटा सकते हैं लेकिन केश नहीं। औरंगजेब ने चांदनी चौक दिल्ली पर 24 नवंबर 1675 को जल्लाद द्वारा तलवार से गर्दन कटवाकर गुरु तेग बहादुर को शहीद कर दिया।

वह स्थान आज गुरुद्वारा शीश गंज कहलाता है। लक्की शाह ने उनके पार्थिव शरीर को अपने घर ले जाकर पूरे घर को आग लगा दी जिसे रकाब गंज गुरुद्वारा कहते हैं। शत शत नमन। इस दौरान डॉ0 महेश कुमार गुप्ता, डॉ0 अरविन्द कुमार गुप्ता, सरदार ब्रजेश सिंह, डॉ0 नितिन कौशिक, डॉ0 निशा गुप्ता, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय रहे। कार्यक्रम व्यवस्थापक हिमांशु यादव, विकास यादव, बंटू बघेल, लोकेश यादव, सुरेशचंद्र शर्मा, सरोज कुमारी, विकास मौर्य, शिवकुमार, टीटू यादव, अरुण कुमार, सपना, प्रवीन कुमार, रूपबसंत, रामवती, पवन सिंह, राजेन्द्र मास्टर, रूपवती, अरविन्द कुमार पाल आदि मौजूद रहे।



# सीजेआई की चुनौतियां


हिसार के गांव पेटवाड़ के रहने वाले जस्टिस सूर्यकांत के सोमवार को देश के 53वें चीफ जस्टिस आफ इंडिया ( सीजेआई )के रूप में शपथ लेते ही उनके गांव में दिवाली मनाई गई। वह हरियाणा के ऐसे पहले व्यक्ति हैं, जो सीजेआई बने हैं। सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूने उन्हें शपथ दिलाई। उनकी शपथग्रहण को लेकर हिसार में वकीलों ने खुशी मनाई, हिसार में हवन कराया गया। वकीलों ने शपथग्रहण का लाइव टेलीकास्ट देखा। हिसार बार में इस दौरान ढोल बजाकर जश्न मनाया गया, जिसमें एडवोकेट्स के साथ हिसार की जिला एवं सेशन जज नताशा ने भी खुशी में डांस किया। बीआर गवई के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें सीजेआई बनाया गया है, लेकिन उनके सामने चुनौतियां बहुत है। आजकल देश में न्याय के बीच में राजनीति के आने से न्याय प्रक्रिया में अवरोध पैदा हो रहे हैं। आशा है कि श्री सूर्यकांत इस राजनीति को कानून से हटाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके सामने देश के मुद्दों को हल करके न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। क्योंकि इस समय सुप्रीम कोर्ट के एसआईआर और वोट चोरी के मामले प्रमुख रूप से चल रहे हैं। इसके अलावा और भी मुद्दे हैं, जिनका सरोकार सीधा जनता से है, उन पर भी उनकी पैनी निगाह होगी। सितंबर 2025 तक सुप्रीम कोर्ट में 88417 मामले लंबित हैं, जिनमें 69553 सिविल के हैं, जबकि 18864 आपराधिक मामले हैं। इन सबको निपटाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल आज 24 नवंबर 2025 से लेकर 9 फरवरी 2027 तक रहेगा। नवंबर महीने की शुरुआत में केंद्रीय कानून मंत्रालय में न्याय विभाग ने जस्टिस सूर्यकांत की नियुक्ति की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना जारी की थी। इस समय भारत के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है न्याय में देरी और लंबित मामलों का बढ़ता अंबार। अन्य प्रमुख चुनौतियों में न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करना, न्यायिक नियुक्तियों में पारदर्शिता और पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना और कार्यपालिका से स्वतंत्र होकर कार्य करते हुए न्यायिक अतिक्रमण से बचना शामिल हैं। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित मामले न्याय में देरी का कारण बन रहे हैं। कई मामलों को निपटाने में दशकों लग सकते हैं, जिससे लोगों में निराशा पैदा होती है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करना एक बड़ी चुनौती है, खासकर जब कार्यपालिका और विधायी निकायों से दबाव आता है। कुछ मामलों में अदालतें यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती हैं कि संसद उनके फैसलों को आसानी से न बदल सके, जैसा कि ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम के मामले में देखा गया है। न्यायिक नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और प्रतिनिधित्व का अभाव एक चुनौती है। न्यायाधीशों की संख्या में कमी और रिक्त पदों को भरना भी एक समस्या है। न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए योग्य महिला उम्मीदवारों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होना भी एक मुद्दा है। बढ़ती संख्या में मामलों के बीच जटिल संवैधानिक मामलों जैसे एसआईआर, रोहिंग्या शरणार्थी का निपटारा करना। अदालती फैसलों की आलोचना को संभालना और यह सुनिश्चित करना कि यह न्यायपालिका पर हमले में न बदले।

## निष्पक्षता पर पैदा हो सकता है शक



एक साल के लिए 1,000 डेटा एंट्री आपरेटर्स और 50 साफ्टवेयर डेवलपर्स को बाहर से रखने की बात दोनों सुझाव जोखिम भरे हैं, इससे चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होंगे, चुनाव आयोग इन दोनों मुद्दों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराए, ताकि आयोग की साख बनी रहे, नए रखे जाने वाले कर्मचारियों की काम करने की शर्तें पहले से मौजूद स्टाफ से कैसे अलग होंगी और क्या यह पूरा काम किसी राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है,,दूसरा मुद्दा प्राइवेट रेजिडेंशियल काम्प्लेक्स के अंदर पोलिंग बूथ बनाने का है, पोलिंग स्टेशन हमेशा सरकारी या अर्ध-सरकारी जगहों पर होने चाहिए, क्योंकि वे ज्यादा निष्पक्ष और नियंत्रण में होते हैं, प्राइवेट सोसाइटी में बूथ बनाने से लोगों के बीच असमानता, पहुंचने की दिक्कतें और निष्पक्षता पर शक पैदा हो सकता है। **-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# अब नहीं आएगा कोई धर्मेंद्र



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र को फिल्म फूल और पत्थर से ही-मैन नाम मिला था। बॉलीवुड में धर्मेन्द्र को ही मैन कहा जाता है। धर्मेंद को ही-मैन नाम वर्ष 1966 में प्रदर्शित फिल्म फूल और पत्थर के जरिये मिला था। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने एक सीन किया जिसमें उन्होंने शर्ट उतारी। उनकी शर्टलेस तस्वीरों ने उन्हें काफी मशहूर बना दिया। इस फिल्म से उन्हें एक्शन हीरो के तौर पर पहचान मिली। उनकी मसक्युलर बॉडी ने उनकी ही-मैन की तस्वीर को गढ़ा। उनकी टोन्ड बॉडी, जबरदस्त आत्मविश्वास और गुस्से से भरे एक्शन सीन्स ने दर्शकों को दीवाना बना दिया। फिल्म की इस जबरदस्त सफलता और उनकी दमदार, मर्दाना छवि के कारण ही इंडस्ट्री और मीडिया ने उन्हें ही-मैन ऑफ बॉलीवुड का नाम दिया।

ही-मैन केवल शारीरिक शक्ति के लिए नहीं, बल्कि जज्बे, बहादुरी और आंतरिक मजबूती को दर्शाता है। धर्मेंद्र ने न केवल अपनी शारीरिक ताकत से, बल्कि अपने किरदारों के माध्यम से भी इस उपाधि को सही साबित किया। जोखिम भरे स्टंट्स: धर्मेंद्र अपने स्टंट्स के लिए भी जाने जाते थे। उन्होंने खुद असली स्टंट्स करने का जोखिम उठाया, जैसे कि असली चीते के साथ भिड़ना, जिससे उनकी ही-मैन की छवि और मजबूत हुई।

धर्मेंद्र के जितने करीब उनके बच्चे रहे हैं, उतने ही करीब धर्मेंद्र भी अपने माता-पिता के थे। धर्मेन्द्र एक बार अपनी मां सतवंत कौर को याद करके भावुक हो गए थे। धर्मेन्द्र ने सोशल मीडिया पर एक बार अपनी मां से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा फैंस को सुनाया था। धर्मेन्द्र अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करते रहते थे। एक बार उन्होंने अपनी मां सतवंत कौर को लेकर बात की थी और बताया था कि उनकी मां उनके कपघ्ड़ चुरा लेती थीं- लेकिन, इसका इस्तेमाल वो नेक काम में करती थी। धर्मेंद्र ने एक बार सोशल मीडिया पर मां को लेकर बात करते हुए बताया था कि उनकी मां उनके कपड़े अपने गांव में जरूरतमंद लोगों को दे देती थी। धर्मेन्द्र से उनसे उनकी मां कहा करती थी कि तू इतने कपड़ों का क्या करेगा। धर्मेंद्र ने बताया था कि मैं सनी से पूछता था कि यें पैंट कहां है- सनी कहता था- बीजी ले गई- मैं जब पंजाब में कहीं जाता था तो वो वहां के लोग मुझे बोलते थे कि पाजी आपका कोट है। मेरी मां बहुत महान थी।

धर्मेंद्र ने अपने 60 साल से ज्यादा के करियर में, जबरदस्त एक्शन फिल्मों से लेकर दिल छू जाने वाले और रोमांटिक किरदारों से दर्शकों का दिल जीता है। कभी वो कॉमेडी हीरो बनकर आए तो कभी उन्होंने लोगों को रुला तक दिया। अभिनय ऐसा कि जिसने धर्मेंद्र को देखा वो खुद को उनका मुरीद होने से रोक ना सका। 8 दिसंबर, 1935 को जन्मे धरम सिंह देओल ने 1960 में फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी। उनके लुक्स, अपनी ऑनस्क्रीन अपीयरेंस और अपने स्वभाव से वह हमेशा देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक में मशहूर रहे। धर्मेंद्र की इमेज एक तरफ जहां रफ-टफ हीरो की रही, तो वहीं धरम पाजी का जलवा रोमांटिक हीरो के तौर पर भी अच्छा खास रहा।

1960 और 70 के दशक में धर्मेंद्र सुपरस्टार बने और मीना कुमारी, आशा पारेख और हेमा मालिनी समेत कई बड़ी अभिनेत्रियों के साथ उन्होंने रोमांस किया और रोमांटिक फिल्मों के जरिए वो दर्शकों के लिए रोमांस के बादशाह भी बने, तो वहीं बंदिनी, फूल और पत्थर और अनुपमा जैसी फिल्मों ने एक अभिनेता के रूप में एक नई पहचान दी। इन फिल्मों के जरिए उन्होंने पर्दे पर अपनी भावनाओं को उकेरा और एक अलग छवि भी पर्दे पर बनाई। साल 1966 में आई फिल्म फूल और पत्थर में उनकी भूमिका ने उन्हें पहली बड़ी सफलता दिलाई और एक मजबूत और संवे. दनशील हीरो बना दिया, जिसे देखने के बाद लोग मान गए कि धर्मेंद्र हर किरदार के लिए परफेक्ट हैं। साल 1975 में धर्मेंद्र को एक ऐसा स्टारडम मिला जिसके लिए उन्होंने लंबे वक्त तक इंतजार किया। दरअसल इस साल वह फिल्म शोले में नजर आए। शोले के साथ धर्मेंद्र की विरासत नई ऊंचाइयों पर पहुंची, जहां वीरू का उनका किरदार बॉलीवुड की जुंबा पर आ गया और यहीं से धर्मेंद्र को एक नया मिल गया, वीरू। इसके बाद उन्होंने चुपके-चुपके, यादों की बारात, ड्रीम गर्ल और धरमवीर जैसी कई हिट फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता और अपनी धाक बॉक्स ऑफिस पर जमाए रखी।

रोमांटिक हीरो के तौर पर काम करने के बाद उन्होंने 80 और 90 के दशक में, एक्शन और देशभक्ति फिल्मों की ओर रुख किया। धर्मेंद्र ने अपने बेटों सनी और बॉबी देओल को लॉन्च करने में मदद करते हुए अपनी उसी भूमिका को बरक. रार रखा। कभी वह फिल्मों में दादाजी बने तो कभी पिताजी बने। कुल मिलाकर ऐसा हीरो अब इस दुनिया में आना मुश्किल है।

# कोलकाता में जीवन का हर रंग

1876 में बना कोल. काता का चिड़ियाघर 16 हेक्टेयर की भूमि में फैला है। यहां बनी झील साइबेरियन पक्षियों के लिए बेहत. रीन जगह है। कोल. काता की मेट्रो भारत की पहली भूमिगत रेल थी। हालांकि यह अब तक सिर्फ यह एकतरफा रूट पर चलती है। कोलकाता ट्रामवे भारत की एक अकेली ऐसी सेवा है जो सिर्फ कोलकाता में चलती है और एशिया की सबसे पुरानी विद्युत से चलने वाली ट्राम नेटवर्क है।

भारत के दूसरे महानगरों की तरह क्या आपने रात में जगमग कोलकाता को देखा है? अगर नहीं तो किसी भी सीजन में इस ऐतिहासिक शहर को देखने का कार्यक्रम जरूर बनाएं। यह दिल्ली से पहले इस देश की राजधानी रही है। पिछले दिनों विद्या बालन की फिल्म कहानी में दर्शकों ने कोलकाता शहर को देखा है। खासकर उस गीत आमी सोत्ती बोलती में, जिसे ऊषा उत्थुप ने स्वर दिया है। इस गीत में सम्पूर्ण कोलकाता की झांकी है। जिसमें कहा गया है कि यह शहर स्ट्रॉन्ग और पावरफुल है मगर फिर भी बेबस है। इस शहर की इससे बड़ी व्याख्या क्या हो सकती है कि यह चलता रहता है, मगर कहीं जाता नहीं। दरअसल कोलकाता अपने सीने में अंग्रेजों के जुल्म से लेकर बंगाल के विभाजन के दर्द को भी समेटे हुए है। इस शहर की सड़कों पर जीवन की खुशियों से लेकर दरिद्रता की उदासी भी दिखाई देती है। बावजूद इसके यह ऐसा शहर है जहां जीवन के हर रंग हैं।

हुगली नदी के किनारे बसा यह शहर सदियों से कवियों, लेखकों, फिल्म प्रोड्यसरों और नोबेल पुरस्कार विजेता का जनक माना जाता है। एक बार इस शहर को देखने के बाद यहां की खूबसूरत यादें भुलाएं नहीं भूलतीं। कोलकाता में संस्कृति के कई रूप देखने को मिलते हैं। यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मेट्रो, सर्कुलर रेल और ग्राउंड रेल यानि हर तरह की परिवहन सुविधा है। सियालदह स्टेशन भारत का सबसे बड़ा रेल हब है। कोलकाता का इतिहास ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के समय को भी दर्शाता है। 1690 में कोलकाता में पहली बार ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी आई थी और उसने 1772 में कोलकाता को अपनी राजधानी बनाया। जॉब चारनॉक को कोलकाता का जनक कहा जाता है। 1857 में यहां पहला आधुनिक भारतीय विश्वविद्यालय बना। स्वतंत्र संग्राम के दौरान आजादी के लिए राष्ट्रीय आंदोलन की शुरुआत भी यहीं से की गई थी। कोलकाता में देखने के लिए बहुत कुछ है। यहां का विक्टोरिया मेमोरियल को दूसरा ताजमहल माना जाता है। इसे कोलकाता की शान कहा जाता है। ब्रिटिश शासक लार्ड कर्जन ने रानी विक्टोरिया को समर्पित करते हुए सफेद मकराना पत्थर से यह घर बनवाया था। आज यहां का बगीचा युवाओं के लिए बेहद लो. कप्रिय जगह है। शाम में हिंदी और बंगाली में होने वाले साउंड और लाइट शो भी देखने लायक हैं। इसके अंदर उस समय की खूबसूरत चीजें रखी गई हैं। विश्व का सबसे बड़ा बिड़ला इटालियन शैली की बेहतरीन कारीगरी है, जिसमें अनोखे जीवांश्म, मिस्र की ममी और बहुत सारी चीजें रखी गई हैं। हावड़ा ब्रिज, भारत का सबसे बड़ा पुस्तकालय नेशनल लाइब्रेरी, सांइस सिटी, ईडन गार्डन, रवींद्र सरोवर यह सब कोलकाता में देखे जा सकते हैं। 1876 में बना कोलकाता का चिड़ियाघर 16 हेक्टेयर की भूमि में फैला है। यहां बनी झील साइबेरियन पक्षियों के लिए बेहतरीन जगह है। कोलक. ाता की मेट्रो भारत की पहली भूमिगत रेल थी। हालांकि यह अब तक सिर्फ यह एकतरफा रूट पर चलती है। कोलकाता ट्रामवे भारत की एक अकेली ऐसी सेवा है जो सिर्फ कोलकाता में चलती है और एशिया की सबसे पुरानी विद्युत से चलने वाली ट्राम नेटवर्क है। इस शहर के रिक्शे भी अनोखे हैं। इन रिक्शों को इंसान खींचते हैं। हालांकि 2006 में ऐसे रिक्शों पर पांबदी लग गई थी। मगर रिक्शा यूनियन के 35 हजार सदस्य इसे आज भी चला रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि रिक्शों की दूरी कम कर दी गई है। कोलकाता में दशहरा उत्सव बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। खूबसूरत पंडाल और भव्य प्रतिमाएं दुर्गा पूजा को बेहद आकर्षक



बनाती हैं। यहां का कालीघाट मंदिर हिंदुओं का शक्ति-पीठ माना जाता है। किवदंती के अनुसार इस जगह पर देवी पार्वती की उंगली कट कर गिर गई थी और तबसे यह शक्तिपीठ बन गया। 1809 में इस जगह पुननिर्माण किया गया और अब यहां शक्ति की देवी की पूजा की जाती है। 1847 में हुगली नदी के किनारे बना दक्षिणेश्वर काली मंदिर और बेलूर मठ भी दर्शनीय है। इसके अलावा रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर और नैखोडा मस्जिद भी देखी जा सकती हैं। बिडला प्लेनेटेरियम के बगल में है संत पॉल कैथेड्रल चर्च, जो 1839 और 1847 के बीच बना था। इस गिरजाघर की खूबसूरती देखते बनती है। इसके अलावा सेंट जॉन चर्च, अरमे. नियम चर्च, ओल्डमिशन चर्च और ग्रीक औरथोडॉक्स चर्च भी देखने लायक हैं। अरमेनियम चर्च कोलकाता में ईसाइयों का सबसे पुराना गिरजाघर है। कोलकाता भारत के सभी बड़े शहरों से रेल और हवाई यातायात से जुड़ा है। इसलिए यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। किसी भी मौसम में कोलकाता घूमने जाया जा सकता है। रात हो या दिन यह शहर हर समय खूबसूरत लगता है।

# पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच एसआईआर



यशोदा श्रीवास्तव

यूपी में एस आई आर को लेकर उदासीन व लापरवाह विपक्ष के लिए पंचायत चुनाव की सरगर्मी राहत भरी है। चुनाव आयोग के गाइड लाइन के अनुसार राजनीतिक दलों को भी अपनी तरफ से बीएलओ 2 मनोनीत करने का अधिकार है। यूपी में ज्यादातर विपक्षी दल इसमें फिसड्डी दिख रहे हैं लेकिन पंचायत चुनाव में प्रधान पद के दावेदार एस आई आर को लेकर खूब सक्रीय हैं।वे एक तरह से विपक्षी दलों का काम आसान कर रहे हैं।

इसमें दो राय नहीं कि बिना किसी तैयारी के मात्र एक महीने में 25 करोड़ आबादी वाले उत्तर प्रदेश में एस आई आर कंप्लीट कर पाना बड़ी चुनौती है। इसमें विसंगतियों की जो भरमार है वह अलग। खेती किसानी और शादी विवाह के सीजन में सबकुछ भूलकर शहरी लोग हों या ग्रामीण किसान केवल अपना वोट बचाने के जतन में जुट गए हैं। चुनाव आयोग के इस अभियान में गांव के लोग जो अपेक्षाकृत जागरूक नहीं होते, एस आई आर का हिस्सा बन पाते हैं या नहीं, चुनाव आयोग का इससे कुछ लेना देना नहीं। चुनाव आयोग को यदि सचमुच इमानदारी से एस आई आर करानी होती तो वह समय, सीमा और लोगों की दिक्कतें जरूर ध्यान में रखता, लेकिन नहीं उसे तो एस आई आर की जैसे सनक सवार है। चुनाव आयोग के इस अभियान में बीएलओ से लेकर मतदाताओं को कितनी दिक्कतें हो रही है,यह बस्ती जिले के एक एसडीएम के झुंझलाहट से जाना जा सकता है जो बीएलओ की लापरवाही पर गुस्सा हो रहे थे। चुनाव आयोग द्वारा एस आई आर की



तय समय सीमा चंद रोज ही बची है। इस बीच पूरे यूपी में 50 प्रतिशत भी फार्म 6 और 7 लोगों तक नहीं पहुंच पाए हैं। नोएडा जहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बिटिया डीएम है, वहां की स्थिति तो और खराब है। खराब प्रगति से नाराज ज्ञानेश कुमार की डीएम बिटिया ने सख्त कदम उठाते हुए तमाम बीएलओ और अन्य संबंधित जनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का फरमान जारी किया है। फार्म 7 जो वोट विच्छेदन का जरूरी फार्म है, अधिकांश बीएलओ इसे जानते तक नहीं और न उन्हें ऐसा कोई प्रशिक्षण ही दिया गया। फार्म 7 के माध्यम से आप यदि दो जगह से वोटर हैं तो इच्छित एक जगह से कटवा सकते हैं। हालत ऐसी हो गई कि हर व्यक्ति अपना वोट बचाने के लिए बीएलओ को ढूंढता फिर रहा है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि बिना किसी प्रशिक्षण के बीएलओ नामित कर उसे एस आई आर फार्म थमा दिया गया। चुनाव आयोग इस अभियान की जितनी गंभीरता समझता है, बीएलओ उससे एक दम अनजान हैं। विपक्ष को इस अभियान में सत्ता पक्ष से दो कदम आगे होना चाहिए क्योंकि वोट काटने या वोट चोरी को लेकर वही सबसे ज्यादा मुखर है। यूपी में इस अभियान में विपक्ष गायब है। ऐसे में वे लोग जिन्हें अपना वोट काटे जाने का डर है, खुद ही अपने वोट की रखवाली करें। सवाल उठता है कि एस आई आर अभियान में गैर भाजपा राजनीतिक दलों की उदासीनता क्यों है? फिलहाल यूपी के लिए इसका जवाब है मैं क्यों और मैं ही क्यों? गौरतलब है की सभी राजनीतिक दलों में विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव टिकट और प्रत्याशी दोनों उहापोह में रहते हैं।

गैर भाजपा दलों के पास आर एस एस, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य तमाम हिंदू संगठनों जैसा कोई संगठन नहीं है जो निस्वार्थ भाव से अपना काम कर सके। भाजपा समर्थक इन तमाम हिंदू संगठनों को न तो चुनाव की चिंता रहती है और न ही टिकट की सो उन्हें जिस काम की जिम्मेदारी सौंपी जाती है,उसे वे पूरी इमानदारी और निष्ठा पूर्वक करते हैं। गैर भाजपा दल चाहे कांग्रेस हो सपा, बसपा या अन्य पार्टियां उनके पास कहां है ऐसा निष्ठावान व ईमानदार संगठन? इसके इतर सपा और कांग्रेस खाना पूर्ति में लगे हैं। गठबंधन की राजनीति इसमें सबसे बड़ी बाधा है। चुनाव के दरम्यान किस सीट पर गठबंधन का कौन उम्मीदवार टपक पड़ता है कोई ठिकाना नहीं। ऐसे में बड़ा पेंच हम क्यों और हम ही क्योंष्को लेकर ही फंसा हुआ है। गैर भाजपा राजनीतिक दलों के कई नेताओं से बात हुई तो यही मसला सामने आया। खासकर सपा और कांग्रेस खेमे से। यूपी में सपा और कांग्रेस अभी गठबंधन में हैं। विधानसभा चुनाव में भी यह रहेगा, इसकी संभावना ज्यादा है। जिन सीटों पर सपा के विधायक हैं वहां तो ठीक है। वे एस आई आर को लेकर सक्रीय हैं लेकिन जिन सीटों पर सपा नहीं है वहां हालत ठीक नहीं है। ऐसी सीटों पर न तो कांग्रेस सक्रीय हैं और न ही सपा। इसलिए कि मेहनत हम करें और टिकट फलां को मिल जाए! लोकसभा की कई सीटों पर सपा हारी है, वहां दूर दराज से उम्मीदवार थोप दिए गए थे, इस अभियान में वे लापता हैं। 2027 में विधानसभा चुनाव है। जिन तमाम सीटों पर सपा या कांग्रेस नहीं है, वहां का हाल बुरा है।

एस आई आर को लेकर कांग्रेस के जिला अध्यक्षों पर खासा दबाव है। केंद्रीय कार्यालय से रोज कोई न कोई निर्देश प्राप्त हो रहे हैं। प्रतिदिन कोई न कोई कांग्रेस का पदाधिकारी जिला अध्यक्षों से जूम मीटिंग कर रहा है। लेकिन वे बेचारे करें क्या,उनका संगठन ही कमजोर है। सांगठनिक तौर पर यूपी में कांग्रेस की स्थिति यही है। अब जब चार दिसंबर यानी एस आई आर की समय सीमा खत्म होने को है तो नहीं लगता कि भाजपा को छोड़ कोई अन्य दल अपनी सक्रीयता साबित कर पाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते अफगानिस्तान के वाणिज्य व उद्योग मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी।

## इजरायल ने हवाई हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर को मार गिराया

**यरूशलम।** इजरायली सेना और लेबनानी समूह ने कहा कि बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रविवार को हुए एक इजरायली हवाई हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर हेथम अली अल-तब्ताबी की मौत हो गई। यह एक हाई-प्रोफाइल हत्या है जो एक साल पुराने युद्धविराम को और तनावपूर्ण बना रही है। हिजबुल्लाह ने अल-तब्ताबी की मौत की पुष्टि की है, जिसे उसने हारेत हरेक जिले पर 'विश्वासघाती इजरायली हमला' करार दिया है। उसने कहा कि वह 'लेबनान और उसके लोगों के लिए बलिदान' देते हुए शहीद हो गया।

## एफबीआई चीफ काश पटेल ने गर्लफ्रेंड को कमांडो सुरक्षा दिलवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीक्रेट एजेंसी एफबीआई के भारतवंशी डायरेक्टर काश पटेल गर्लफ्रेंड को सरकारी सुरक्षा दिलवाने को लेकर विवादों में घिर गए हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस को स्वाट कमांडो (स्पेशल वेपन एंड टेक्टिस) सुरक्षा दी और सरकारी रिसोर्स का गलत इस्तेमाल किया। उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने 12 प्राइवेट टूर के लिए सरकारी जेट का इस्तेमाल किया। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि क्या वे टैक्सपेयर्स के पैसों से मिलने वाले रिसोर्स को निजी रिश्ते पर खर्च कर रहे हैं। एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल के शपथ ग्रहण समारोह में एलेक्सिस विल्किंस। दोनों तीन साल से रिश्ते में हैं। विवाद की शुरुआत अटलांटा में नेशनल राइफल एसोसिएशन की सालाना समिट से मानी जा रही है।

# परमाणु हथियारों की तस्करी कर रहे थे अब्दुल कादिर

## अमेरिकी खुफिया एजेंसी के अफसर का अहम खुलासा: मुशर्रफ को पता चला तो बोले: मार डालूंगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी जेम्स लालर ने पाकिस्तानी साइंटिस्ट डा. अब्दुल कादिर खान के न्यूक्लियर स्मगलिंग नेटवर्क को लेकर कई खुलासे किए हैं।

लालर ने बताया कि शुरू में अमेरिका को लगा था कि कादिर खान सिर्फ पाकिस्तान के लिए परमाणु ब्लूप्रिंट बना रहा है, लेकिन बाद में पता चला कि वह लीबिया, ईरान जैसे कई देशों को परमाणु तकनीक और हथियार बनाने का सामान अवैध तरीके से बेच रहा था। लालर ने कहा कि हम बहुत देर से जागे। हमें अंदाजा ही नहीं था कि वह इतना बड़ा तस्कर बन जाएगा। सरकार के मिलीभगत पर लालर ने कहा कि खान कुछ पाकिस्तानी जनरलों और नेताओं को रिश्वत देते थे।



सीआईए चीफ जार्ज टेनेट ने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को तस्करी की जानकारी दी: लालर

लालर ने बताया कि सीआईए चीफ जार्ज टेनेट ने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को तस्करी की जानकारी दी। मुशर्रफ ये बात सुनते ही गुस्सा हो गए और खान को गाली देते हुए जान से मार डालने की बात कही। सीआईए अधिकारी जेम्स लालर कादिर खान को 'मौत का सौदागर' बुलाते थे। कादिर खान को पाकिस्तान में न्यूक्लियर प्रोग्राम का जनक माना जाता है। वहीं, जेम्स लालर को कादिर खान के परमाणु तस्करी नेटवर्क को खत्म करने का श्रेय दिया जाता है। लालर ने बताया कि उन्होंने कादिर खान को 'मौत का सौदागर' नाम दिया था। कादिर खान का नेटवर्क इतना बड़ा था कि पूरी दुनिया में परमाणु बम बनाने की मशीनें, ब्लू-प्रिंट, सेंट्रीफ्यूज और यूरेनियम समृद्ध करने की तकनीक अवैध तरीके से सप्लाई कर रहा था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अधिकारी जेम्स लालर ने बताया कि कादिर खान ने अकेले अपने दम पर दुनिया का सबसे खतरनाक परमाणु ब्लैक मार्केट चलाया। शुरू में सीआईए को लगा कि खान सिर्फ पाकिस्तान के लिए सामान चुरा रहा है, लेकिन 1990 के दशक में पता चला कि अब परमाणु हथियार बेच भी रहा है। जेम्स लालर की टीम को खान के नेटवर्क में घुसने का काम सौंपा गया। टीम ने स्विट्जरलैंड, जर्मनी, दुबई और मलेशिया में फर्जी कंपनियां बनाईं जो बाहर से बिल्कुल असली लगती थीं। ये कंपनियां परमाणु डिवाइस बेचने का काम करने लगी। खान के लोग इस कंपनी को असली समझकर आर्डर करने आने लगे। इस तरह सीआईए ने खान के पूरे नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। लालर ने कहा कि अगर हमें तस्करों को हराना था, तो हमें खुद तस्कर बनना पड़ा। इन फर्जी कंपनियों से खराब वाले पार्ट्स भेजे जाते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉयल नेवी ने ब्रिटिश तट के पास रूसी जहाजों को रोका

**लंदन।** रॉयल नेवी ने इंग्लिश चैनल से गुजरने के बाद एक रूसी जंगी जहाज और टैंकर का पीछा कर उनको रोका है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रीलय ने कहा कि पिछले दो सालों में ब्रिटेन के समुद्री सीमा के आस-पास रूसी नौ सेना सक्रियता 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। मंत्रालय के मुताबिक, पेट्रोल वेसल एमएमएस सेवर्न ने आरएफएन स्टोइकी कॉर्वेट और उसके साथ चल रहे एक टैंकर पर उस समय नजर रखी, जब वे डोवर स्ट्रेट से गुजरे और फिर इंग्लिश चैनल से पश्चिम की ओर जा रहे थे।

### इराकी सुन्नी पार्टियों ने परिषद का गठन किया

**बगदाद।** इराक की प्रमुख सुन्नी मुस्लिम राजनीतिक पार्टियों ने हाल के संसदीय चुनावों के बाद अपनी स्थिति और एकजुटता को मजबूत करने के लिए एक एकीकृत 'राष्ट्रीय राजनीतिक परिषद' के गठन की घोषणा की है। परिषद का उद्देश्य सरकार गठन, स्पीकर के चयन और सुन्नी सहयोगी दलों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके रुख को एकजुट करना है। इसकी घोषणा सॉवरेनिटी (अल-सियादा) गठबंधन प्रमुख खामिस अल-खंजर की बुलाई गई बैठक के बाद की गई जिसने 11 नवम्बर के आम चुनाव में काफी सीटें हासिल की थीं।

### रूस ने रातों रात 93 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस के काला सागर और अजोव सागर सहित चार क्षेत्रों के पर आए यूक्रेन के 93 ड्रोनों को रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को अपने बयान में कहा कि बीती रात ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 93 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोककर नष्ट कर दिया। बयान में बताया गया कि इनमें से 45 ड्रोन बेल्गोरोद क्षेत्र के ऊपर, नौ ड्रोन क्रास्नोदार क्षेत्र में और सात ड्रोन निज्नी नोवगोरोड क्षेत्र के ऊपर मार गिराए गए।

## भारतीय रक्षा मंत्री ने सिंध को एक बार फिर ला दिया चर्चा में

# राजनाथ के बयान से पाक में बढ़ी बेचैनी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार फिर सिंध को चर्चा में ला दिया है। उन्होंने रविवार को दिल्ली में आयोजित हुए सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंध इलाके को लेकर जो कहा उसकी गूंज फौरन ही पाकिस्तान में भी सुनाई दी। सिंह ने कहा सिंध, भारत का हिस्सा भले ही न हो लेकिन सभ्यतागत रूप से हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा।

जहां तक जमीन की बात है, बार्डर तो बदल सकते हैं, क्या पता फिर से सिंध, भारत में वापस आ जाए। सिंह के इसी बयान पर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे बयान एक विस्तारवादी हिंदुत्व सोच को दिखाते हैं, जो स्थापित हकीकतों को चुनौते देते हैं और अंतर्राष्ट्रीय कानून, मान्यता प्राप्त सीमाओं और देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम राजनाथ सिंह और अन्य भारतीय नेताओं से अपील करते हैं कि वे ऐसे उकसाने वाले बयान न दें जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरे में डालते हैं। सिंह ने यह भी कहा कि विभाजन के बाद सिंधी समाज ने भारत में शून्य से शुरुआत की, लेकिन अपने परिश्रम और साहस से सफलता के नए आयाम स्थापित किए। आज भारत ही नहीं, दुनिया भर में सिंधी समुदाय समाज निर्माण के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इतिहास गवाह है कि भारत की



**कहा: सिंध, भारत का हिस्सा भले ही न हो, लेकिन सभ्यतागत रूप से हमेशा भारत का ही हिस्सा रहेगा**

**ऐसे बयान अंतर्राष्ट्रीय कानून मान्यता प्राप्त सीमाओं व देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं: पाक**

अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी इन्होंने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। गौरतलब है कि जब अंग्रेजों का भारत पर कब्जा था तो सिंध का इलाका बॉम्बे प्रांत (महाराष्ट्र-गुजरात) का हिस्सा था। जब 1947 में स्वतंत्रता मिली तो सिंध पाकिस्तान को मिल गया और सिधियों का भारत में पलायन हुआ। पंजाबियों के साथ साथ लाखों सिंधी लोग भारत आ गए। भारत पहुंचकर वे मुंबई, पुणे, अजमेर, भोपाल, दिल्ली, अहमदाबाद जैसे शहरों में बस गए। पाकिस्तान से आए सिंधी लोग आज भी यह कहते हैं, 'हम तो सिंध छोड़ आए, पर सिंध हमारे भीतर अब भी बसता है। यह घटना ठीक वैसे ही हुई जब ईरान मे इस्लाम के बढ़ते नियंत्रण के कारण वहां के मूल निवासी पारसी, अपनी जमीन छोड़ कर महाराष्ट्र-गुजरात आ बसे थे। ऐसा नहीं है कि सिंध इलाके के लोगों ने कभी भी पाकिस्तान से अपनी आजादी का सपना नहीं देखा। पाकिस्तान से बंगलादेश के अलग होने, बलूचिस्तान के अपनी आजादी के ऐलान के शोर के बीच भले ही सिंध की बढ़ती राष्ट्रवादी आकांक्षाएं उतनी न सुनाई देती हों लेकिन दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य में उनको अनसुना नहीं किया जा सकता। सिंध, जो सदियों से मानवीय सभ्यता और समृद्ध संस्कृति का केंद्र रहा है, आज एक अपने लिए एक मुल्क 'सिंध देश' की मांग के साथ एक नए मोड़ पर खड़ा है। सिंध का इतिहास ही इसकी पहचान का आधार है। यह वह भूमि है जहां भारतीय मानव सभ्यता ने सबसे पहले आंखें खोलीं। सभ्यता का जनक मोहनजोदड़ो शहर माना जाता है, जो सिंध के लरकाना जिले में स्थित है। यह तथ्य सिंध को एक अद्वितीय ऐतिहासिक महत्व प्रदान करता है। यहां के इतिहास की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी तब जुड़ती है जब यूनानी शासक सिकंदर ने यहां कब्जा किया, लेकिन उसका नियंत्रण ज्यादा नहीं चला और शीघ्र ही यह क्षेत्र बिहार के महान मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के नियंत्रण में आ गया।

## भारत ने विकसित देशों को जलवायु फंडिंग बढ़ाने की याद दिलाई

**बेलेम (ब्राजील)।** भारत ने जलवायु फंडिग बढ़ाने की दिशा में अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि विकसित देशों से वित्तीय संसाधनों के बिना विकासशील देश राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान(एनडीसी) के कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकते। उल्लेखनीय है कि एनडीसी पेरिस समझौते के तहत राष्ट्रीय जलवायु योजनाएं हैं, जो उत्सर्जन में कटौती करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लक्ष्य निर्धारित करती हैं। पेरिस समझौते के तहत सभी देश मिलकर उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए एक साथ काम करने पर सहमत हुए। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने जलवायु फंडिंग पर अनुच्छेद 9-1 को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि तीन दशक पहले रियो में किए गए वादों को अब पूरा किया जाना चाहिए। भारत ने न्यायोचित परिवर्तन तंत्र 'जस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्म' की स्थापना को कॉप-30 का महत्वपूर्ण परिणाम बताया।

## पाकिस्तान आर्मी हेडक्वार्टर में आत्मघाती हमला, छह की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार सुबह फ्रंटियर कान्स्टेबुलरी (एफसी) मुख्यालय पर हुए आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए।

पेशावर कैपिटल सिटी के पुलिस अधिकारी डा. मियां सईद ने बताया कि विस्फोट के बाद मौके का फायदा उठाकर 2 और हमलावर कांस्टेबुलरी हेडक्वार्टर के कैंपस में घुसने में कामयाब हो गए। दोनों राइफलों और हथगोले से लैस थे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावरों से मुठभेड़ की और उन्हें मार गिराया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के समय परेड चल रही थी। सईद ने बताया कि समय पर हुई कार्रवाई से हमलावरों को बड़ी घटना करने से रोकने में मदद मिली। पाकिस्तान फौज ने आरोप लगाया है कि इस हमले के पीछे भारतीय प्राक्सी फितना-उल-खवारिज जिम्मेदार है। यह शब्द पाकिस्तान तालिबान टीटीपी के लड़ाकों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। एफसी

**■ मृतकों में तीन कमांडो और तीन हमलावर भी शामिल हैं, हमले में कई लोग घायल भी हुए**
**■ रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के समय परेड चल रही थी**

पाकिस्तान की एक सिविल मिलिट्री फोर्स है, जिसका मुख्यालय एक भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित है और सैन्य कैंटोनमेंट के करीब है। एक अधिकारी ने मीडिया से कहा कि सेना और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और हालात को संभाल रहे हैं, क्योंकि हमें शक है कि हेडक्वार्टर के अंदर कुछ हमलावर हैं। हमले के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए, जिनमें दावा किया गया कि एफसी चौक मुख्य सदर में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। पाकिस्तान में हाल के महीनों में, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी घटनाओं में तेज बढ़ोतरी देखी गई है। सितंबर में भी खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में एफसी मुख्यालय पर हमले की कोशिश हुई थी, जिसमें छह सैनिक मारे गए थे और पांच हमलावरों की मौत हुई थी।

## थाइलैंड में बारिश ने 300 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

**बैंकाक।** थाईलैंड में बारिश ने 300 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इसके चलते दस राज्यों में भीषण बाढ़ आ गई है। मौसम विभाग और रायल इरिगेशन डिपार्टमेंट (आरआईडी) के मुताबिक तेज मानसून ट्रफ और लो-प्रेशर सिस्टम के कारण पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है। कई जगहों पर 24 घंटे के भीतर 300 से 500 मिमी तक बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा नुकसान सोंगखला प्रांत के हाट याई शहर में हुआ। यहां 21 नवम्बर को 335 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इससे घरों, दुकानों और सड़कों में भारी नुकसान हुआ। कई स्थानों पर लोग घरों में फंसे हुए हैं और रेस्क्यू टीमें उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाने में जुटी हैं। स्थानीय प्रशासन ने कहा है कि स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ते ही अतिरिक्त रेस्क्यू बल तैनात किए जाएंगे। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भी दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।




24 घंटे में 335 मिमी बारिश हुई

## रूस ने पोक्रोव्सक के अधिकतर हिस्से पर किया कब्जा

**मॉस्को।** पोक्रोव्स्क के ज्यादातर हिस्सों पर रूसी सेना ने नियंत्रण कर लिया है और यूक्रेनी सैनिक वहां घिर गए हैं। यूक्रेनी सैनिकों को वहां भारी नुकसान हो रहा है। डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक (डीपीएस) प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। पुशिलिन ने रोसिया 24 ब्रॉडकास्टर को बताया कि पोक्रोव्स्क की तरफ दुश्मन को कुचलने की कोशिशें जारी हैं। दुश्मन घिरे हुए हैं और उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। डीपीएस प्रमुख ने कहा कि रूसी सेना पोक्रोव्स्क के साथ-साथ दिमित्रोव (मिरनोहराद) इलाके को तेजी से आजाद कराने के लिए एक और दिशा से आगे बढ़ रही है।

# कनाडा में भारतवंशियों को मिलेगी बड़ी राहत

## अमेरिका की सख्ती का लाभ उठाने के लिए नागरिकता कानून बदलेगी कनाडा सरकार

**ओटावा।** कनाडा ने अपने नागरिकता कानून में बड़ा और बेहद अहम सुधार करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। सिटिजनशिप एक्ट में बदलाव करने वाला बिल सी-3 अब शाही स्वीकृति पा चुका है। यानी कानून बदलने की राह लगभग साफ हो गई है।

यह बदलाव खासकर उन भारतीय मूल के हजारों परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आने वाला है, जिनके बच्चे विदेश में जन्म लेने या गोद लिए जाने की वजह से नागरिकता से वंचित रह जाते थे। बिल सी-3 लागू होने के बाद, वे लोग भी कनाडाई नागरिकता पा सकेंगे, जो पहले पुराने कानूनों की वजह से बाहर रह गए थे, जबकि वे हकदार थे। किसी कनाडाई माता-पिता का बच्चा, जिसका जन्म या गोद लिए जाने की प्रक्रिया कनाडा के बाहर हुई है, अब नागरिकता पा सकेगा: यदि माता-पिता का कनाडा से ठोस संबंध साबित होता है। यह बदलाव सीधे उस पहली पीढ़ी की सीमा को राहत देता है, जिसे 2009 में लागू किया गया था। इस सीमा के कारण, यदि किसी कनाडाई माता-पिता का जन्म भी विदेश में हुआ था, तो उनके विदेश में जन्मे बच्चे को नागरिकता नहीं मिलती थी। यही नियम भारतीय मूल के कनाडाई परिवारों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ था। दिसम्बर 2023 में, ओंटारियो सुपीरियर कोर्ट ने इस नियम को असंवैधानिक बताया था और कहा था कि इससे बच्चों के अधिकार गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं। सरकार ने कोर्ट के फैसले को चुनौती नहीं दी, बल्कि माना कि यह नियम आधुनिक परिवारों की वास्तविकताओं से मेल नहीं खाता। कनाडा की इमिग्रेशन मंत्री लेना मेतलेगे दियाब ने कहा कि यह बिल हमारे नागरिकता कानून में पुराने घावों को भरेगा। यह उन परिवारों के लिए न्याय लेकर आएगा जिनके बच्चों को पहले की गलतियों की वजह से नागरिकता नहीं मिल पाती थी। 'लॉस्ट कैनेडियन्स' के संस्थापक डॉन चैपमैन ने भी कहा कि सरकार ने आधुनिक, वैश्विक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए यह सुधार कर सही कदम उठाया है। यह बिल अब पूरी तरह से तैयार है, लेकिन इसे लागू करने की तारीख कनाडाई सरकार ऑर्डर इन काउंसिल के जरिए जल्द घोषित करेगी। तब तक पुराने नियम से प्रभावित लोगों के लिए अंतरिम व्यवस्था लागू रहेगी।



दिसम्बर 2023 में ओंटारियो सुपीरियर कोर्ट ने इस नियम को असंवैधानिक बताया था

# इजरायल में 9 टॉप अफसर सेना से बर्खास्त

## दो साल पहले हमास का हमला रोकने में नाकाम रहे थे, 1200 इजरायलियों की जान गई थी

**तेल अवीव।** इजरायल में 9 टॉप सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के चीफ आफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जामिर ने कहा कि ये अधिकारी हमास के हमले को रोकने में नाकाम रहे थे। 7 अक्टूबर 2023 को हुए इस हमले में 1200 से ज्यादा इजरायली लोगों की मौत हुई थी।

इजरायल में हमास हमले को लेकर हुई सुरक्षा चूक और उसकी निष्पक्ष जांच को लेकर रविवार को प्रदर्शन हुए। इसमें कम से कम 5 लाख लोग शामिल हुए। इसके बाद से सरकार पर इन अधिकारियों को बर्खास्त करने का दबाव बढ़ गया था। आईडीएफ चीफ जामिर ने रविवार को इन अफसरों को मीटिंग के लिए बुलाया और उनकी बर्खास्तगी का फैसला सुनाया। इस दौरान कई अफसरों को फटकार भी लगाई गई। जामिर ने कहा कि वे एक्सपर्ट की जांच रिपोर्ट के आधार पर कमांडरों के खिलाफ फैसले भी लेंगे। हालांकि बर्खास्त किए गए ज्यादातर अधिकारियों ने पहले ही सेना छोड़ दी है। जिन अधिकारियों को फटकार लगी है, वे अपनी मौजूदा पोस्ट पर अपना कार्यकाल पूरा होने तक काम करते रहेंगे। अपने फैसले के बाद आईडीएफ चीफ ने बयान जारी कर कहा: ऐसे फैसले लेना आसान नहीं है, क्योंकि ये उन लोगों को प्रभावित करते हैं जिन्हें मैं बहुत मानता हूं और जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी देश की सुरक्षा में लगा दी। उन्होंने आगे कहा कि मैं इनके साथ दशकों तक लड़ाइयां लड़ चुका हूं। इसके बावजूद मेरे सामने जिम्मेदारी तय करने का कर्तव्य है। ये फैसले हम खुद नहीं चुनते बल्कि बतौर कमांडर हमें उठानी पड़ती है। आईडीएफ चीफ ने आगे कहा कि अगर हम जिम्मेदारी तय नहीं करेंगे, तो सिस्टम पर लोगों का भरोसा कम होगा। यह भरोसा ही हमारी लड़ाई, हमारी जीत और देश की रक्षा की नींव है। जामिर ने यह भी कहा कि जिन अफसरों को बर्खास्त या फटकारा गया है, वे हमारे बेहतरीन कमांडरों में से हैं। इन सभी ने अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा आईडीएफ और इजरायल के लिए दिया है।



बर्खास्त किए गए ज्यादातर अधिकारियों ने पहले ही सेना छोड़ दी है

## चीन ने अरुणाचल में जन्मी महिला का पासपोर्ट इनवैलिड बताया

**बीजिंग।** ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय मूल की महिला पेम वांगजाम ने आरोप लगाया है कि चीन के शंघाई एयरपोर्ट पर चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें घंटों तक रोके रखा और परेशान किया। प्रेमा ने कहा कि चीनी अधिकारियों ने उनका भारतीय पासपोर्ट मानने से इन्कार कर दिया, क्योंकि उसमें जन्मस्थान के तौर पर अरूणाचल प्रदेश लिखा हुआ था। वह 21 नवम्बर को लंदन से जापान जा रही थी।

शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट पर उनका 3 घंटे का ट्रांजिट था। पेम ने आरोप लगाया कि इमिग्रेशन काउंटर पर अधिकारियों ने उनका पासपोर्ट 'इनवैलिड' बता दिया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है। उनसे 18 घंटे पूछताछ की गई और उनका मजाक उड़ाया गया। पेम ने पीएम मोदी और दूसरे सीनियर अधिकारियों को इससे जुड़ी शिकायती चिट्ठी लिखी है और इस बर्ताव को भारत की संप्रभुता और अरूणाचल प्रदेश के नागरिकों का अपमान बताया है। पेम ने आरोप लगाया कि उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया और लीगल वीजा होने के बावजूद उन्हें जापान जाने वाली अगली फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया गया। पेम ने यह भी आरोप लगाया कि वहां मौजूद कई इमिग्रेशन अधिकारी और चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के कर्मचारी उनके साथ मजाक करते रहे, हंसते रहे और उससे चीनी पासपोर्ट के लिए अप्लाई करने का तंज कसा।

**■ चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने कहा: ये राज्य चीन का हिस्सा महिला ने पीएम मोदी को शिकायती चिट्ठी लिखी**

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108